# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com भोपाल, गुरुवार 4 जनवरी 2024






नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

(प्रदेश का सबसे बड़ा व्यावसायिक आयोजन)

# ग्वालियर व्यापार मेला

एवं

(गौवंश के संरक्षण व संवर्धन के लिए)

# गौशाला, लाल टिपारा

## का उद्घाटन

# डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा

तथा

# ग्वालियर संभागीय समीक्षा बैठक

ग्वालियर मेला केवल मेला नहीं बल्कि हमारे प्रदेश की संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। यह मेला प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से रोज़गार देने के साथ प्रदेश में व्यावसायिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला अहम माध्यम है। इसे भविष्य में और विशाल स्वरुप में आयोजित किये जाने के लिये आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।

\- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

**4 जनवरी, 2024**
**अपराह्न 3:00 बजे**

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

D-11161/23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com भोपाल, गुरुवार 4 जनवरी 2024


**डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने बनाई है यह फिल्म**




## 12 मिनट 41 सेकंड की शॉर्ट फिल्म में दिखाया 500 साल के संघर्ष को

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यह सर्वविदित है कि रामलला को लेकर असत्य पर सत्य की जीत और भारतवर्ष में धर्म की स्थापना के लिए करीब 500 साल का संघर्ष हुआ।

ऐसे ही 500 साल के संघर्ष की गाथा को एक शॉर्ट फिल्म में दर्शाया जाएगा। करीब 12 मिनट 41 सेकंड की इस शॉर्ट फिल्म में रामलला की कहानी को बड़े ही खूबसूरती से दर्शाया गया है। यह फिल्म मशहूर टीवी सीरियल चाणक्य के डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने बनाई है। जिसका नाम 'श्रीराम जन्मभूमि की विजयगाथा' है।

**'श्रीराम जन्मभूमि की विजयगाथा' को एक दिन में मिले 47 लाख व्यूज**

**किन परिस्थितियों में हो पाया राम मंदिर निर्माण**

डॉ. द्विवेदी ने फिल्म में 1528 ई. से लेकर आज तक की कहानी को दिखाया कि कैसे बाबर के सेनापति ने राममंदिर को ध्वस्त किया था, राजाओं व आम लोगों ने राममंदिर की लड़ाई कैसे और किन संकटों के बीच लड़ी और अंत में राम मंदिर का बनना कैसे संभव हो पा रहा है। फिल्म में डॉ. द्विवेदी ने स्वयं आवाज दी है। लघु फिल्म में 1947 के बाद आजाद भारत में अयोध्या के राम मंदिर को लेकर महसूस किए गए श्रद्धा के उफान को दर्शाया गया है।

## अयोध्या नगरी को 'रामानंद सागर की धरोहर' से राममय करने में जुटी योगी सरकार

# सात स्थानों पर हो रहा रामायण धारावाहिक का विशेष प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार रामनगरी अयोध्या का न सिर्फ भौतिक, बल्कि आध्यात्मिक रूप से विकास सुनिश्चित कर रही है।

भावी पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत से अवगत हो और उन मूल्यों से जुड़ाव महसूस कर सके, इसके लिए योगी सरकार 1987 में पहली बार प्रसारित हुए रामानंद सागर कृत 'रामायण' टीवी धारावाहिक का भी अयोध्या में लगभग सात स्थानों पर विशेष प्रसारण करा रही है। राम नगरी में रामायण का ⏩ शेष पेज 2 पर




अयोध्या में विकास कार्यों को गति देने में जुटे श्रमिक अपने दिन भर का कार्य पूरा करके जब घर लौटते हैं तो रास्ते में वह इस प्रसारण को देखकर नई ऊर्जा से भर उठते हैं





### *सर्द रातों में भी सिर चढ़कर बोल रही आस्था*

*उत्तर प्रदेश के सूचना व जनसंपर्क विभाग की तरफ से रामायण का प्रसारण किया जा रहा है। लोगों की आस्था सर्द रात में भी सिर चढ़कर बोल रही है। खास बात यह है कि खुले आसमान के नीचे कड़ाके की सर्दी के बीच भी जब रामायण के प्रसिद्ध प्रसंगों का प्रसारण होता है एक बार चलती सड़क पर जनमानस भी ठिठक जाता है और वह प्रसंग देखकर भाव-विह्वल हो जाते हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत अयोध्या में विकास कार्यों को गति देने में जुटे श्रमिक अपने दिन भर का कार्य पूरा करके जब घर लौटते हैं तो रास्ते में वह इस प्रसारण को देखकर नई ऊर्जा से भर उठते हैं और अगले दिन नई उमंग से राम कार्य को पूर्ण करने के लिए काम पर चल देते हैं। रामानंद सागर कृत रामायण के भक्तिगीत व भजन भी रामनगरी में जमकर गूंज रहे हैं। रवींद्र जैन के सुमधुर आवाज में निरंतर 'रामभक्त ले चला रहे* ⏩ शेष पेज 2 पर


inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### यशस्वी इमर्जिंग प्लेयर के लिए नॉमिनेट



**नई दिल्ली।** आईसीसी मेन्स इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए चार खिलाड़ियों को नॉमिनेट किया गया है, भारत की तरफ से बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का भी नाम शामिल है। इसके अलावा न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र, साउथ अफ्रीका के गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी और श्रीलंका के गेंदबाज दिलशान मधुशंका भी शामिल हैं।

### इंडिगो फ्लाइट की पटना में इमरजेंसी लैंडिंग



**पटना।** दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। बुधवार की दोपहर इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई 2074 में तकनीकी खराबी आ गई जिसके कारण इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट में 187 यात्री सवार थे, सभी सुरक्षित हैं। इसमें बिहार के मंत्री संजय झा भी मौजूद थे।

### सस्ता नहीं होगा पेट्रोल डीजलः हरदीप पुरी



**नई दिल्ली।** साल 2023 के आखिरी हफ्ते में ये खबर आई थी कि केंद्र सरकार नए साल में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती कर सकती है। लेकिन अब इस खबर को सरकार ने ही अफवाह करार दिया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने बुधवार को कहा कि ईंधन की कीमतों में कटौती का कोई प्रस्ताव नहीं है, ये केवल अफवाह है।

**आप ने नोटिस को बताया 'अवैध'**

## ईडी के समन पर तीसरी बार भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**केजरीवाल ने कहा** इसे वापस लिया जाए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल एक बार फिर पेश नहीं होंगे। यह तीसरी बार है जब सीएम केजरीवाल ईडी के समन पर पूछताछ के लिए नहीं पहुंचेंगे। आम आदमी पार्टी ने कहा कि ईडी का यह नोटिस ही गैर-कानूनी मानते।

आप के अनुसार ईडी की नीयत केजरीवाल को गिरफ्तार करने की है। ईडी का समन अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार से रोकना चाहते हैं। यही वजह है कि चुनाव से ठीक ⏩ शेष पेज 2 पर



**केजरीवाल बोले-मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं**

'आप' प्रमुख ने यह भी कहा था कि उन्होंने अपना जीवन पारदर्शिता और ईमानदारी से जीया है और उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। केजरीवाल ने मामले के जांच अधिकारी को लिखे एक पत्र में कहा था कि व्यक्तिगत पेशी के लिए उनके खिलाफ जारी किया गया नोटिस कानून के अनुरूप नहीं है और इसे वापस लिया जाना चाहिए।

**दिल्ली में दो और भ्रष्टाचार के केस**

दोनों मामलों में उप-राज्यपाल ने दी मंजूरी

## 223 करोड़ के घपले में सीबीआई करेगी जांच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के वन विभाग में 223 करोड़ रुपए के कथित भ्रष्टाचार मामले की अब सीबीआई जांच करेगी। इसके लिए उपराज्यपाल ने मंजूरी दे दी है। वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार के वन विभाग में दो अधिकारियों के



खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई द्वारा जांच की अनुमति दे दी है। दो सीनियर महिला स्वास्थ्य अधिकारियों ⏩ शेष पेज 2 पर

### राजधानी के सबसे पॉश इलाके अरेरा कॉलोनी में बड़ी वारदात

अनुश्री अस्पताल के पीछे ई-4 अरेरा कॉलोनी में शाम करीब 6.50 बजे की घटना

# ज्वेलर्स के घर में घुसे तीन नकाबपोश बदमाश, 1 करोड़ से अधिक की लूट

*वारदात के बाद भागने के दौरान वहां पास के गार्ड ने एक बदमाश को पकड़ लिया। पुलिस पकड़े गए संदेही से पूछताछ कर रही है, पुलिस का दावा है कि जल्द बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

**आसपास के मकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस ने कब्जे में लिए**



**रात 1 बजे तक का अपडेट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के सबसे पॉश इलाके अरेरा कालोनी ई-4 में रहने वाले एक ज्वेलर्स के घर शाम को तीन नकाबपोश बदमाश घुस गए। और महिला को चाकू अड़ाकर जेवरात उतरवा लिए और अलमारी में रखे 1 करोड़ रुपए से अधिक लूटकर भाग निकले। घर से बाहर भागते समय दूसरे बंगले में तैनात चौकीदार ने एक संदेही को दबोच लिया।

सूचना मिलते ही हबीबगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। देर रात तक मामले की जांच जारी रही। जानकारी के अनुसार अनुश्री अस्पताल के पीछे ई-4, अरेरा कालोनी में रहने वाले सुशील धनवानी सर्राफा कारोबारी हैं। उनकी न्यू मार्केट में अनमोल ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। बुधवार शाम को सुशील और उनके ⏩ शेष पेज 2 पर

बदमाशों ने पहले डोर बेल बजाई और दरवाजा खुलते ही महिला की गर्दन में चाकू अड़ाया और मुंह दबाकर पटक दिया फिर अलमारी को तोड़कर कैश लेकर फरार हो गए।





हबीबगंज थाने में बैठा संदेही युवक।

### लेबर समझकर खोल दिया दरवाजा



कारोबारी के बेटे गोल्डी धनवानी ने बताया कि घर में कुछ दिनों में शादी है, पूरा परिवार इसमें व्यस्त है। घर में काम भी चल रहा है। जिससे लेबरों का आना जाना बना रहता है। बदमाशों ने गेट पर बेल बजाई और बोला कि घर में मोटर छूट गई, तो मां को लगा कि ये मजदूर हैं और दरवाजा खोल दिया। मां के गले में चाकू अड़ाकर मुंह दबाकर पटक दिया और अलमारी की चाबी मांगी। जब चाबी की जानकारी नहीं होने की बात कही तो अलमारी तोड़ दी। बेची गई जमीन से मिली रकम ले गए। बदमाशों ने मंकी कैप और नकाब व ग्लब्स भी पहन रखे थे।

**महज 6 मिनट के भीतर दिया वारदात को अंजाम**

यह पूरी वारदात घर के सामने वाले बंगले में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। कैमरे में दिख रहा कि शाम 6.50 बजे बदमाश अंदर दाखिल हुए और 6.56 बजे बाहर निकले। इस दौरान सामने वाले बंगले का चौकीदार बाहर टहल रहा था। उसने धनवानी के बंगले पर अनजान लोगों को देखा तो पूछताछ के लिए मौके पर पहुंचा। संदेह होने पर उसने एक बदमाश को पड़ना चाहा तो वह धक्का देकर भाग गया। इसी बीच बंगले के अंदर से कीर्ति की आवाज सुनाई दी। उसके बाद चौकादीर ने अन्य लोगों की मदद से दूसरे बदमाश को दबोच लिया, लेकिन उसका साथी भागने में सफल रहा।

**पान की गुमठी चलाता है संदेही**

गोल्डी ने बताया कि पकड़ा गया संदेही कॉलोनी के पास ही पान की गुमठी चलाता है। वह भी सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों के साथ नजर आ रहा है और उसका नाम देवा है जिसके पास से मोबाइल भी बरामद हुआ है।

## मादा चीता आशा ने तीन शावकों को दिया जन्म




*श्योपुर। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से नए साल में एक नई खुश कर देने वाली खबर सामने आई है। आर थिरूकुलर, डीएफओ, कूनो श्योपुर ने 'हरिभूमि' को बताया कि कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता आशा ने 26 दिसंबर को तीन स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इससे चीता प्रोजेक्ट ने अपनी सफलता* ⏩ शेष पेज 2 पर

**रामलला की मूर्ति पर दिग्विजय का बयान**

## जिस रामलला की मूर्ति पर सारा झगड़ा हुआ, वो मूर्ति कहां है?

◆ दर्शन के लिए न्योते की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं।

रामलला की मूर्ति को लेकर चर्चा तेज है। इस बीच कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का बड़ा बयान



सामने आया है। अयोध्या राम मंदिर पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा, ...जिस राम लला की मूर्ति पर सारा झगड़ा हुआ, वो मूर्ति कहां है? वो मूर्ति स्थापित क्यों नहीं हुई?... नई मूर्ति की आवश्यकता क्या पड़ी? प्राण ⏩ शेष पेज 2 पर

**लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा एक्टिव मोड में**

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कई मोर्चों के प्रभारी नियुक्त किए

सुनील बंसल युवा मोर्चा के प्रभारी बनाए गए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस साल होने जा रहे लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को पार्टी में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कई मोर्चों के प्रभारी नियुक्त किए हैं। नड्डा ने युवा मोर्चा, महिला मोर्चा,



किसान मोर्चा, एससी मोर्चा, ओबीसी मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारियों की नियुक्ति को मंजूरी दी है। बता दें कि नड्डा ने पिछले महीने के आखिरी हफ्ते में भाजपा की दो दिवसीय बैठक बुलाई थी और ⏩ शेष पेज 2 पर

***पीएम मोदी ने कहा** कि एक ऐसा देश जो पीछे छूटा हुआ महसूस करता था, अब हम एक ऐसा देश बन गए हैं जो आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है*

# मैं अपने सभी फैसले 'राष्ट्र प्रथम' के नजरिए से लेता हूं

माखन पर लकीर तो सब खींच लेते हैं। खींचनी है तो पत्थर पर लकीर खींचो। कठिन है तो क्या हुआ, शुरुआत तो करें। मैं इसी पर विश्वास करता हूं, जो मुझे कठिन और असुविधाजनक कार्यों को करने का दृढ़ विश्वास देता है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मदी का कहना है कि 2023 में भारत का तेजी से आगे बढ़ना बहुत महत्वपूर्ण रहा है क्योंकि यह विकसित भारत की हमारी यात्रा की दिशा तय करता है। हमने अपने राष्ट्र की गुप्त क्षमता को उजागर किया है। वैश्विक मंचों पर अब भारत की उपस्थिति और योगदान की मांग की जाती है। एक ऐसा देश जो पीछे छूटा हुआ महसूस ⏩ शेष पेज 2 पर

### जमीनी हकीकत जानकर नीतियां-रणनीतियां बनाता हूं



पीएम ने कहा कि जब भारत मंडपम पर काम शुरू हुआ तो किसी ने नहीं सोचा था कि यहां जी-20 होगा। लेकिन मैं एक योजना के साथ काम कर रहा था। अगर मैं नए संसद भवन या गरीबों के लिए 40 मिलियन घरों की दिशा में काम करता हूं, तो मैं इसे समान योजना और समर्पण के साथ करता हूं। नीति-निर्माण के प्रति मेरा दृष्टिकोण थोड़ा अलग है। मैं सभी अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों की बात सुनता हूं और उनकी सलाह, ⏩ शेष पेज 2 पर

### मोदी की गारंटी, मैं खुद को उससे 'बांध' लेता हूं

पीएम ने कहा कि मेरे लिए, गारंटी केवल शब्द या चुनावी वादे नहीं हैं, यह मेरी दशकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। यह समाज के प्रति संवेदनशीलता की अभिव्यक्ति है। जब मैं 'गारंटी' के बारे में बात करता हूं तो मैं खुद को उससे बांध लेता हूं। यह मुझे सोने नहीं देता, यह मुझे और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है, यह मुझे देश के लोगों के लिए अपना सब कुछ देने के लिए प्रेरित करता है। तो कृपया गारंटी का शब्दकोश अर्थ न खोजें।

**खंडवा में 70 किलो मांस जब्त, युवती पर केस दर्ज**

## दावत के लिए पकाया जा रहा था गोवंश पुलिस ने मांस और कटे हुए पैर किए जब्त

◆ 8 कटे हुए पैर और फ्रिज से 10 किलो कच्चा मांस किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

सगाई की दावत में प्रतिबंधित मांस पकाने पर पुलिस ने करीब 70 किलो मांस जब्त किया है।

मामले में पुलिस ने जिस युवती की सगाई हो रही थी उस पर भी प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार जावर थाना क्षेत्र के ग्राम



मुंदवाड़ा में मंगलवार दोपहर पुलिस टीम चोरी के एक मामले में दबिश देने गई थी। यहां फोकटपुरा बस्ती में सगाई की दावत के लिए प्रतिबंधित गोमांस पकाए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तो ⏩ शेष पेज 2 पर

**गांव के जावेद ने दिया था मांस**

मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बयान व विवेचना के बाद महिला और अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया जाएगा। आरोपी यासरा की मां शबनम बी ने बताया कि गांव के जावेद ने उसे मांस लाकर दिया था। प्रतिबंधित मांस जब्त करने वाले मामले में पुलिस ने फिलहाल एक ही आरोपी बनाया है। बताया जाता है कि मुख्य सरगना पर पुलिस अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया है।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




कोहरे के आगोश में सिमटा स्मार्ट सिटी का अटल पथ सुबह 8:30 बजे

**आज भी 21 जिलों में बूंदाबांदी के आसार 12 बजे तक रहेगा घना कोहरा**

**बूंदाबांदी से तीन डिग्री तक गिरा दिन का तापमान**

**शिवपुरी**
प्रदेश में सबसे ठंडा
शिवपुरी : 14 डिग्री

------------

**सबसे गर्म**
खंडवा : 29.1 डिग्री

**कोल्ड-डे : भोपाल सहित प्रदेश के दो दर्जन जिलों में दोपहर 12 बजे तक छाया रहा कोहरा, इस बीच होती रही बूंदाबांदी**

# कोहरे में 'बारिश'

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पूरे प्रदेश में ठंड का असर बढ़ गया है। बुधवार को बारिश और बूंदाबांदी की वजह से प्रदेश के दो दर्जन जिलों में दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा, जिससे पचास मीटर से भी कम विजिबिलिटी रही। यानी शून्य दृश्यता रही। गुरुवार को भी भोपाल, छतरपुर, सीहोर, रायसेन में घना ▶▶शेष पेज 2 पर



स्थान: करोंद मंडी

**सर्द हवाएं ठिठुराती रहीं**

भिंड, मुरैना, श्योपुर कलां, ग्वालियर, दतिया, गुना, अशोक नगर, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, सागर, छतरपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, आगर, शाजापुर, राजगढ़, भोपाल, विदिशा, सीहोर और रायसेन में मध्यम से घना कोहरा रहा। देवास, झाबुआ, अलीराजपुर, उत्तरी धार, इंदौर, पन्ना, दमोह, सतना, रीवा, मऊगंज, मंडला और नर्मदापुरम में हल्के से मध्यम कोहरा रहा। यहां न्यूनतम विजिबिलिटी 50 मीटर दर्ज की गई है। हालांकि दोपहर 12 ▶▶शेष पेज 2 पर

**इन जिलों में आज भी होगी बारिश**

अगले 24 घंटे में मध्यप्रदेश के कई जिलों में मौसम बदला रहेगा। भोपाल, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, आगर, उज्जैन, शाजापुर, देवास, इंदौर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर में हल्की बारिश होने के आसार हैं।



भदभदा रोड: बारिश के दौरान सुबह 9 बजे अंधेरा छा गया।

संस्कारधानी में 'सरकार' : जबलपुर में हुई कैबिनेट बैठक में सीएम की अध्यक्षता में लिए गए 'बड़े फैसले'

# ग्वालियर मेले में 50% छूट, श्रीअन्न उगाने वालों को प्रति किलो पर 10 रुपए मिलेंगे

रानी दुर्गावती व रानी अवंतिका बाई लोधी के नाम पर पुरस्कार दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र कैबिनेट ने ग्वालियर व्यापार मेले में बिक्री पर 50 फीसदी विक्रय कर में छूट देने के निर्णय को मंजूरी दे दी। इस मेले में प्रति वर्ष करीब 500 करोड़ रुपए का व्यापार होता है। उप्र व राजस्थान से वाहन खरीदने वाले लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। सेंट्रल इंडिया का यह सबसे बड़ा वाहन मेला माना जाता है।

इस छूट का फायदा स्थानीय व अन्य लोग भी ले सकेंगे। कैबिनेट की बैठक बुधवार को जबलपुर स्थित शक्ति भवन में आयोजित हुई। बैठक में शामिल होने के लिए सभी मंत्री व वरिष्ठ अधिकारी जबलपुर पहुंचे थे। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों के बारे में वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पत्रकारों को बताया कि ग्वालियर व्यापार मेले में खरीदारी करने ▶▶शेष पेज 2 पर

भाजपा के संकल्प-2023 में तेंदूपत्ता तोड़ने वाले आदिवासी भाइयों के लिए प्रतिमानक बोरा 4 हजार करने का संकल्प लिया था। सरकार ने इस निर्णय पर मुहर लगा दी है।

ग्वालियर मेले में प्रति वर्ष करीब 500 करोड़ रुपए का व्यापार

सरकार का उद्देश्य सिंचाई का रकबा 45 हजार हेक्टेयर से 63 लाख हेक्टेयर ले जाने का



**दोनों रानियों के जीवन पर आधारित पाठ्यक्रम शुरू होगा, फेलोशिप भी मिलेगी**



जबलपुर में सीएम ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

विजयवर्गीय ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रानी दुर्गावती व रानी अवंतिका बाई लोधी के साहस व वीरता को आदर्श मानकर उनके नाम से प्रति वर्ष पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। यह पुरस्कार ऐसी महिलाओं को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करके समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है। दोनों महान रानियों के जीवन पर आधारित फिल्में भी बनाकर दिखाई जाएंगी। विश्वविद्यालय में फेलोशिप की शुरूआत भी की जाएगी। दोनों रानियों के जीवन पर आधारित पाठ्यक्रम को यूनिवर्सिटी और कॉलेज में शामिल किया जाएगा। उन पर अध्ययन करने के लिए विद्यार्थियों को फेलोशिप दी जाएगी।

जिलों में भी ओपन जेल बढ़ाई जाएगी, अच्छे आचरण वाले कैदियों का मानवीय पक्ष देखें

**15 जनवरी तक थानों की सीमाओं का करें निर्धारण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर संभाग की कानून व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जिलों में पुलिस थानों की सीमाओं का निर्धारण 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाए। इसके लिए एसडीएम स्तर पर सभी जनप्रतिनिधियों की बैठक कर विचार-विमर्श किया जाए। थानों की सीमाओं के प्रारंभिक निर्धारण के बाद दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जाए। 15 जनवरी तक सीमा निर्धारण संबंधी सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि प्रभावी और आदतन गुंडे और बदमाशों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन पर शिकंजा कसा जाना ज्यादा जरूरी है, ताकि निचले स्तर तक यह संदेश पहुंचे कि आपराधिक कृत्यों में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। सीएम ने कहा कि केवल छोटे अपराधियों के विरुद्ध ही कार्रवाई नहीं हो। बल्कि बड़े आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जबलपुर एडीजीपी उमेश जोगा ने बताया कि रेंज में कुल 154 की जमानत निरस्त की गई है।

12 घंटे पहले पूछी थी ड्राइवर की 'औकात'

# सुबह ही 'नप' गए कलेक्टर कान्याल मुख्यमंत्री ने कहा-ये भाषा अनुचित है

सीएम ने कहा
ऐसे अफसरों को नहीं मिलेगी मैदानी पोस्टिंग



विवाद पर कलेक्टर ने कहा था कि ड्राइवर ने गलत तरीके से बात की थी,उसे समझाना पड़ा



ऋजु बाफना बनी शाजापुर की नई कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶शाजापुर/भोपाल

शाजापुर कलेक्टर किशोर कन्याल को राज्य सरकार ने आखिर हटा दिया है। उनकी जगह नरसिंहपुर कलेक्टर ऋजु बाफना को शाजापुर भेजा है। बस-ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के दौरान मंगलवार को एक बैठक में कन्याल और ड्राइवरों के बीच गरमा-गरमी हो गई थी।

उन्होंने ड्राइवर से कहा था कि समझ क्या रखा है? क्या करोगे तुम, तुम्हारी औकात क्या है? इस पर ड्राइवर ने कहा कि यही तो हमारी लड़ाई है, हमारी कोई औकात नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टर कन्याल की भाषा को काफी आपत्तिजनक माना और उन्हें तत्काल हटाने का निर्देश दे ▶▶शेष पेज 2 पर

कन्याल ने बाद में सफाई भी दी

**मेरा उद्देश्य किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था**

कन्याल ने अपनी सफाई में कहा था कि मेरा उद्देश्य किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था। जिले में किसी को भी कानून व्यवस्था तोड़ने नहीं दिया जाएगा। आमजन की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है और किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं होने देंगे। कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेंगे। बाद में कन्याल ने माफी भी मांग ली थी।


inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**असमः ट्रक से भिड़ी बस 14 की मौत, 27 गंभीर**

**गुवाहाटी।** असम में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। यहां के डेरागांव में 45 लोगों को ले जा रही एक बस ट्रक से भिड़ गई। इस



हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 27 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस का कहना है कि बस में बैठे लोग पिकनिक पार्टी के लिए अठखेलिया से बलिजान की तरफ जा रहे थे। रास्ते में ही यह बस एक ट्रक से टकरा गई।

सरल बी-टेक की पढ़ाई पूरी कर चुका था और यूपीएससी की तैयारी कर रहा था

*केरवा डैम की नहर में श्वान के गिरने के बाद चेन बनाकर उसे बचाने का प्रयास करते समय हादसा*

# पालतू श्वान को बचाने के लिए युवक ने दी 'जान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित केरवा डैम की नहर में बुधवार सुबह डूबने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के समय युवक के साथ उसकी दो दोस्त और पालतू श्वान मौजूद था। श्वान नहर में गिरा और उसे बचाने के प्रयास में यह हादसा हुआ।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक का शव बाहर निकाल लिया है। पुलिस पीएम के बाद परिजन को शव सौंप चुकी है। हादसे के बाद युवतियां काफी सहमी हुई है और कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। एएसआई अंतराम यादव ने बताया कि सरल



नगर निगम के गोताखोरों ने गहरे पानी से शव को बाहर निकाला।

निगम पिता सुधीर निगम (23) बी-15 सागर, होम्स, चूनाभट्टी में रहता था। वह बीटेक की पढ़ाई पूरी कर चुका था और यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। उसके पिता सुधीर निगम निजी कॉलेज से प्रोफेसर पद से रिटायर्ड हैं। गुरुवार सुबह सरल अपनी दो दोस्तों जया और आसमी के साथ केरवा डैम घूमने पहुंचा था। तीनों फॉरेस्ट के ▶▶शेष पेज 2 पर

**करीब दो घंटे बाद निकाला शव**

घटना की सूचना मिलने के बाद रातीबड़ पुलिस की टीम गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंची और सुबह करीब साढ़े 11 बजे के आसपास सरल का शव बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई यादव का कहना है कि हादसे के बाद जया और आसमी सदमे में और कुछ भी कह नहीं पा रही हैं। पुलिस उनसे जल्द ही पूछताछ करेगी।

**नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी किए दिशा-निर्देश**

*रद्दीकरण के मामले में एयरलाइंस या तो वैकल्पिक उड़ान प्रदान करेगी या हवाई टिकटों की पूरी वापसी के अलावा मुआवजा भी प्रदान करेगी।*

# उड़ानें रद्द होने और देरी के मामले में यात्रियों को मिलेगी 'राहत'



बड़ी खबर

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

विमान यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। दरअसल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कोहरे और अन्य परिचालन संबंधी मुद्दों के कारण उड़ानें रद्द होने और देरी को लेकर एयरलाइंस और ऑपरेटरों से यात्रियों के साथ न्याय करने को कहा है। बुधवार को यह सलाह विमानन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सभी ▶▶शेष पेज 2 पर

**सख्ती से होगा दिशा-निर्देशों का पालन**

ऑपरेटर प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों और एयरलाइंस के साथ एक बैठक में विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने खुद ऑपरेटरों से उड़ान रद्द करने या देरी और रिफंड नीतियों के मामले में नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं (सीएआर) का सख्ती से पालन करने के लिए कह चुके हैं। इसके बाद दिसंबर में सरकार ने उड़ान रद्द होने और देरी के कारण हवाई यात्रियों को मुआवजे के लिए दिशा-निर्देश जारी किए।



***यात्रियों को भोजन और जलपान भी प्रदान किया जाएगा***

*रद्दीकरण के मामले में एयरलाइन उन यात्रियों को भोजन और जलपान प्रदान करेगी, जो वैकल्पिक उड़ान की प्रतीक्षा करते समय पहले ही हवाई अड्डे पर अपनी मूल उड़ान के लिए रिपोर्ट कर चुके हैं। उड़ान में देरी के मामले में उड़ान की देरी के आधार पर यात्री को भोजन और जलपान, एक वैकल्पिक उड़ान या टिकट का पूरा रिफंड या होटल आवास प्रदान करना आवश्यक है।*




हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 4 जनवरी 2024



सैरसपाटा का यह पुल सुबह 9 बजे 50 मीटर दूर से भी ठीक से नजर नहीं आ रहा था।

देर रात 1.15 बजे एमपी नगर, चार इमली, अरेरा कॉलोनी, होशंगाबाद रोड पर ओलों के साथ गिरा तेज पानी

# भोपाल बना पचमढ़ी, धुंध-बारिश एक साथ, दोपहर 12 बजे रहा कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सीजन के पहले बारिश और घने कोहरे के मौसम से शहर के लोग ठिठुर गए। सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ था। इसके साथ रुक-रुककर बूंदाबांदी भी होती रही, जिससे दोपहर 12 बजे तक ठंडा मौसम बना रहा। स्थिति यह रही कि 50 मीटर दूर देखना मुश्किल हो रहा था। सर्द हवाएं भी चलीं। मौसम वैज्ञानिकों का दावा है कि अगले 3 दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा।

राजधानी में बुधवार रात से ही कोहरा छाने लगा था। सुबह 8 बजे तक इतना घना कोहरा था कि 50 मीटर दूर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। सुबह 11 बजे तक कोहरा हल्का छंटा, लेकिन इसकी विजिबिलिटी 200 मीटर के आसपास ही रही।

शहर में सुबह से ही रुक-रुककर बारिश होती रही। सुबह शाहपुरा, करोंद, बैरागढ़ और कोलार क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई। सुबह 10.30 बजे शाहपुरा एरिया में कुछ देर के लिए तेज बारिश हुई। बिट्टन मार्केट, एमपी नगर, अरेरा हिल्स समेत कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। पिछले 2 दिन में कोहरा-बादल के साथ हल्की धूप निकली थी, लेकिन बुधवार दोपहर बाद ही धूप निकली। जिसकी वजह से आम लोग ठंड से कंपकंपाते रहे।

**1** पहली बार बना ऐसा मौसम, सुबह कश्मीर जैसा रहा दृश्य

**2** पचास मीटर रही विजिबिलिटी, दिनभर चली ठंडी हवाओं से ठिठुरे लोग



## मुंबई ईवनिंग उड़ान कैंसिल, कई आईं लेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

देश में मौसम खराब के कारण उड़ानों की आवाजाही भोपाल में भी प्रभावित हो रही है। बुधवार को भी इंडिगो एयरवेज की इवनिंग मुंबई फ्लाइट को कैंसिल कर दिया गया। वहीं करीब आधा दर्जन उड़ानें लेट आईं। जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इंडिगो व एयरवेज की मुंबई उड़ान रात को 9 बजे आती है, लेकिन उसे कैंसिल कर दिया गया। यह उड़ान पिछले कई दिनों से काफी लेट आ रही हैं। इसके अलावा भी इंडिगो एयरलाइंस की बेंगलुरु, जयपुर और हैदराबाद उड़ान भी दो से ढाई घंटे देरी से भोपाल आईं। कुछ सेक्टर रीजन के चलते भी उड़ानों का निरस्त होना और देरी से आना जारी है।

कोहरे के कारण शताब्दी री-शेड्यूल

## शताब्दी 4 घंटे देर से गई, 14 घंटे लेट हुई केरल एक्स.

**भोपाल।** दिल्ली सहित उत्तर भारत में इन दिनों घना कोहरा पड़ रहा है। कोहरे के चलते ट्रेनों की टाइमिंग गड़बड़ा गई है। पिछले 15 दिनों से ट्रेनों का देरी से आने का सिलसिला जारी है। बुधवार को भी भोपाल आने वाली करीब दो दर्जन ट्रेनें 45 मिनट से 14 घंटे तक की देरी से आईं। कोहरे के कारण 12002 शताब्दी लेट रही जिससे 12001 को रि-शेड्यूल करके रानी कमलापति से दिल्ली के लिए शाम 7.20 रवाना किया गया। वहीं राजधानी आने वाली गाड़ी संख्या 20172 हजरत निजामुद्दीन-रानीकमलापति वंदेभारत एक्सप्रेस को कैंसिल किया गया। इसके अलावा श्रीधाम एक्सप्रेस सात घंटे की देरी से राजधानी पहुंची। ट्रेनों की लेटलतीफी की वजह से यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**ट्रेनें हुईं लेट**

- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 7 :00 घंटे लेट आई
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 4 .00 घंटे लेट आई



## कलेक्टर के निर्देश के बाद बांटे जरूरतमंदों को कंबल

**भोपाल।** कलेक्टर आशीष सिंह ने जिले में बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किए।

**खबर संक्षेप**

### राजधानी में फिर मिला कोरोना का एक मरीज और तीन हुए स्वस्थ

**भोपाल।** राजधानी में बुधवार को कोरोना का एक नया मामला आया है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मरीज में कोई गंभीर लक्षण नहीं है। इसका एक कारण यह भी है कि व्यक्ति ने वैक्सीन लगवाई थी। इसके साथ ही तीन मरीज स्वस्थ भी हुए। जिसके साथ एक्टिव मरीजों की संख्या सात से घटकर पांच हो गई। कोरोना के सभी एक्टिव मरीज सामान्य हैं। किसी में भी कोरोना के कोई गंभीर लक्षण नजर नहीं हैं। ऐसे में सभी को होम आइसोलेशन रखा गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि बार-बार बदलते मौसम में सावधान रहने की जरूरत है। इससे कोरोना के साथ-साथ वायरल से भी बचाव में मदद मिलेगी।

### सड़क पर खड़े कंडम वाहनों को हटाने 7 दिन की मोहलत

**भोपाल।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर में यातायात सुगम बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के कई इलाकों में सड़क किनारे खड़े कंडम वाहनों के कारण ट्रैफिक संचालन में काफी परेशानी होती है। ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे कंडम, पुराने और लंबे समय से सड़क किनारे खड़े वाहनों को सात दिनों के भीतर वाहन मालिक द्वारा स्वयं ही हटाने की मोहलत दी है। उसके बाद ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम द्वारा वाहन जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### काटजू अस्पताल में अब घर बैठे डॉक्टर से ले पाएंगे अपॉइंटमेंट

**भोपाल।** राजधानी के कैलाश नाथ काटजू अस्पताल में अब मरीजों को इलाज के लिए डॉक्टर का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अब मरीजों को अस्पताल में पर्ची के लिए घंटो लम्बी लाइन में खड़े रहने की जरूरत नहीं है। अब आप मोबाइल में एप डाउनलोड कर अपना पर्चा बनवा सकते हैं। इससे आपका समय बचेगा और अस्पताल में लंबी लाइन भी नहीं लगानी पड़ेगी। वे आभा आईडी से ऑनलाइन अपना रजिस्ट्रेशन कराकर डॉक्टर से अपॉइंटमेंट ले सकेंगे। फिलहाल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत मरीज को अपना नाम और आधार नंबर बताना होगा। बता दें कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत भोपाल और सीहोर को माइक्रोसाइट बनाया गया है।

दो दिन बंद रहने के बाद आखिर सड़कों पर आ ही गईं बीसीएलएल की सिटी बसें

# सड़क पर लाल बसों के उतरते ही बस स्टॉप पर खड़े लोगों के चेहरे पर नजर आई खुशी

हरिभूमि लाइव

चालक और परिचालक के चेहरे पर दो दिन आराम के बाद खुशी झलक रही

हड़ताल के चलते कुछ लोग ऑफिस नहीं गए थे, तो कई लोगों ने अपनी दुकान नहीं खोली

कोचिंग व दूसरे संस्थानों में नौकरी करने वाले भी बस न चलने से बुधवार को ही घर से निकले

महिला सवारियों ने कहा कि बस बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी उन्हें ही होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में कोहरे और ठंड के कारण शहर के सभी बस स्टाप पर लोग अंदर ही बस का इंतजार करते दिखे और ज्यादातर लोग वही थे, जो बसों की हड़ताल के कारण दो दिन से या तो ऑफिस नहीं गए या दुकान भी नहीं खोली थी। सुबह 9 बजे तक बस में सफर करने वाले ज्यादातर यात्री शहर के दूसरे हिस्से में जाने वाले दुकानदार या छात्र-छात्राएं थे।

जबकि सुबह 10 बजे से बस स्टाप पर आने वाले यात्री निजी या सरकारी दफ्तरो में काम करने वाले कर्मचारी या अन्य लोग थे। इन लोगों के अनुसार उनके वाहनो में पेट्रोल नहीं था और सिटी बस बंद थीं। यही कारण है कि दो दिन घर से बाहर नहीं निकले और बुधवार को हड़ताल खत्म होने की सूचना मिलते ही बस स्टाप पर आ गए।



**समय सुबह 8.15 बजे**

होशंगाबाद रोड स्थित विद्यानगर के पास बस स्टाप पर बस के रुकते ही स्टॉप से एक कतार में लोग बस में सवार होने लगे, इनमें सबसे ज्यादा महिलाएं





**समय सुबह 5.10 बजे**

बीसीएलएल के बागसेवनिया टर्मिनल में दो दिन बाद चालक और परिचालक पहुंचे और 5.10 मिनट बाद ही बसों के स्टार्ट होने की आवाज आने लगी, एक-एक बसें बाहर निकलने लगीं।

**300 बसें चलाई**

सुरक्षा के कारणों से दो दिन बस डिपो व टर्मिनल से बाहर नहीं आ पाई थी। बुधवार को ट्रकों की हड़ताल की सूचना मिलते ही चालक और परिचालक बस को लेकर रवाना हो गए। बुधवार को सुबह करीब 200 से ज्यादा और दोपहर बाद करीब 100 और सिटी बसें सड़क पर दौड़ने लगीं थीं।
**संजय सोनी**, पीआरओ बीसीएलएल



**बस में बैठने के बाद यह बोलीं सवारी**

वैसे तो बस में सफर करने में परेशानी ही लगती है, लेकिन बुधवार को काफी सकुन लग रहा है। क्योंकि दो दिन से बस न मिलने से ऑफिस नहीं जा पाए थे। **माधवी राय**, यात्री

बस का मंथली पास बना हुआ है। भीड़ और खराब ट्रैफिक के कारण मंत्रालय तक अपनी गाड़ी से नहीं जाते हैं। बस बंद रहने से ऑफिस से दो दिन छुट्टी लेनी पड़ी। **रागिनी झा**, सरकारी कर्मचारी

पुराने शहर में दुकान पर सुबह 8 बजे तक पहुंचते जाते हैं। वहां पर अपना वाहन पार्क करने के लिए जगह नहीं है, इसलिए बस से ही जाते हैं। दो दिन बस न आने से काफी परेशानी हुई। **पीके रावत**, दुकानदार

कपड़े की दुकान पर काम करते हैं। इसलिए सुबह 9 बजे घर से निकलना पड़ता है। बस अगर न मिले तो वहां पहुंचना संभव नहीं है। बुधवार को बस चलने की जानकारी मिलते ही काफी प्रसन्नता हुई। **आकाश मिश्रा**, कर्मचारी

## अभिभावकों को मिली राहत, सुबह बच्चों को लेने पहुंची बसें और स्कूली वैन

*भोपाल। हिट एंड रन कानून के विरोध में चल रही वाहन चालकों की हड़ताल से बिगड़ी स्कूल बसों के संचालन की व्यवस्था अब पटरी पर आ गई है। इसके साथ ही शहर के लगभग सभी स्कूलों में कक्षाएं शुरू हो गई हैं। हड़ताल खत्म होने के बाद बुधवार को स्कूली बसें और अन्य वाहन सड़कों पर नजर आए और अपने निर्धारित समय पर बच्चों को लेने पहुंची। इसके साथ ही अभिभावकों और स्कूल संचालकों ने राहत की सांस ली है। हालांकि माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित सरकारी स्कूलों और कुछ निजी स्कूलों में 4 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश पहले से ही जारी है। उल्लेखनीय है कि ड्राइवरों की हड़ताल के चलते अधिकतर स्कूलों में बीते मंगलवार को छुट्टी घोषित करनी पड़ी थी। जिन स्कूलों में क्लासें लगाई गईं, वहां बच्चों की संख्या बहुत कम रही। अभिभावक खुद ही बच्चों को छोड़ने स्कूल पहुंचे थे।*

## रात 11 बजे बंद कराए बाजार सड़कों पर उतरी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक दिन पहले अनाउंसमेंट कराने के बाद बुधवार से पुराने शहर के बाजारों को बंद कराने नगर निगम और पुलिस का अमला उतरा। हॉस्पिटल और मेडिकल स्टोर्स को इससे छूट दी गई है। दरअसल] पुराने शहर के काजीकैंप, लक्ष्मी टॉकीज, जहांगीराबाद, बुधवारा सहित अन्य क्षेत्र की दुकानें देर रात तक खोलने की शिकायत कलेक्टर आशीष सिंह से की गई थी। जिसको लेकर मंगलवार को पुलिस ने बाजारों में जाकर अनाउंसमेंट भी किया था। रात 11 बजे बाद तक दुकानें खुले रखने पर अब दुकान सील करने की कार्रवाई की जाएगी। अनाउंसमेंट में दुकानदारों को समझाइश भी दी जा रही है। दरअसल,पूर्व महापौर आलोक शर्मा के साथ भाजपा नेता, कलेक्टर आशीष सिंह से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि पुराने शहर में गुमास्ता एक्ट का पालन नहीं हो रहा है। यहां 24 घंटे दुकानें खुली रहती हैं। ये दुकानें रात 10 बजे बंद होनी चाहिए। जिसको देखते हुए बुधवार को एसडीएम शहर ने स्थानीय व्यापारियों के साथ रात 11 बजे दुकानें बंद करने को लेकर बैठक रखी।

**पुलिस और निगम को जिम्मेदारी**

रात 11 बजे तक बाजार बंद किए जाने को लेकर कलेक्टर ने पुलिस और नगर निगम को जिम्मेदारी दी है। पुलिस तय समय से पहले दुकानें बंद कराएगी। जहांगीराबाद, छोला, कोतवाली, तलैया, निशातपुरा पुलिस पर कार्रवाई का जिम्मा रहेगा। ज्यादातर बाजार इन्हीं थाना क्षेत्रों में शामिल हैं।

सिग्नेचर 99 के लोगों ने अपना घर बचाने कैंडल मार्च निकाला

## एनजीटी के नाम पर निगम दे रहा मनमाने तरीके से नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम द्वारा कलियासोत नदी के दायरे में आने को लेकर जेके अस्पताल के पास स्थित सिग्नेचर 99 के 120 फ्लैट में से 80 को नोटिस दिया गया है।

रहवासियों का आरोप है कि यहां के सभी फ्लैट टीएंडसीपी सहित सभी प्रकार की अनुमतियां लेकर बनाए गए हैं और नगर निगम के सभी टैक्स जमा किए जा रहे हैं। इस कारण सभी रहवासी चिंतित हैं। सिग्नेचर 99 के सभी रहवासियों ने बुधवार शाम को नगर निगम के विरोध में और न्याय मांगने के लिए कैंडल मार्च निकाला। इस प्रदर्शन में भूमिका रेसीडेंसी, अल्टीमेट कैम्पस समेत आसपास की कॉलोनी के लोग भी शामिल हुए। रहवासियों का कहना है कि जब घर बनाए थे, तब नगर निगम, टीएनसीपी से सभी परमिशन ली थी। अब वही विभाग घर तोड़ने के नोटिस दे रहे हैं।



**फ्लैट खरीदते वक्त थी सभी अनुमतियां**

जब फ्लैट खरीदे गए उस समय बिल्डर ने सभी अनुमतियां दिखाई थीं और इसे ग्रीन बेल्ट के दायरे से बाहर बताया था।

**80 फ्लैट कार्रवाई के दायरे में**

कलियासोत नदी के किनारे बसी सिग्नेश्चर 99 रहवासी सोसाइटी के 80 फ्लैट भी इसी दायरे में आ रहे हैं। जिन्हें निगम ने नोटिस जारी किया है। अपने आशियाने को बचाने के लिए रहवासियों ने सोसाइटी के बाहर कैंडल मार्च निकालकर प्रोटेस्ट किया।

**7 दिन में फ्लैट करना होगा खाली**

सिग्नेश्चर 99 में कुल 120 फ्लैट हैं। इनमें से नदी के ग्रीनबेल्ट 33 मीटर के दायरे में आने वाले 80 फ्लैट को भोपाल नगर निगम ने 2 जनवरी को नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में 7 दिनों के अंदर अतिक्रमण हटाने यानी फ्लैट खाली करने को कहा है।

कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश

## स्मार्ट सिटी सीईओ रौशन सिंह ने पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड में सीईओ रौशन कुमार सिंह ने बुधवार को अपना पद्भार ग्रहण कर लिया। श्री सिंह पूर्व सीईओ गौरव बेनल के स्थान पर भोपाल स्मार्ट सिटी कंपनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। इससे पूर्व भोपाल नगर पालिक निगम आयुक्त फैंक नोबल ए स्मार्ट सिटी सीईओ पद पर प्रभार में थे। रौशन कुमार सिंह 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं।



पद्भार ग्रहण करते ही सिंह ने भोपाल स्मार्ट सिटी कंपनी के कर्मचारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भोपाल
गुरुवार, 4 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 10, अंक : 288
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 23
न्यून. 15

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने मांझी को लिखा पत्र, भेजे उपहार



**लखनऊ।** पीएम नरेंद्र मोदी ने पीएम आवास योजना की लाभार्थी मीरा मांझी को पत्र भेजकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। यह पत्र दो जनवरी को लिखा गया है। पीएम नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या दौरे के दौरान मीरा मांझी के घर गए थे। पीएम ने पत्र में लिखा है कि प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में आप व आपके परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात और आपके द्वारा बनाई गई चाय पीकर बहुत प्रसन्नता हुई। पीएम मोदी ने उपहार में चाय सेट, रंगों वाली ड्राइंग बुक समेत कई सामान भेजे।

### साल 2024 में लगेंगे चार ग्रहण



**इंदौर।** इस साल सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा की चाल से एक पूर्ण सूर्यग्रहण समेत चार ग्रहण लगेंगे। उज्जैन की एक प्रतिष्ठित वेधशाला का यह पूर्वानुमान भारत के खगोलप्रेमियों को निराश कर सकता है कि देश में इनमें से एक भी खगोलीय घटना निहारी नहीं जा सकेगी। इस साल ग्रहणों का सिलसिला 25 मार्च को लगने वाले उपच्छाया चंद्रग्रहण से शुरू होगा। नववर्ष का यह पहला ग्रहण भारत में नहीं देखा जा सकेगा क्योंकि इस खगोलीय घटना के वक्त देश में दिन का समय होगा।

हिंडनबर्ग मामले में अडाणी ग्रुप को क्लीन चिट पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर, गौतम अडाणी ने कहा- 'सत्यमेव जयते'

# 'सेबी' की जांच सही, एसआईटी से पड़ताल की कोई जरूरत नहीं

सेबी ने 25 अगस्त को सौंपी रिपोर्ट में बताया कि उसने 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली है, 2 मामलों में जांच विदेशी संस्थाओं से हो रही देरी के चलते पूरी नहीं हो पाई है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि बाकी बचे दो मामलों की जांच तीन महीने के अंदर पूरी कर ली जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम सेबी कि दलीलों में योग्यता पाते हैं। विधायी शक्तियों में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं पाते। मौजूदा नियम अवैधता से ग्रस्त नहीं हैं। यह अदालत सेबी के प्रतिनिधि कानून की भूमिका नहीं निभा सकती।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हिंडनबर्ग केस को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सेबी की जांच में कोई खामी नहीं है। ऐसे में अब इस मामले में एसआईटी से जांच करवाने का कोई औचित्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सेबी की जांच नियमों के तहत हुई है। गौर हो कि सेबी ने अभी तक 22 आरोपों की जांच की है जबकि अभी 2 आरोपों की जांच बाकी हैं। मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा है कि बाकी बचे 2 मामलों की जांच तीन महीने के अंदर पूरी की जाए। इस फैसले पर अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा- सत्यमेव जयते।



1 ऐसी याचिकाएं जिनमें पर्याप्त शोध की कमी है और उनमें अप्रमाणित रिपोर्टों पर भरोसा किया गया है, उन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता।

2 कोर्ट ने सेबी से कहा है कि मौजूदा नियामक तंत्र को बेहतर बनाने के लिए एक्सपर्ट कमेटी के सुझाव पर काम करे

### और, क्या कहा शीर्ष कोर्ट ने ?

## निवेशकों के हित में नियामक तंत्र और मजबूत किया जाए

ओसीसीपीआर की रिपोर्ट के आधार पर सेबी की जांच पर संदेह नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए वित्तीय क्षेत्र में नियामक तंत्र को मजबूत करने, सुधार करने और यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपाय करने को कहा है। यह अस्थिरता का शिकार न हो, जैसा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट जारी होने के बाद देखा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से जस्टिस एएम सपरे की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में सुझावों को शामिल करने को कहा है।

निवेशकों की रक्षा के लिए तत्काल उपाय करें और कानून को सख्त करें और जरूरत के मुताबिक सुधार करें। सुनिश्चित करें कि फिर निवेशक इस तरह शिकार न हों। इसके अलावा एससी कमेटी के सुझावों पर अमल करें।

सुप्रीम कोर्ट के पास जांच को सीबीआई आदि को स्थानांतरित करने की शक्ति है, लेकिन ऐसी शक्तियों का उपयोग केवल संयमित रूप से किया जा सकता है। यह अदालत आमतौर पर इस भूमिका को प्रतिस्थापित नहीं करेगी और याचिकाकर्ताओं को यह दिखाने के लिए मजबूत सबूत पेश करने होंगे कि जांच एजेंसी ने पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया है। कोर्ट ने भारत सरकार और सेबी को भारतीय निवेशकों के हित को मजबूत करने के लिए विशेषज्ञ समिति की सिफारिश पर काम करने को कहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वैधानिक नियामक पर सवाल उठाने के लिए अखबारों की रिपोर्टों और तीसरे पक्ष के संगठनों पर भरोसा करना आत्मविश्वास को प्रेरित नहीं करता। उन्हें इनपुट के रूप में माना जा सकता है, लेकिन सेबी की जांच पर संदेह करने के लिए निर्णायक सबूत नहीं। जनहित याचिका को आम नागरिकों तक पहुंच प्रदान करने के लिए विकसित किया गया था।

### क्या है मामला?

जनवरी में हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट और अडाणी ग्रुप के जवाब के बाद सुप्रीम कोर्ट में 4 जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं। इन पीआईएल में अडाणी ग्रुप के खिलाफ तरह-तरह की जांच के आदेश देने की अपील की गई थी। इन याचिकाओं को सुनने के बाद ही 2 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने मार्केट रेगुलेटर सेबी को आदेश दिया था कि वो अडाणी ग्रुप के डिस्क्लोजर और शेयरों के भाव में हेरफेर की जांच करे। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को रिपोर्ट सौंपने के लिए दो महीने का वक्त दिया। बीते साल अप्रैल में सेबी ने कोर्ट से जांच पूरी करने में 6 महीने का वक्त मांगा, लेकिन कोर्ट ने उसे सिर्फ 14 अगस्त तक का वक्त दिया। सेबी ने 14 अगस्त को फिर जांच पूरी करने के लिए 15 दिन का वक्त मांगा। सेबी ने 25 अगस्त को सौंपी रिपोर्ट में बताया कि उसने 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली है, 2 मामलों में जांच विदेशी संस्थाओं से हो रही देरी के चलते पूरी नहीं हो पाई है।

# इसरो, मस्क पहली बार आएंगे साथ, अंतरिक्ष में रचेंगे इतिहास



*भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) साल 2023 में इतिहास रचने के बाद नए साल से नए जोश और मिशन के साथ आगे बढ़ रहा है। 2024 में इसरो एक बार फिर इतिहास रचने जा रहा है। इस बार इसरो ने अंतरिक्ष में इतिहास रचने के लिए अंतरिक्ष की नंबर वन कंपनी स्पेस एक्स से हाथ मिलाया है।*

## अंतरिक्ष की नंबर वन कंपनी स्पेस एक्स के साथ हुआ करार, एक्स की मदद से लॉन्च होगा संचार सैटेलाइट जीएसएटी-20



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इसरो साल 2024 की तिमाही में अपने संचार सैटेलाइट जीएसएटी-20 को अंतरिक्ष कंपनी स्पेस-एक्स की मदद से लॉन्च करने वाला है। इसकी घोषणा बुधवार को इसरो के कमर्शियल पार्टनर एनएसआईएल ने की है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब इसरो अपने किसी मिशन को लॉन्च करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी स्पेस एक्स के फाक्कन-9 हेवी लिफ्ट लॉन्चर का प्रयोग करेगा। स्पेस एक्स उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी है, जिसकी 2002 में स्थापना की गई थी। इसरो का बहुत प्रतिक्षित मिशन जीएसएटी-20 को फाल्कन 9 रॉकेट की मदद से अमेरिका के फ्लोरिडा से अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।

### बेहद महत्वपूर्ण है यह करार

इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ का कहना है कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी को स्पेस-एक्स के पास जाना पड़ा, क्योंकि समय पर कोई अन्य रॉकेट उपलब्ध नहीं था। स्पेस-एक्स और इसरो के साथ यह करार महत्वपूर्ण बदलाव है, क्योंकि भारत भारी सैटेलाइट को लॉन्च करने के लिए अभी तक फ्रांस के नेतृत्व वाले एरियनस्पेस कंसोर्टियम पर बहुत अधिक निर्भर था। जीएसएटी 20 सैटेलाइट का नाम जीएसएटी-एन2 होगा और यह अनिवार्य रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट पहुंच प्रदान करेगा।

### इसरो मिशन में क्यों ले रहा मदद

यहां यह जानना जरूरी है कि भारत के अपने रॉकेटों में 4 टन वर्ग से ऊपर भूस्थैतिक कक्षा में बहुत भारी सैटेलाइट्स को लॉन्च करने की क्षमता नहीं है। इसलिए इसरो इसके लिए एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स की मदद ले रहा है। इससे पहले भारत इसके लिए फ्रांस पर निर्भर था।

### ये है मिशन

*इसरो के कमर्शियल पार्टनर न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने बताया कि इसरो जीएसएटी-20 सैटेलाइट का निर्माण कर रही है। इस सैटेलाइट को विशेष रूप से दूरदराज के इलाकों में संचार व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस सैटेलाइट का वजन 4700 किलोग्राम है जो करीब 48 जीबीपीएस की क्षमता प्रदान करता है। यह सैटेलाइट अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, जम्मू और कश्मीर और लक्षद्वीप सहित भारतीय क्षेत्रों में संचार सेवाएं प्रदान करेगा। इसे 2024 की आखिरी तिमाही में लॉन्च किया जा सकता है।*



## जैकेट एक का शेष

### सात स्थानों पर हो ...

प्रसारण शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक निरंतर कई स्थानों पर किया जा रहा है। रामकथा पार्क संग्रहालय, कनक भवन के पास, श्रीराम आश्रम, अशर्फी भवन, तुलसी उद्यान, भजन संध्या स्थल, लक्ष्मण किला आदि स्थानों पर इसका प्रसारण किया जा रहा है। प्रभु श्रीराम के विग्रह की श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व ही निराकार रामलला के साकार होने की लालसा ने अयोध्यावासियों को इस कदर भाव विह्वल कर दिया है कि रामायण के प्रसंगों में वह अपने-अपने राम को अंगीकार होते देख रहे हैं।

### सर्द रातों में भी सिर ...

*राम की निशानी', 'राम कहानी-सुनो रे राम कहानी', 'मंगल भवन अमंगल हारी', 'रामायण चौपाई', 'हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की' समेत अनेक भजन यहां के प्रमुख चौक-चौराहों पर सुनने को मिल रहे हैं। इसके अतिरिक्त, लता चौक पर सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के कर्णप्रिय स्वर में 'श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन' समेत श्रीराम को समर्पित अनेक भजन आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं।*

### ईडी के समन पर ...

पहले उन्हें समन भेजा गया है। गौर हो कि दिसंबर में ही दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से प्रवर्तन निदेशालय के दूसरे समन को ठुकराए जाने के एक दिन बाद एजेंसी ने उनको 3 जनवरी को उसके सामने पेश होने के लिए कहा था। ऐसे में अब यदि आम आदमी पार्टी प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल 3 जनवरी को तीसरी बार समन पर ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए तो ईडी के पास उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट मांगने का विकल्प होगा। केजरीवाल ने इसे राजनीति से प्रेरित और अवैध बताया है।

### 223 करोड़ के घपले...

के खिलाफ जांच आगे बढ़ाने के लिए एसीबी जीएनसीटीडी को भी मंजूरी दे दी है। दोनों मामलों में उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम की धारा 17ए के तहत जांच के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ जांच करना और पूछताछ करना न्याय के हित में है। गौर हो कि सीबीआई ने बैंक ऑफ बड़ौदा की पहाड़गंज शाखा के पूर्व वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एलए खान के साथ आपराधिक साजिश में शामिल होने के आरोप में वन और वन्यजीव विभाग में क्रमशः तत्कालीन वरिष्ठ लेखा अधिकारी और सहायक लेखा अधिकारी पारसनाथ यादव और आलम सिंह रावत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की दो महिला कर्मचारियों के खिलाफ कथित रिश्वत मामले में एसीबी ने उन पर दो नर्सिंग अधिकारियों से हल्की ड्यूटी की अनुमति देने के लिए प्रत्येक से 60,000 रुपए की मांग करने का आरोप लगाया। आरोपियों की पहचान चंचल रानी पिसल्ला और रजनेश वर्मा के रूप में हुई है, जो उस समय जीबी पंत अस्पताल में क्रमशः डिप्टी नर्सिंग अधीक्षक और नर्सिंग अधिकारी के रूप में तैनात थीं।

### ज्वेलर्स के घर में...

परिवार के अन्य सदस्य अपने काम पर थे, जबकि उनकी पत्नी कीर्ति धनवानी (60) घर पर अकेली थीं। शाम करीब 6.50 बजे तीन नकाबपोश बदमाश उनके घर पहुंचे। घंटी बजाने पर कीर्ति ने जैसे ही दरवाजा खोला, वैसे ही तीनों बदमाश अंदर घुस गए और उनके गले पर चाकू अड़ा दिया। उसके बाद बदमाशों ने कीर्ति के पहने हुए सारे गहने उतरवा लिए और अलमारी तोड़कर उसमें रखे एक करोड़ से अधिक नगद लेकर फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर एसीपी वीरेंद्र सिंह, हबीबगंज थाना टीआई मनीषराज भदोरिया सहित फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड की टीम पहुंच गई। देर रात तक पुलिस टीम जांच में जुटी रही। पुलिस ने आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। बताया गया है कि फुटेज में बदमाश नजर आ रहे हैं। पुलिस का दावा है कि बदमाश जल्द ही पकड़ लिए जाएंगे।

### कूनो में तीन नए...

*में एक कदम और बढ़ाया है। पूरा कूनो पार्क प्रबंधन नन्हे मेहमानों की आवभगत और उनकी सुरक्षा में लगा है। डॉक्टरों की टीम भी नन्हे शावकों पर नजर रखे हुए है। कूनो में अभी 14 चीते मौजूद है। इनमें दो चीते खुले जंगल में भ्रमण कर रहे है, जबकि 12 चीते फिलहाल बाड़े में बंद हैं। जिन्हें एक-एक करके खुले जंगल में छोड़ा जाएगा। बाड़े में जो चीते अभी बंद हैं, उनमें थ्री डी नाम के बाड़े में मादा चीता आशा भी मौजूद है। जिसने तीन शावकों को जन्म दिया है। जिन्हें मिलाकर कूनो में अब चार शावक हो गए हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में जो चीता प्रोजेक्ट शुरू हुआ था, उसके लिए आज का दिन अद्वितीय है। आज कूनो में तीन नन्हें शावकों का जन्म हुआ है, इस खुशखबरी के लिए समस्त प्रदेशवासियों को बधाई देता हूं। जिस स्वप्न के साथ चीता प्रोजेक्ट शुरू हुआ था, वह अब सार्थक हो रहा है। गौर हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सबसे पहले 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से लाए गए आठ चीते कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए थे। इसके बाद 18 फरवरी 2023 को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को कूनो में छोड़ा गया। कूनो में आए कुल 20 चीतों में से छह चीतों की मौत हो गई है। बुधवार को सबसे पहले इस खुशखबरी की जानकारी केंद्रीय वनमंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर पोस्ट करके दी।*

***24 मार्च को ज्वाला ने दिया था 4 शावकों को जन्मः** कूनो नेशनल पार्क में नन्हे मेहमानो के आगमन की खबर दूसरी बार आई है। क्योंकि इसके पहले 24 मार्च 2023 को मादा चीता ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें से तीन शावकों की मौत हो गई थी। चार में से एक शावक जीवित है, जो अब लगभग नौ महीने का हो गया है।*

### जिस रामलला की ...

प्रतिष्ठा समारोह का न्योता मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे भगवान राम के दर्शन के लिए किसी के न्योते की जरूरत नहीं है। भगवान राम हमारे हृदय में हैं। इस बीच राम मंदिर ट्रस्ट ने मंगलवार को कहा था कि पिछले कुछ महीनों में रामलला की जो तीन प्रतिमाएं तराशी गई हैं उनमें से किस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में की जाएगी, इस पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष....

आगामी कार्यक्रमों का एजेंडा तैयार किया था। सूत्रों ने बताया था कि इस बैठक में सभी अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने की हिदायत दी गई थी। भाजपा ने सुनील बंसल को युवा मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं, बैजयंत जय पांडा को महिला मोर्चा का प्रभारी, बंदी संजय कुमार को किसान मोर्चा का प्रभारी, तरुण चुग को अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रभारी, राधा मोहन दास अग्रवाल को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रभारी, विनोद तावड़े को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा का प्रभारी और दुष्यंत कुमार गौतम को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया है। नए प्रभारियों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से कर दी गई है।

### मैं अपने सभी फैसले...

करता था, अब हम एक ऐसा देश बन गए हैं जो आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। एक ऐसे देश से जो विभिन्न मंचों पर अपनी आवाज तलाशता था, हम एक ऐसे देश बन गए हैं जो नए वैश्विक मंचों का नेतृत्व और निर्माण करता है। आज, विश्व सर्वसम्मति स्पष्ट हैः यह भारत का क्षण है। मैं अपने सभी फैसले राष्ट्र प्रथम के नजरिए से लेता हूं। माखन पर लकीर तो सब खींच लेते हैं। खींचनी है तो पत्थर पर लकीर खींचो। कठिन है तो क्या हुआ, शुरुआत तो करें। मैं इसी पर विश्वास करता हूं, जो मुझे कठिन और असुविधाजनक कार्यों को करने का दृढ़ विश्वास देता है।

**लोकतंत्र में नई पीढ़ी और नए खून को अवसर देना जरूरीः** मोदी ने कहा कि भाजपा के अध्यक्षों पर नजर डालें तो आपको हर कुछ वर्षों में नए चेहरे नजर आएंगे। हमारी एक कैडर-आधारित पार्टी है, जो एक स्पष्ट मिशन से प्रेरित है। हम सभी ने जमीनी स्तर के कार्यकर्ता के रूप में शुरुआत की और समर्पण और कड़ी मेहनत के दम पर आगे बढ़े। इसी प्रतिबद्धता के कारण देश, विशेषकर युवा, भाजपा के साथ एक मजबूत जुड़ाव महसूस करते हैं। लोकतंत्र में नई पीढ़ी और नए खून को अवसर देना जरूरी है। यह लोकतांत्रिक मंथन ही लोकतंत्र को जीवंत बनाता है। यह मंथन ही हमारी पार्टी को जीवंत बनाता है और हमारे कार्यकर्ताओं के भीतर आकांक्षाओं और आशाओं को प्रज्वलित रखता है।

### जमीनी हकीकत जानकर...

अपने 'जमीनी जुड़ाव' और देश की 'जीती हकीकत' के मिश्रण से अपनी नीतियां और रणनीतियां बनाता हूं। मेरे ज़मीनी जुड़ाव के परिणामस्वरूप, मेरा दृढ़ विश्वास है। मैं कुछ भी अच्छा लगे इसलिए नहीं करता, लेकिन अच्छा है इसलिए करता हूं।

### दावत के लिए पकाया ...

वहां कुछ मेहमान और जिस लड़की सगाई हो रही थी वह मौजूद थी। लड़की की बेवा मां परिवार की मुखिया है। वह गांव में सगाई की दावत देने गई हुई थी। थाना प्रभारी जीपी वर्मा ने बताया कि मुंदवाडा में शबनम बी की बेटी यासरा पुत्री इकराम खान की सगाई में गोवंश की दावत दी जा रही थी। शबनम बी विधवा है। इसकी तीन बेटियां और एक बेटा है। दबिश के समय वह घर से बाहर थी। उसकी बेटी यासरा को गोवंश अधिनियम में आरोपित बनाया है। मांस का सैंपल जिला पशु चिकित्सालाय भेजा था। इसमें 60 किलो मांस पका हुआ और दस किलो कच्चा मांस मिला है।

## जैकेट दो का शेष

### कोहरे में 'बारिश'...

कोहरा छाने की संभावना जताई है। जबकि गुरुवार को भोपाल, इंदौर, सीहोर और सीहोर में बूंदाबांदी होने के भी आसार हैं। इसके पहले बुधवार को अशोकनगर, गुना और आगर में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। वहीं, भोपाल, ग्वालियर, शिवपुरी में घना कोहरा और कोल्ड-डे रहा। बुधवार को भोपाल, ग्वालियर समेत प्रदेश के 18 जिले मध्यम से घने कोहरे के आगोश में रहे। वहीं 21 जिलों में बारिश हुई। बारिश और कोहरे की वजह से अधिकतर शहरों में तीन डिग्री तक दिन के तापमान में गिरावट आई है।

### सर्द हवाएं ठिठुराती...

बजे बाद यह बढ़कर 200 मीटर तक हो गई। भोपाल में दिन में 25.7 डिग्री, इंदौर में 26.9 डिग्री, जबलपुर में 27.7 डिग्री और उज्जैन में पारा 24 डिग्री दर्ज किया गया। यहां पूरे दिन बादल छाए रहे। दिन में हल्की धूप निकली, लेकिन सर्द हवाएं ठिठुराती रहीं।

### ग्वालियर मेले में...

वाले लोगों को सरकार विक्रय कर में 50 फीसदी की छूट देती है। इस वर्ष भी छूट देने का निर्णय कैबिनेट ने लिया है। उन्होंने बताया कि मप्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह तीसरी कैबिनेट की बैठक है। विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट ने रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस योजना में श्रीअन्न (मिलेट्स) उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रुपए सरकार प्रोत्साहन राशि देगी। यह राशि सीधे उनके खाते में ट्रांसफर की जाएगी। इसका उद्देश्य श्रीअन्न यानी मोटे अनाज के प्रति लोगों की रूचि बढ़ाना और उसको उत्पादन करने वाले पिछड़े लोगों को लाभ पहुंचाना है। भाजपा के संकल्प-2023 में तेंदूपत्ता तोड़ने वाले आदिवासी भाइयों के लिए प्रतिमानक बोरा चार हजार करने का संकल्प लिया था। सरकार ने इस निर्णय पर मुहर लगा दी है।

**साढ़े चार हजार करोड़ की बनेंगी सड़कें व 32 हजार करोड़ की सिंचाई परियोजनाएंः** कैबिनेट में प्रदेश में सड़कों का नेटवर्क बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया है। इसके लिए साढ़े चार हजार करोड़ रुपए के बजट को स्वीकृति दी गई। यह सड़कें केंद्र सरकार के सहयोग से बनाई जाएंगी। अभी प्रदेश में पांच लाख 11 हजार किमी सड़कों का जाल है। कैबिनेट ने प्रदेश में 32 हजार करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। विजयवर्गीय ने बताया कि सरकार का उद्देश्य सिंचाई का रकबा 45 हजार हेक्टेयर से 63 लाख हेक्टेयर ले जाने का है।

**अगली कैबिनेट उज्जैन में होगीः** विजयवर्गीय ने बताया कि हर संभाग में कैबिनेट बैठक होगी। डॉ. मोहन यादव सरकार की अगली कैबिनेट बैठक 14 जनवरी मकर संक्रांति को उज्जैन में होने वाली है। कैबिनेट बैठक में अनौपचारिक चर्चा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ की प्रोग्रोस रिपोर्ट पर भी चर्चा की गई। अब तक 40 फीसदी यात्रा प्रदेश में पूरी हो गई है। इसमें हितग्राहियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के फॉर्म भरवाकर उनका हक दिलाने का काम किया जा रहा है।

**409 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगातः** कैबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में संभाग की समीक्षा बैठक की। भंवरताल पार्क में रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही एक सभा को संबोधित किया। वहीं, सीएम ने 409 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकापर्ण और भूमिपूजन किया।

### सुबह ही 'नप' गए ...

दिए। कन्याल को मंत्रालय में बगैर विभाग का उप सचिव बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा यह सरकार गरीबों की सरकार है। सबके काम का सम्मान होना चाहिए और भाव का भी सम्मान होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रहे है। हम लगातार गरीबों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्यता के नाते ऐसी भाषा हमारी सरकार में बर्दाश्त नहीं है। मैं खुद मजदूर परिवार का बेटा हूं। अधिकारी भाषा और व्यवहार का ध्यान रखें। जो अधिकारी ऐसी भाषा बोलते हैं, उन्हें मैदान में रहने का अधिकार नहीं है। कन्याल शाजापुर में नौ महीने ही कलेक्टर रहे। उन्हें 3 अप्रैल 2023 को शाजापुर कलेक्टर बनाया गया था।

### पालतू श्वान को बचाने ...

पिकनिक स्पॉट के पास घूम रहे थे, तभी नहर पार करते समय उनका पालतू श्वान नहर में गिर गया। तेज बहाव होने के कारण श्वान पानी में बहने लगा। उसे बचाने का प्रयास करते हुए तीनों ने चेन बनाई। चेन में पानी की तरफ सबसे अंदर सरल था, जबकि जया और आसमी बाहर की तरफ थी। तीनों एक दूसरे का हाथ पकड़े थे। पानी में पहुंचते ही संतुलन बिगड़ा और तीनों गिर गए। श्वान समेत जया और आसमी नहर किनारे थे वहां पानी कम था और वह बाहर निकल आए, जबकि सरल अंदर की तरफ था और गहरे पानी में चला गया। बाहर निकलने के बाद जया और आसमी ने शोर मचाया तो वहां मौजूद चौकीदार पहुंचा था। उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### उड़ानें रद्द होने और देरी ...

एयरलाइंस और ऑपरेटरों को अचानक उड़ान रद्द होने और अधिक देरी की स्थिति में दी है। ऐसे में रद्दीकरण के मामले में एयरलाइंस या तो वैकल्पिक उड़ान प्रदान करेगी या हवाई टिकटों की पूरी वापसी के अलावा मुआवजा भी प्रदान करेगी।

## बिहार की बेटी स्वाति के मुरीद हुए पीएम मोदी

# 'राम आएंगे'... पीएम मोदी ने लिखा-मंत्रमुग्ध करने वाला

◆ भजन को शेयर कर की जमकर तारीफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह की देश-विदेश में धूम मची है।

इससे पहले पीएम मोदी ने राम आएंगे....भजन का लिंक शेयर किया है और इसे मंत्रमुग्ध करने वाला बताया है। पीएम मोदी ने बुधवार की सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भजन शेयर किया है। पीएम मोदी ने इस भजन का यूट्यूब लिंक शेयर किया है और लिखा है, श्री राम लला के स्वागत में स्वाति मिश्रा जी का भक्ति से भरा यह भजन मंत्रमुग्ध करने वाला है।

## खाद्य विभाग की टीम ने दुकान से जब्त किया सामान

# बीकानेर पर एक्सपायरी डेट के मिले ड्राई फ्रूट, नमकीन



### कानपुर मिष्ठान भंडार में मिली गंदगी, सुधार की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिवाली के बाद फिर खाद्य सुरक्षा विभाग का अमला सक्रिय हो गया है। जिसके तहत बुधवार को एमपी नगर एसडीएम एलके खरे के साथ खाद्य विभाग की टीम ने अवधपुरी में आधा दर्जन दुकानों पर जाकर जांच की। जहां श्री बीकानेर मिष्ठान भंडार में एक्सपायरी डेट के ड्राई फ्रूट्स, नमकीन, चिक्की और मठरी मिले, जिसे टीम ने जब्त कर लिया है। इधर कानपुर स्वीट्स में गंदगी मिलने पर सुधार की हिदायत दी गई है। यहां गंदगी के बीच समोसे बनाए जा रहे थे।

टीम अवधपुरी क्षेत्र स्थित श्री बीकानेर सिष्ठान्न भंडार, कानुपर स्वीट्स, श्री बीकानेर मिष्ठान्न भंडार और विजयश्री सुपर बाजार का निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान श्री बीकानेर मिष्ठान्न भंडार से बादाम बर्फी, समोसे का मसाला, आलू की सब्जी, कचौड़ी का मसाला, कानुपर स्वीट्स से समोसा मसाला, पिस्ता बर्फी, बेसन लड्डू, सोयाबीन तेल और मैंदा, श्री बीकानेर मिष्ठान्न भण्डार से नमकीन, पेड़ा, मलाई बर्फी, चिक्की, तिल के लडडू, अचार और विजयश्री सुपर बाजार से मूंगफली, पोहा, दलिया और बाजरा आटा के नमूने लिए गए।

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
स्वयं की वर्षों की रिसर्च 100% कारागर इलाज
सफेद दाग CURE CENTRE
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कबियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9300009644

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते है, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धनोपार्जन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में अव्यवस्थित रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रुचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

आवश्यकता

ऑल MP CG एयरपोर्ट हेतु पक्की जॉब लड़के-लड़कियां अनपढ़/ 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं, ग्रेजुएट लोडर, हेल्पर, ड्रायवर, ग्राउंड सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, रहना खाना फ्री + (कैब सुविधा) सैलरी 35,500/- से 85,500/- 9625271611

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644
कान्हा नानक फार्म/प्लॉट 7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
▸निवेश का सुनहरा मौका
▸डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
▸पूर्णतः विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू



प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
1200/- 10X4
अन्य साईज में 40 @Rs. sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 5384



**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

**शब्द पहेली -5383 का हल**



## सूडोकू जवाब- 5394



## खबर संक्षेप

### गोदरेज एग्रोवेट ने किया किसानों का सम्मान

**मुंबई।** गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने किसान दिवस 2023 के मौके पर भारतीय किसानों के प्रति आभार प्रकट करने के लिए एक ब्रांड फिल्म जारी की है। क्रिएटिवलैंड एशिया के साथ गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एसोसिएटेड कंपनियों की कॉर्पोरेट ब्रांड एवं कम्युनिकेशंस टीम द्वारा तैयार, यह फिल्म गोदरेज एग्रोवेट की भारतीय किसानों के प्रति सम्मान और किसान परिवारों के उत्थान में मदद करने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### वी का ईस्पोर्ट्स पर फोकस बढ़ाने का लक्ष्य

**मुंबई।** प्रमुख टेलीकॉम ऑपरेटर वोडाफोन आइडिया और पेरिस से इंटरनेशनल मान्यता प्राप्त ईस्पोर्ट्स संगठन टीम वाइटेलिटी ने भारत में ईस्पोर्ट सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक साझेदारी की है। अपनी तरह की अनूठी साझेदारी के तहत दोनों ब्राण्ड्स ईस्पोर्ट्स के प्रशंसकों और गेमिंग प्रेमियों को एक्सपोजर एवं अवसर प्रदान करेंगें। इस साझेदारी के कई पहलू होंगे जैसे ब्राण्ड स्पॉन्सरशिप, कंटेंट पार्टनरशिप्स, गेमिंग इवेंट्स और अभूतपूर्व अनुभव। इससे वी के उपभोक्ता ईस्पोर्ट्स में हिस्सा ले सकेंगे ।

### डॉ.प्रवीणा राजीव बिमटेक के नए डायरेक्टर

**नोएडा।** बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने प्रोफेसर डॉ. प्रवीणा राजीव को डायरेक्टर नियुक्त करने की घोषणा की है। वे डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी का स्थान लेंगी, जो अब बिमटेक और



बीजीयू की मूल संस्था, बिड़ला एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर के मुख्य शैक्षिक सलाहकार की भूमिका निभाएंगे और उन्हें मार्गदर्शन देंगे। आईआईटी खड़गपुर के विनोद गुप्ता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में फाइनेंस और अकाउंटिंग में एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर डॉ. प्रवीणा राजीव को व्यापक अनुभव हासिल है। उनके व्यापक पोर्टफोलियो में शिक्षण, अनुसंधान और परामर्श संबंधी भूमिकाएं शामिल हैं।

## प्रदेश की 200 एमएसएमई यूनिट्स करेंगी फेड एक्सपो में अपनी मैन्युफैक्चरिंग और क्षमताओं का प्रदर्शन

# मप्र में पहली बार तीन दिवसीय 'फेड एक्सपो 2024' जीआईए एग्जिबिशन सेंटर में 19 से

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ एमपी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के तत्वावधान से तीन दिवसीय फेड एक्सपो 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान वेंडर डेवलपमेंट एवं बायर सेलर मीट भी होगी। राजधानी भोपाल के गोविंदपुरा स्थित जीआईए एग्जिबिशन सेंटर में तीन दिवसीय (19, 20 और 21 जनवरी को) यह एक्सपो आयोजित होगा। एक्सपो के लिए भूमि पूजन मकर संक्रांति के मौके पर होगा।

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. आरएस गोस्वामी ने बताया कि मध्यप्रदेश में पहली बार आयोजित हो रहा फेड एक्सपो 2024 एंकर यूनिट्स (पीएसयू एवं लार्ज मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां) और मध्य प्रदेश की मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म इकाइयों यानी एमएसएमई के लिए एक बेहतर मंच साबित होगा। मध्य प्रदेश और आसपास के राज्यों की 200 एमएसएमई यूनिट्स एक्सपो में अपनी टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग क्षमता से इंडस्ट्री विजिटर्स को अवगत कराएंगी। इसके साथ ही फेड एक्सपो एंकर यूनिट्स के लिए भी शानदार अवसर है, जहां वह एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में वेंडर्स के साथ बिजनेस मीटिंग्स कर पाएंगे। फेड एक्सपो में समानांतर सत्र भी आयोजित होंगे। जहां कंपनियों के प्रतिनिधि एमएसएमईस यूनिट्स के बड़े समूह के साथ अपने वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं, सप्लाई चेन की चुनौतियों, वेंडर से क्या आशा और वेंडर रजिस्ट्रेशन प्रोसेस को लेकर चर्चा कर सकेंगी। इस फेड एक्सपो में भाग लेने वाली एसएमई को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय पंजीयन शुल्क में 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति प्रदान कर रही है।




**सन 1975 में हुई थी फेडरेशन की स्थापना**

फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमपीसीसीआई) की शुरुआत वर्ष 1975 में हुई। मध्य प्रदेश के उद्योग, व्यापार, कॉमर्स और इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के साथ इन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से फेडरेशन निरंतर कार्यरत है।

### यह एंकर यूनिट्स लेंगे हिस्सा

*डॉ. गोस्वामी के अनुसार लघु एवं सूक्ष्म उद्योग सेक्टर के लिए फेड एक्सपो 2024 बेहद फायदेमंद अवसर साबित होगा। यहां बड़े उद्योग अपनी वर्तमान एवं भविष्य में सामग्री एवं सेवाओं की आवश्यकताओं के बारे में भी बताएंगे। बीएचईएल, इंडियन रेलवे, पतंजलि आयुर्वेद, वॉलमार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एमपी पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड, ट्राइडेंट लिमिटेड, एंड्रिट्ज हाइड्रो प्राइवेट लिमिटेड, आईटीसी लिमिटेड, एनटीपीसी, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री जबलपुर, एमपी पावर जेनरेटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, एसएआईएल, सदर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड, सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस, भास्कर ग्रुप, एचईजी लिमिटेड, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीना रिफायनरी इत्यादि इस एक्सपो में शिरकत करेंगे। इस एक्सपो के दौरान फेडरेशन प्रदेश से निर्यात के अवसर पैदा करने के साथ बढ़ोत्तरी पर भी फोकस करेगा। यूएसए, रुस, इथोपिया, इज़रायल, मलेशिया, बेलजियम, थाईलैंड व जर्मनी आदि देशों के वाणिज्य दूतावास अधिकारी एवं वाणिज्य प्रतिनिधि इस एक्सपो में भाग लेंगे।*

## ड्राइवरों के स्टेयरिंग पकड़ने से परिवहन सेवाओं ने पकड़ी गति

# सड़कों पर सरपट दौड़े कॉमर्शियल वाहन, पटरी पर लौटने लगी जिंदगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार के आश्वासन के बाद मंगलवार रात की दरमियान से ही आंदोलन खत्म कर ड्राइवरों ने वाहनों की स्टेयरिंग पकड़ ली। बुधवार की सुबह चार्टर्ड, स्कूल और रेड बसें भी चलना शुरू हो गई। ड्राइवरों के काम पर लौटने सड़कों पर सभी कॉमर्शियल वाहन सरपट दौड़े तो परिवहन व्यवस्था के सुचारू संचालन से आम आदमी की जिंदगी पटरी पर लौटी।

ट्रक और बस ड्राइवर की हड़ताल खत्म होने से परिवहन सेवाएं फिर गति पकड़ी और डीजल-पेट्रोल से लेकर दूध और सब्जी की आपूर्ति भी सामान्य हो चली है। सिटी बसें भी रफ्तार पकड़ रही हैं। केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून में किए गए संशोधन के बाद देशव्यापी ट्रक और बस चालक हड़ताल पर थे, यह हड़ताल दो दिन चली और बाद में केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय और ऑल इंडिया मोटर टांसपोर्टर्स एसोसिएशन के बीच हुई बातचीत के बाद एसोसिएशन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया।



**वाहनों में आराम से पेट्रोल-डीजल भरवाया**

बुधवार को राजधानी भोपाल में परिवहन संचालक के साथ ही पेट्रोल पंप पर भी सामान्य स्थिति रही। लोग अपने वाहनों में आराम से पेट्रोल-डीजल भरवाया। वाहन चालकों ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10:30 बजे ड्राइवरों ने आंदोलन खत्म कर दी।



**परिवहन सेवा में सुधार आया**

हड़ताल खत्म होने के बाद बुधवार को जनजीवन सामान्य हो गया। बसों के पहिए चल पड़े, वहीं सड़कों पर खड़े ट्रक और बस भी अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। राजधानी भोपाल सहित राज्य के अन्य हिस्सों में परिवहन सेवा में सुधार आया तो जरूरी सामानों की आपूर्ति भी शुरू हो गई।

### ट्रांसपोर्टरों ने की माल लदान की बुकिंग और डिलीवरी

ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष ठाकुर लाल राजपूत ने बताया कि ड्राईवरों की हड़ताल खत्म होने से आज परिवहन व्यवस्था पटरी पर लौट आई है। भोपाल-मंडीदीप के 300 ट्रांसपोर्टर और मध्यप्रदेश के 10 हजार ट्रांसपोर्टर जिन्होंने माल लदान करने और डिलीवरी देने के इंकार कर रहे हैं अब वे माल ट्रांसपोर्टेशन का काम शुरू कर दिए है। भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि शहर और प्रदेश के बाहर सीमाओं जो ट्रक खड़े थे वह सड़कों पर चल पड़े हैं। तो ईंधन की किल्लत की आशंका में जिन ऑपरेटरों ने अपने फेरे रोक दिए उन्होंने भी वाहनों को सड़क पर उतार दिए है।

### बाजारों में चहल-पहल बढ़ी

ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल खत्म होने के साथ ही स्कूलों के वाहन चालक भी काम पर लौट आए है। आज राजधानी में ज्यादातर स्कूल खुल गए। बच्चों को स्कूल बसों सहित अन्य साधनों से भेजा गया। इसी के साथ लाल बसों के चलने से बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ी। बाजारों में लोग खरीदारी करने पहुंचे। हड़ताल के चलते दो दिन लगातार लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा, लेकिन बुधवार को राहत भरी सुबह निकली। पूरे शहर में बीसीसीएल की बसों का संचालन सुचारू रहा।


## पश्चिम मध्य रेल
### सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु "ई"-निविदा सूचना, संख्या EPS/56/2023)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक द्वारा प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| Sr. No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1 | 81236817 | Various parts of DEUTZ | 251 Nos. |
| 2 | 38232419 | FLAP DOOR CHAINLESS COTTER RIVET | 96996 Nos. |
| 3 | 90231056B | M.S. PLATE IN ASSORTED, SIZE: 16 MM THICK | 26245 Kgs. |
| 4 | 38231750B | Brake Beam Secondary | 208 Nos. |
| 5 | 38235002 | ADAPTER (NARROW JAW) | 8640 Nos. |
| 6 | 81235657 | Manufacture & supply of Level Crossing fittings | 80 Sets |
| 7 | 20234526B | SET OF DRIVER SEAT COVER | 756 Sets |
| 8 | 38232172 | Adapter Retainer Bolt with Lock Nut | 12850 Nos. |
| 9 | 50233083 | CELL 2V 200 AH CAPACITY LOW MAINTENANCE | 320 Sets |
| 10 | 20234063 | SET OF LOCK NUT F.S. ALL STEEL to CLW SPEC. | 253 Sets |
| 11 | 20234102 | Completely Assembled temperature senso | 115 Nos. |
| 12 | 30231668A | FRP body side window arrangement | 135 Nos. |
| 13 | 30231406 | Key for Brake shoe | 14820 Nos. |
| 14 | 301231547 | Procurement of Pin for FIAT bogie | 2500 Nos. |
| 15 | 30231666 | Water tank assembly RH (390 Litres) | 32 Nos. |
| 16 | 30231446B | Battery Box Frame for RMPU coaches | 97 Nos. |
| 17 | 81236615 | PART NO.: WN146-730.K-4 | 210 Nos. |
| 18 | 38232138 | COUPLER ROD (FOR AIR BRAKE) BOXN | 18254 Nos. |
| 19 | 8123WCRTP-08 | Manufacture and supply of CMS Crossing | 78 Sets |
| 20 | 8123WCRTP-56 | Manufacture and Supply of 02 nos. Joggle fish plates | 24000 Pairs |
| 21 | 30231862 | CREST FOR INDIAN RAILWAYS | 4062 Nos. |
| 22 | 30231293 | M.S. PLAIN MOULDING FOR BODY | 1824 Nos. |
| 23 | 8123WCRTP-33 | Manufacture and Supply of Glued Insulated Ra | 300 Nos. |
| 24 | 20234253 | SET OF AUXILIARY CONTACTOR | 55 Sets |
| 25 | 20234236 | PRINTED CIRCUIT BOARD TYPE UFB660A01 | 18 Nos. |
| 26 | 90231311 | WOOD BASED IMPREGNATED COMPRESSED | 3772 Nos. |
| 27 | 82231704 | Triple salt of potassium sulphate, potassium | 19 Nos. |
| 28 | 38232212 | Support and Brake Beam Support | 3090 Nos. |
| 29 | 38233566 | EMPTY LOAD DEVICE | 578 Nos. |
| 30 | 38233562 | Support and Brake Beam Support | 288 Nos. |
| 31 | 40235020A | UNINSULATED CADMIUM COPPER CATENARY WIRE | 60.1 MT |

Due Date:- For Sr. Nos. 1 to 3: 23.01.2024, For Sr. No. 4: 25.01.2024 & For Sr. Nos. 5 to 31: 29.01.2024.

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर.

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू खान पुत्र नसरुद्दीन पताः गांव कन्हारी, थानाः मेहगांव जिलाः भिंड म.प्र. ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 258/2023 धारा 376 भा.द.स. एंड 06 पॉस्को एक्ट के तहत** थानाः नांगलोई, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 258/2023 धारा 376 भा.द.स. एंड 06 पॉस्को एक्ट के तहत थाना नांगलोई, नई दिल्ली के उक्त सोनू खान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अदिति गर्ग**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–06 (पश्चिम)**
**विशेष न्यायालय, पॉस्को कमरा नं. 28,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/14872/OD/2023


इंडिया फर्स्ट लाइफ के नमन गुप्ता ने कहा

# बीमा क्षेत्र में पारदर्शिता पर केंद्रित एक व्यापक संचार रणनीति जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीवन बीमा क्षेत्र यानी लाइफ इंश्योरेंस सेक्टर के प्रतिस्पर्धी दौर और परिदृश्य में दृढ़ता का अनुपात,अपनी नीतियों को नया बनाने वाले पॉलिसी होल्डर्स के प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है, जो कि सफलता के लिए एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है।

इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस ने मजबूती बढ़ाने में कस्टमर फर्स्ट के असर के बारे में दिखाया है। निजी संचार और एक अभिनव एडवांस प्रीमियम पेमेंट (अग्रिम प्रीमियम भुगतान) सुविधा जैसी पहलों की वजह से कंपनी के 13 महीने के दृढ़ता अनुपात में प्रभावशाली आठ-प्रतिशत-बिंदु सुधार में योगदान मिला है, जो 2020 में 75.76 फीसदी से बढ़कर मार्च 2023 में 83 फीसदी हो गया है। यह बात इंडिया



फर्स्ट लाइफ के एसवीपी और हेड-ब्रांच ऑपरेशंस, पर्सिस्टेंसी एंड फाइनेंशियल ऑपरेशंस नमन गुप्ता ने कही। गुप्ता के अनुसार बीमा रिन्यूअल में सबसे ज्यादा गिरावट पहले वर्ष के बाद होती है, उद्योग और नियामक प्राधिकरण दोनों की ओर से 13 महीने के दृढ़ता अनुपात की बारीकी से निगरानी की जाती है। वित्तीय तनाव और नीतिगत लाभों के बारे में समझ की कमी नीतिगत गलती के प्रमुख कारण हैं। इन मुद्दों का समाधान करने के लिए विश्वास और पारदर्शिता पर केंद्रित एक व्यापक संचार रणनीति जरूरी है।

### पारदर्शिता को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध

इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस ने प्री-इश्यूएंस वेरिफिकेशन कॉल को लागू करके और इश्यूएंस के बाद एक पृष्ठ का प्रमुख फीचर डॉक्यूमेंट भेजकर सक्रिय कदम उठाए हैं। संचार वहां समाप्त नहीं होता है; पॉलिसी के जीवन-चक्र के दौरान समय-समय पर अपडेट कस्टमर्स को सूचित करते रहते हैं। 1 जनवरी 2024 से कस्टमर इंफार्मेशन शीट के लिए भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण का प्रस्ताव, पारदर्शिता को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और उसके अनुरूप है। कस्टमर को प्राथमिकता देकर और कस्टूमर फर्स्ट का नजरिया अपनाकर, बीमाकर्ता न सिर्फ अपने दृढ़ता अनुपात में सुधार कर सकते हैं।

परिवहन, टोल और पार्किंग भुगतान के लिए

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने की एनसीएमसी रुपे प्रीपेड कार्ड की शुरुआत



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड रुपे रीलोडेबल प्रीपेड कार्ड की शुरुआत करने की घोषणा की। वन नेशन, वन कार्ड पहल के अनुरूप, बैंक ऑफ बड़ौदा एनसीएमसी रुपे प्लेटिनम ईएमवी चिप-समर्थित संपर्क रहित प्रीपेड कार्ड एक इंटर-ऑपरेबल और बहुउद्देश्यीय परिवहन कार्ड है जिसका उपयोग देशभर में सार्वजनिक परिवहन मेट्रो तथा आने वाले समय में बस, ट्रेन, कैब, फेरी, टोल और पार्किंग के भुगतान के लिए किया जा सकता है। कार्ड का उपयोग एटीएम से दैनिक नकदी आहरण तथा पीओएस व ई-कॉमर्स के माध्यम से भुगतान के लिए भी किया जा सकता है। यह कार्ड ग्राहकों और जो ग्राहक नहीं हैं, दोनों के द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखाओं से प्राप्त किया जा सकता है और यह वास्तविक समय में उपयोग के लिए तुरंत सक्रिय कर दिया जाएगा। कार्ड एनसीएमसी-विशिष्ट टर्मिनलों पर ऑनलाइन लेनदेन के साथ-साथ ऑफ़लाइन लेनदेन को भी सपोर्ट करता है। बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक लालसिंह ने कहाकि बैंक ऑफ बड़ौदा एनसीएमसी रुपे प्रीपेड कार्ड, कैशलेस व ऑन दि गो लेन देन को एक नई दिशा देने तथा उपयोगकर्ताओं के सार्वजनिक परिवहन में आवागमन के अनुभव को बेहतर बनाने की क्षमता रखता है।

### स्वास्थ्य बीमा योजना जूनो हेल्थ प्लस पॉलिसी का अनावरण

**मुंबई।** डिजिटल बीमा कंपनी जूनो जनरल इंश्योरेंस ने नवीनतम स्वास्थ्य बीमा पॉलिस-जूनो हेल्थ प्लस पॉलिसी को शुरू किया है। इस नवाचारी स्वास्थ्य बीमा योजना को व्यक्तियों और परिवारों के लिए विशेष रूप से सस्ते प्रीमियम पर अनुरूप कवरेज और विशेष लाभ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह मुद्रास्फीति उत्पाद एक ही पॉलिसी के अंतर्गत परिवार के 9 सदस्यों को कवरेज प्रदान करता है, जो कई पॉलिसीयों को प्रबंधित करने की प्रक्रिया को आसान बनाता है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मंडीदीप जिला - रायसेन म.प्र.

दूरभाष एवं फैक्स नम्बर 07480- 407022 Email - cmomandideep@mpurban.gov.in

क्र./5258/न.पा.प./2024 — मंडीदीप, दिनांक 03.01.2024

**// अल्पकालीन ई-निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निवदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_318819_3 | अलाव हेतु सूखी जलाऊ लकड़ी | 10,00,000 | 10,000 | 2,000 | 10.01.2024 |
| 2 | 2023_UAD_323883_1 | सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपयोग समस्त सामग्रियॉ निर्धारित मापदण्ड व सूची अनुसार | 15,00,000 | 11,250 | 2,000 | 15.01.2024 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नही किया जावेगा।

**प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल**, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंडीदीप
**पुष्पा प्रेमशंकर साहू**, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंडीदीप
**सुधीर उपाध्याय**, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद मंडीदीप


## बिजनेस न्यूज

### पीएनबी के नववर्ष कैलेंडर 2024 का विमोचन



**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक भोपाल में मंडल प्रमुख मनोज कुमार ढींगरा एवं जितेंद्र सिंह के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक वर्कर्स ऑर्गेनाइजेशन मध्य प्रदेश के नव वर्ष के कैलेंडर के विमोचन ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक वर्कर्स ऑर्गेनाइजेशन के मध्यप्रदेश के महासचिव सुनील सिंह के नेतृत्व में उप महासचिव वीरेंद्र भारद्वाज, रितेश शर्मा ,विश्वामित्र, मुकेश प्रजापति ,विवेक धार्मिक, रघुवंशी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख ढींगरा द्वारा संगठन के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और और इस वर्ष मंडल को प्रथम स्थान पर लाने के लिए प्रेरित किया। सुनील सिंह ने प्रबंधन को सुनिश्चित किया है कि बैंक प्रबंधन की जो भी अपेक्षाएं संगठन से है संगठन का एक-एक कार्यकर्ता पंजाब नेशनल बैंक को नंबर वन बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

### अनएकेडमी के छात्रों का एमपीपीएससी में बेहतर प्रदर्शन

**भोपाल।** लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने मध्यप्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (एमपीपीएससी) परीक्षा में अपने छात्रों की उत्कृष्ट सफलता की घोषणा की है। यह उपलब्धि प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभा एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की अनएकेडमी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।अनएकेडमी के छात्रों ने एमपी स्टेट सर्विसेज एक्जाम 2019 में उल्लेखनीय प्रदर्शन दिया है, 100 से अधिक रैंक्स अनएकेडमी के छात्रों ने हासिल की हैं। अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ आनंद कुमार राय को डीएसपी की पोस्ट मिली है। अन्य सफल छात्रों में-हरनीत कौर (डिप्टी कलेक्टर), सलोनी अग्रवाल (डिप्टी कलेक्टर), आशुतोष त्यागी(डीएसपी) और संयुक्ता उइके (डीएसपी) शामिल हैं। अनएकेडमी अपने सभी सफल छात्रों को बधाई देती है और उन्हें ऐसा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है, ताकि वे अकादमिक एवं पेशेवर उद्देश्यों को हासिल कर सकें।

### सर्वोकॉन को मिला 'टाइप टेस्ट एंड स्पेशल टेस्ट' प्रमाणन

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन संगठन केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई)-भोपाल ने सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड को 5एमवीए (33/11किलोवॉट) पावर ट्रांसफॉर्मर पर टाइप टेस्ट्स एंड स्पेशल टेस्ट्स प्रमाणन दिया है। सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेडके संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक हाजी कमरुद्दीन ने इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहाकिसीपीआरआई-भोपाल से 5एमवीए (33/11किलोवॉट) पावर ट्रांसफॉर्मर के लिए टाइप टेस्ट्स एंड स्पेशल टेस्ट्स प्रमाणन मिलना भरोसेमंद और उच्च प्रदर्शन वाले विद्युत ट्रांसफॉर्मर पेश करने के लिए हमारे समर्पण का प्रमाण है।

### एसपीआईईएफ में शामिल हुए कंपनियों के 150 से अधिक प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।** दिल्ली, मुंबई और बैंगलोर में एसपीआईईएफ 2024 (सेंट पीटर्सबर्ग अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच) की तैयारियों के तहत कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इन बैठकों ने फोरम के संदर्भ में रूसी-भारतीय आर्थिक एवं मानवतावादी संबंधों के विकास की संभावनाओं पर रोशनी डाली। भारत गणराज्य में मीडिया एवं जानी-मानी कंपनियों से 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने इन ऑफ साईट सत्रों में हिस्सा लिया। भारत से सबसे ज़्यादा प्रतिनिधियों ने एसपीआईईएफ 2023 में हिस्सा लिया था और ऑफ साईट आयोजनों की इस श्रृंखला ने दर्शा दिया कि आपसी कारोबार हितों के बढ़ने का सिलसिला जारी है।


## कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत-रातीबड़ तहसील हुजूर जिला भोपाल

क्रमांक/क्यू/रा.नि./2023
दिनांक 02/01/2024

**-: सूचना-पत्र :-**

1. अंजला एक्का पत्नी सेवास्टिमन एक्का, बगैरा निवास- 96 कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल। 2. कामिनी सोभानी पत्नी रामचंद्र जी सोभानी निवास- लोटस -3 सनसिटी, एयर पोर्ट रोड भोपाल। 3. मुस्कान गोयल पत्नी संजय गोयल निवास- 59-A जानकी नगर चूना भट्टी भोपाल।

विषयः- धारा 129 मध्य प्रदेश भू- राजस्व संहिता 1959 के अन्तर्गत भूमि का सीमांकन बाबत्।

विषयान्तर्गत आवेदक श्री प्रणव कुमार पाठक आ. श्री आर.एल. पाठक निवासी भोपाल, द्वारा ग्राम मेण्डोरी ,प.ह.न. तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा नं. 386 कुल रकबा 0.110 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन दिनांक 09/01/2024 को समय 12 बजे से किया जाना है। आपकी उपस्थिति अनिवार्य है । अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन की कार्यवाही रोकी नहीं जावेगी।

**राजस्व निरीक्षक / पटवारी**
**ग्राम वृत- रातीबड़/फन्दाकला**
**तहसील हुजूर जिला भोपाल**



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-2, लोक निर्माण विभाग, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल , दूरभाष - 0755 2465467

क्रमांक 29/व.ले.लि./सी.2/2022-23 — भोपाल, दिनांक 01.01.2024

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्न लिखित कार्यो हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन के तहत पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | एन.आई.टी. क्र. | सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 165/SAC dt 01.01.2024 | 2024_CPA_323097_1 | मंत्रालय वल्लभ भवन ब्लॉक-1 में फायर एक्स्टिंग्यूशर लगाने का कार्य। | रू. 11,29,224/- (रू. ग्यारह लाख उनतीस हजार दौ सौ चौबीस) | Rs. 22,585/- | Rs. 2,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। |
| 2 | 166/SAC dt 01.01.2024 | 2024_CPA_323098_1 | सतपुड़ा भवन, भोपाल में फायर एक्स्टिंग्यूशर लगाने का कार्य | रू. 12,41,845/- (रू. बारह लाख इकतालीस हजार आठ सौ पैंतालीस) | Rs. 24,837/- | Rs. 2,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। |
| 3 | 167/SAC dt 01.01.2024 | 2024_CPA_323099_1 | विध्याचल भवन भोपाल में फायर एक्स्टिंग्यूशर लगाने का कार्य। | रू. 12,05,125/- (रू. बारह लाख पांच हजार एक सौ पचीस) | Rs. 24,103/- | Rs. 2,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16/01/2024 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।

**कार्यपालन यंत्री,**
**राजधानी संभाग क्रमांक-2**
**लोक निर्माण विभाग,**
**ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल**
**दूरभाष - 0755 2465467**

जी-22524/23

## चिंतन

# महिलाओं के हित में केंद्र सरकार का नया फैसला

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने ऐसे कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है, जो अपनी फैमिली पैंशन बच्चों को देना चहाते हैं। अब वो ऐसा कर सकते हैं। अगर सरकारी नौकरी में कोई महिला कर्मचारी है और उनकी शादी टूट गई है तो ऐसी स्थिति में अब वो अपने पति से पहले अपने बच्चों को फैमिली पेंशन के लिए नॉमिनेट कर सकती है। 2021 के नियमों के तहत अगर किसी सरकारी कर्मचारी या रिटायर्ड कर्मचारी की मौत हो जाती है, तो उसके परिवार को फैमिली पेंशन दी जाती है। पहले ये पेंशन सबसे पहले मृतक के पति या पत्नी को मिलती थी, लेकिन अब अगर पति-पत्नी के बीच मनमुटाव है, तो कर्मचारी अपने बच्चों को पहले नॉमिनेट कर सकता है या कर सकती है। ये नियम उन सभी सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा जिनका निधन एक सितंबर 2021 के बाद हुआ है। इसके लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। अनेक ऐसे परिवार थे, जहां कर्मचारी किसी कारण से अपनी पत्नी से अलग हो चुका है, लेकिन पैंशन पाने की हकदार पत्नी ही थी। अब केंद्र सरकार के पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत महिला कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन के लिए अपने पति की जगह अपने बच्चे/बच्चों को नामित करने की भी अनुमति दी गई है। यह संशोधन महिला सरकारी कर्मचारी की पारिवारिक पेंशन को उसके पति की वरीयता में एक योग्य बच्चे को वितरित करने की अनुमति देता है। यह उन सभी मामलों में जहां उसने तलाक की याचिका या घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम के तहत याचिका दायर की है या भारतीय दंड संहिता के तहत मामले हैं, उन पर लागू होगा। यह संशोधन महिला और बाल विकास मंत्रालय के परामर्श से प्राप्त अभ्यावेदनों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया। नई व्यवस्था से महिलाओं को फायदा होगा, क्योंकि उन्हें शादी टूटने के बाद पति पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उनके बच्चों को पेंशन मिलने से उनका भविष्य सुरक्षित हो जाएगा। ये नियम सिर्फ उन मामलों में लागू होगा जहां शादी टूट गई है और बच्चे पात्र होंगे। पति को पेंशन तभी मिलेगी जब बच्चे पात्र नहीं रहेंगे। असल में होता क्या था, कई बार कर्मचारी महिला या पुरुष किसी भी कारण से अपने जीवन साथी से अलग हो चुका होता था, लेकिन अगर तलाक नहीं हुआ हो तो पैंशन पाने का अधिकारी जीवन साथी ही होता था। विशेषकर महिला कर्मचारी और सिंगल मदर के लिए विकट हालात की स्थिति थी। उसके न रहने पर पैंशन बच्चों को न मिलकर उसके पति को मिलती थी। इसका खामियाजा महिला कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसके बच्चों को भुगतना पड़ता था। सरकार ने यह संशोधन करके संवेदनशीलता दिखाई है। अगर किसी सिंगल मदर की मृत्यु हो जाती है तो उसकी पैंशन के हकदार तब तक उसके बच्चे होंगे जब तक वे बालिग नहीं हो जाते। उसके बाद पैंशन उसके पति को मिलेगी। इसके लिए कर्मचारी अपने बच्चों को पैंशन के लिए नॉमिनेट करेगा। सरकार के इस फैसले से सिंगल मदर या सिंगल फादर को बहुत राहत मिलेगी। सिंगल मदर महिला कर्मचारी अब अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित नहीं रहेगी। पैंशन से ही उसके बच्चे अपना भविष्य संवार सकेंगे।



श्रीराम मंदिर
अवधेश कुमार

# प्राण प्रतिष्ठा से विपक्ष दूर क्यों

> अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में कायम यह वातावरण अस्वाभाविक नहीं है। हमारे देश में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या रही है जो श्रीराम मंदिर आंदोलन के महत्व और उसके प्रभाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। यह देखते हुए भी कि अयोध्या आंदोलन ने भारतीय जनता पार्टी को देश के एक बड़े वर्ग का चहेता बना दिया ऐसे लोग आज तक सच्चाई स्वीकारने को तैयार नहीं हैं। उनका यही मानना रहा है कि भाजपा और संघ ने जानबूझकर अपनी राजनीति के लिए श्रीराम मंदिर के मुद्दे को उठाया, हिंदुओं का ध्रुवीकरण करके अपना वोट बैंक बढ़ाया। कुछ नेताओं का बयान भी है कि आखिर लोकसभा चुनाव के पहले ही इसकी प्राण प्रतिष्ठा क्यों हो रही है?

अनेक विपक्षी दलों के नेताओं ने साफ कर दिया है कि वो निमंत्रण मिलने के बावजूद अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कुछ लोगों ने तो इस कार्यक्रम का ही तीखा विरोध कर दिया है। हालांकि इसके परे आम लोगों में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तथा लोकार्पण को लेकर उत्साह का माहौल साफ दिखाई पड़ता है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में कायम यह वातावरण अस्वाभाविक नहीं है। हमारे देश में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या रही है, जो श्रीराम मंदिर आंदोलन के महत्व और उसके प्रभाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। यह देखते हुए भी कि अयोध्या आंदोलन ने भारतीय जनता पार्टी को देश के एक बड़े वर्ग का चहेता बना दिया, ऐसे लोग आज तक सच्चाई स्वीकारने को तैयार नहीं है। उनका यही मानना रहा है कि भाजपा और संघ ने जानबूझकर अपनी राजनीति के लिए श्रीराम मंदिर के मुद्दे को उठाया, देश में सांप्रदायिक विभाजन किया तथा हिंदुओं का ध्रुवीकरण करके अपना वोट बैंक बढ़ाया। कुछ नेताओं का बयान भी है कि आखिर लोकसभा चुनाव के पहले ही इसकी प्राण प्रतिष्ठा क्यों हो रही है? उनके अनुसार यह सीधे-सीधे राम मंदिर का राजनीतिकरण है। कोई पार्टी केंद्र की सत्ता में है तो उसकी भूमिका के पीछे राजनीति होगी। क्या यह मान लिया जाए कि प्राण प्रतिष्ठा का पूरा कार्यक्रम केवल भाजपा की राजनीति है और वह इसका 2024 की दृष्टि से लाभ लेना चाहती है?

इसके उत्तर के लिए यह प्रश्न करना होगा कि फिर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम कब रखा जाना चाहिए था? जिन लोगों के लिए आज भी मंदिर कोई मुद्दा नहीं है उनके वक्तव्य की इस संदर्भ में कोई प्रासंगिकता नहीं है। उन सारे हिंदुओं के बारे में विचार करिए जिनके मन में यह आकांक्षा थी कि करीब 500 वर्ष पहले जिस पवित्र मंदिर को ध्वस्त करके मस्जिद बनाई गई, वहां मंदिर का निर्माण हो। इस मंदिर को बचाने और फिर बाद में उस जगह को प्राप्त कर पूजा पाठ करने के लिए संघर्ष का लंबा इतिहास है। अनेक इतिहासकारों ने उसे महत्व देने की कोशिश नहीं की। न्यायालयों में दोनों पक्षों की हुई बहस से साफ हो गया कि इसके लिए संघर्ष सतत चलता रहा। इसमें हिंदुओं के साथ सिख, बौद्ध ,जैन सबकी भूमिका रही है। इतने संघर्ष और स्वतंत्रता प्राप्ति के बावजूद लगभग 72 वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद इसका फैसला आया। क्या उस फैसले को साकार करने के लिए समय सीमा का संकल्प नहीं होना चाहिए था? हमारे देश में किसी भी निर्माण में समय सीमा का संकल्प नहीं दिखाते हैं तो वह कितना आगे खींच जाएगा इसकी कल्पना हम आप सबको है। एक निर्माण कार्य शुरू होने के बाद वह कब पूरा होगा इसकी गारंटी नहीं होती। वैसे भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन के कुछ समय बाद धीरे-धीरे यह समाचार आने लगा था कि आम लोगों के दर्शन और पूजन के लिए 2023 के अंत या 2024 के आरंभ में श्रीराम मंदिर खुल जाएगा। निश्चित रूप से इसे हर हाल में पूरा किया ही जाना चाहिए था।



कौन सा चुनाव कब है, इसका प्रभाव उन चुनावों पर क्या पड़ेगा इसकी दृष्टि से विचार करना अनुचित होता। संसदीय लोकतंत्र में चुनाव अपने समय पर आयोजित होते हैं और उसके लिए ऐसे ऐतिहासिक सांस्कृतिक आयोजन को टाला नहीं जा सकता।

संकल्पबद्धता का ध्यान रखते हुए दिन रात एक नहीं किया जाता तो 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा संभव नहीं होती। संपूर्ण मंदिर और उससे संबंधित अन्य निर्माण कार्य आगे भी जारी रहेंगे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब सरदार वल्लभभाई पटेल, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे महान नेताओं ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की योजना बनाई, तब भी उसका विरोध हुआ था। हालांकि तब देश में न मीडिया का इतना प्रसार था और न राजनीति में ऐसा तीखा विभाजन और वोट की रणनीति की दृष्टि से ही हर मुद्दे पर अपना स्टैंड लेने का माहौल था। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण, प्राण प्रतिष्ठा और निर्माण की पूरी कथा जिन्हें पता है वो किसी तरह का प्रश्न नहीं उठा सकते। 8 मई 1950 को मंदिर की आधारशिला रखी गई तथा 11 मई, 1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मंदिर में ज्योतिर्लिंग स्थापित किया। तब तक मंदिर का संपूर्ण निर्माण नहीं हो पाया था। दूरदर्शी नेताओं का मानना था कि ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा के साथ धीरे-धीरे देश का वायुमंडल बदलेगा और भारत फिर 15 अगस्त, 1947 के पहले की दुर्दशा को प्राप्त नहीं होगा। ध्यान रखिए, वर्तमान सोमनाथ मंदिर का निर्माण 1962 में जाकर पूरा हुआ। इसलिए आधे-अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर प्रश्न उठाने वाले सोमनाथ मंदिर के इतिहास को अवश्य पढ़ लें।

वास्तव में इस तरह का प्रश्न उठाने वाले लोगों की सोच को समझना कठिन नहीं है। इनमें कुछ ऐसे हैं जिनको मंदिर से ही समस्या रही है। कुछ संघ और भाजपा के स्थायी विरोधी हैं। किसी संगठन या राजनीतिक दल का विरोध करने में समस्या नहीं है पर हर विषय में हमारा विरोध का ही स्टैंड रहे, यह अपनी नकारात्मकता और कुंठा को प्रमाणित करता है। राम मंदिर केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं है, भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण, एक आध्यात्मिक राष्ट्र के रूप में भारत के उद्भव तथा विश्व कल्याण के लिए समर्पित भावना वाले देश के उदय की दृष्टि से इसका महत्व है। संघ परिवार या अन्य हिन्दू संगठनों के लिए यह आंदोलन किसी एक मंदिर के निर्माण तक ही सीमित नहीं था। किसी की संघ या अन्य संगठनों से जितना भी मतभेद हो, श्रीराम मंदिर आंदोलन ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और एक सांस्कृतिक पहचान के साथ राष्ट्र के उद्भव का संपूर्ण संकेत दिया। धीरे-धीरे इसके पीछे विरोध में कमी आई और ऐसे लोग भी अंदर से मानने लगे कि वहां मंदिर निर्माण ही होना चाहिए, जो पहले यह स्वीकार नहीं करते थे। राजनीतिक दलों के सामने समस्या यह हो गई कि राम मंदिर का विरोध करेंगे तो एक बड़े वर्ग के वोट से वंचित हो जाएंगे। इसलिए अनेक दल और नेता न चाहते हुए भी इसके विरोध में खड़े होने से बचने लगे। यह बदले हुए भारत का ही परिणाम था जो आज तक कायम है। इसलिए राम मंदिर का सार्वजनिक विरोध करने वाले नेताओं की संख्या काफी कम हो गई। लगातार विरोध करने और नकारने के बाद उन सबके लिए मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना कठिन है और इसे आसानी से समझा जा सकता है। आखिर कल तक विरोध करने वालों को लगता होगा कि वह किस मुंह से वहां जायें। इनकी समस्याओं के कारण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा नहीं रुक सकती। हालांकि इन्हें लगता है कि नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ इसका लाभ ले जाएंगे तो इन्हें अवश्य शामिल होना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## खोज
प्रमोद भार्गव



# अब ब्लैक होल के भी खंगाले जाएंगे रहस्य

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ब्लैक होल यानी कृष्ण विवर के रहस्यों को खंगालने के नजरिए से एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह (एक्सपोसैट) का प्रक्षेपण नववर्ष के पहले दिन कर दिया है। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी 58 रॉकेट अपने साठवें अभियान पर प्रमुख पेलोड 'एक्सपोसैट' और 10 अन्य उपग्रह लेकर गया है। इस अभियान की उम्र करीब पांच वर्ष है। इसरो के अनुसार यह उपग्रह खगोलीय स्त्रोतों से एक्स-रे उत्सर्जन का अंतरिक्ष आधारित ध्रुवीकरण माप में अध्ययन करने के लिए इसरो का पहला अभियान है। इसके पहले केवल अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दिसंबर 2021 में सुपरनोवा विस्फोट के अवशेषों, ब्लैक होल से निकलने वाले कणों की धाराओं और अन्य खगोलीय घटनाओं के अध्ययन के लिए उपग्रह भेजा था, जिसका जीवन काल केवल दो वर्ष था जो अब पूरा हो रहा है। एक्सपोसैट के दस पेलोड में से एक केरल के लालबहादुर शास्त्री तकनीकी संस्थान द्वारा निर्मित है, जिसे महिला वैज्ञानिकों के समूह ने बनाया है।

दुनियाभर के वैज्ञानिक इस बात को लेकर उत्सुक है कि यह उपग्रह पांचर वर्ष में कृष्ण विवर के किन अनसुलझे रहस्यों को जानने में मददगार



साबित होगा। दरअसल एक्सपोसैट के अध्ययन का दायरा विस्तृत है। यह अंतरिक्ष में मृत तारों की संरचना का अध्ययन करने के अलावा ब्लैक होल तथा अन्य न्यूट्रॉन सितारों के निकट की विकिरण की प्रक्रिया को भी जानने का प्रयास करेगा। यह ब्रह्माण्ड में सबसे अधिक चमकने वाले तत्वों के रहस्यों से पर्दा उठाएगा। ब्रह्मांड की असीमित परिधि में अनेक रहस्यमयी पिंड विचरण कर रहे हैं। जिस तरह ब्रह्मांड का विस्तार अनंत है, उसी तरह इसमें अनंत आकाशीय पिंड, तत्व, पदार्थ, गैसें, ग्रह, नक्षत्र, तारे और मंदाकनियां भी अनंत हैं। हमारे वैदिक ऋषियों ने इन्हें खंगालने की शुरुआत हजारों साल पहले कर दी थी। अब आधुनिक वैज्ञानिक दो सौ साल से इन्हें खंगालने में लगे हैं। बावजूद ब्रह्मांड का सबसे बड़ा व प्रमुख रहस्य यह है कि ब्रह्मांड को गतिमान बनाए रखने के जो पदार्थ और ऊर्जाएं हैं, उनका मात्र चार प्रतिशत ही हम अब तक जान पाए हैं। सच यह भी है कि जिसे वैज्ञानिक अदृश्य पदार्थ या ऊर्जा कह रहे हैं, वह किस तरह का पदार्थ अथवा ऊर्जा है, इसकी सटीक जानकारी भी नहीं है। अब जाकर वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि कृष्ण विवर में लंबे समय तक गैसों के लगातार एकत्रित होते रहने से ब्लैक होल क्वासर के रूप में परिणत होकर चमकने लगता है। इस अध्ययन से उस कालखंड में कृष्ण-विवरों पर गैसों का किस तरह प्रभाव पड़ता था, इस परिप्रेक्ष्य में नई समझ विकसित हुई है।

वैज्ञानिकों ने इस खोज में दावा किया है कि जितना अधिक चमकीला क्वासर होगा, आकार में वहां उतना ही विराट विवर होगा। उसकी गहराई भी उतनी ही ज्यादा होगी। मंदाकिनी के केंद्र में बनने वाले एक विषालकाय कृष्ण-विवर का आकार सूर्य से करोड़ों अथवा अरबों गुना तक बड़ा होता है। हमारी निहारिका या आकाशगंगा में जो सुपरमैसिव कृष्ण-विवर होता है, उसे सैगिटेरियस-1 नाम दिया गया है। इसके द्रव्यमान का अनुमान 40 लाख सूर्यों के बराबर माना गया है। सभी कृष्ण-विवर आकार में बड़े ही होते हों, ऐसा भी नहीं है। एक अणु के बराबर कृष्ण-विवर भी होते है, लेकिन इनका द्रव्यमान एक बड़े पहाड़ के बराबर होता है। विराट ब्रह्मांड में तारों के इर्द-गिर्द गुरुत्वाकर्शण के प्रभाव से ही ग्रह निरंतर परिक्रमा में लगे रहते हैं। इसी कारण सौरमंडल के गृह सूरज की परिक्रमा में लगे हैं। पहले इन्हें अत्याधिक तीव्र रेडियो या आकाशीय तरंगों के स्त्रोत के रूप में देखा व जाना गया। नतीजतन इन्हें क्वासर स्टेलर रेडियो सोर्स नाम दिया गया था।

दरअसल, ब्रह्मांडीय विचलनों के चलते पृथ्वी पर चल रहे जीवन को लेकर अनेक चुनौतियां और आशंकाएं पैदा होने लगी हैं। चूंकि सौर्यमंडल के सारे ग्रह गुरुत्वाकर्षण बल के जरिए ही परस्पर जुड़े हुए हैं और एक-दूसरे को संतुलित रखते हुए गतिशील हैं। मंदाकिनी और तारों का अचानक विलोपित हो जाना और अपने पीछे एक कृष्ण विवर छोड़ जाना सौरमंडल के लिए खतरे का संकेत है। इनका द्रव्यमान इतना सघन और गुरुत्वाकर्षण बल इतना तीव्र होता है कि प्रकाश की किरणें भी इनके पार नहीं जा पाती हैं। यह इन्हें अवषोशित कर लेते हैं। ये सब प्रक्रियाएं किस तरह से घटित होती हैं, इन रहस्यों से ही पर्दा उठाने का काम भारतीय उपग्रह एक्सपोसैट करेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# तृष्णा से मुक्त होना ही संसार से मुक्त होना



संकलित
**दर्शन**

कबीर कहते हैं कि हम में से प्रत्येक व्यक्ति संसार से मुक्त होने की इच्छा रखता है, लेकिन अपनी तृष्णाओं से मुक्त नहीं होता, उससे घिरा रहता है। जब तक ये हमारे भीतर जीवित हैं, हम संसार से मुक्त नहीं हो सकते। इससे मुक्त होकर इस संसार से जाने पर दोबारा जन्म नहीं होता। वास्तव में तृष्णा से मुक्त होना ही संसार से मुक्त होना है। तुम अहंकार की ऊंचाइयों पर उठे और वहां भी तुमने भीतर क्षुद्रता का ही वास पाया। तुम महलों में रहे, लेकिन तुम्हारे भीतर की वासना का भिखमंगापन नहीं मिटा। तुमने सब कमाया और तुमने पाया कि सब कमाना अपने को गंवाना है। बुद्ध निरंतर कहते हैं कि तुम तृष्णा से मुक्त हो जाओ, तुम संसार से मुक्त हो गए। तुम कोई कामना नहीं करो कि यह मुझे पूरा करना है। तुम जैसे हो वैसे होने से राजी हो जाओ, फिर तुम्हारा कोई जन्म नहीं होगा। तुम जहां हो वहीं ऐसे तृप्त हो जाओ जैसे मंजिल पर हो। कोई यात्रा नहीं है करने की, कहीं जाना नहीं है। जो पा लिया, वह काफी से काफी है। जो मिल गया, वह पर्याप्त से ज्यादा है। जो हो गया, उससे ज्यादा का कोई खयाल नहीं है। तब तुम्हें कैसे जन्म मिल सके गा? तब तुम पूरे होकर मरोगे। और जो पूरा होकर मरता है, उसके आने की कोई जरूरत नहीं रह जाती। उसने मरने की कला जान ली। जो तृष्णा-शून्य मरता है, वह मरने की कला जान गया।' कितने जन्मों से तुम मर रहे हो और एक क्षण को तुमने विचार नहीं किया, लौट कर एक बार नहीं सोचा कि तुम क्यों इस जाल में फंसे हो।

# आमदनी और खर्चों के बीच संतुलन



संकलित
**प्रेरणा**

चाणक्य शास्त्र में आचार्य चाणक्य ने तरक्की की राह पर आगे बढ़ने और जीवन में महान उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखने की सलाह दी है। चाणक्य के अनुसार, व्यक्ति में कई ऐसी बुरी आदतें होती हैं, जिससे जीवन में धन की तंगी का सामना करना पड़ता है और व्यक्ति की आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे खराब होने लगती है। चाणक्य का मानना है कि जिस घर में अक्सर गृह-क्लेश की स्थिति रहती है। व्यक्ति की बोल हमेशा कड़वे रहते हैं और ज्यादातर समय दूसरों की बुराई करने में व्यतीत होता है। ऐसे लोग की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बिना सोचे-समझे धन खर्च करने से व्यक्ति को अक्सर धन की तंगी का सामना करना पड़ता है। इसलिए आय से अधिक खर्च ना करें। बचत पर ध्यान दें। आमदनी और खर्चों के बीच संतुलन बनाए रखें। इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। चाणक्य नीति के अनुसार, कड़ी मेहनत और व्यक्ति के गुण-ज्ञान से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता जरूर मिलती है और उसे धन, सुख और संपत्ति की कभी कमी नहीं रहती है। इसलिए लालच से हमेशा दूर रहना चाहिए और ईमानदारी से धन अर्जित करना चाहिए। आचार्य चाणक्य के अनुसार, जिस घर में ज्यादा गंदगी रहती है और व्यक्ति साफ-सुथरे वस्त्र नहीं पहनते हैं। ऐसे लोगों को जीवनभर दरिद्रता का सामना करना पड़ता है। इसलिए घर की साफ-सफाई के साथ स्वच्छ कपड़े पहनें।

## सटाका




## आज की पाती

### सड़क हादसों का बढ़ता ग्राफ चिंताजनक

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों का जो आंकड़ा पेश किया है, जो वह बहुत ही चिंता का विषय है। इन आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में लगभग 4 लाख से ऊपर सड़क दुर्घनाएं हुईं। इनमें लगभग एक लाख से ऊपर लोगों की मौत और लगभग 4 लाख से ऊपर घायल हुए। लेकिन यह भी हो सकता है कि कुछ सड़क हादसे ऐसे हों जिनका कोई रिकॉर्ड न हो, जैसे कि टूटी-फूटी गलियों या सड़कों पर हुए हों, जिनका पुलिस केस न बना हो। बढ़ते सड़क हादसों की समस्या तो आतंकवाद और नक्सलवाद से भी बड़ी समस्या है। सरकार हमारी सुविधा के लिए सड़कों का विस्तार कर रही है, इन्हें अच्छा बना रही है, लेकिन इनका प्रयोग कैसे सावधानी से करना है, यह तो हमारी जिम्मेदारी है न! *–दिनेश कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### सरकार की प्राथमिकता



हम भारत वर्ष की नारी शक्ति को सशक्त बनाने और उन्हें भारत की प्रगति का संचालक बनाने को अत्यधिक प्राथमिकता देते हैं। केरल में श्रीत्रि शक्ति मोदिक्कोप्पम में बोलते हुए हमने अपनी इसी प्राथमिकता को दोहराया है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### वीवीपैट बहुत जरूरी



लोकतंत्र में यह जानना हमारा अधिकार है कि मेरा वोट सही ढंग से डाला गया है। मैंने कभी भी ईवीएम पर भरोसा नहीं किया। वीवीपैट मुझे दिखाता है कि मेरे वोट का सही उपयोग हुआ है। ये मुझे आश्वस्त करने के लिए बहुत जरूरी है।
**-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता**

### सत्य की जीत



माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से पता चलता है कि सत्य की जीत हुई है। सत्यमेव जयते। मैं उन लोगों का आभारी हूं जो हमारे साथ खड़े रहे। भारत की विकास गाथा में हमारा विनम्र योगदान जारी रहेगा। जय हिन्द।
**-गौतम अडाणी, उद्योगपति**

### नए लक्ष्य पाने का अवसर



पिछले सालों में युवा हुए करोड़ों नागरिकों को यह देखने का अनुभव ही नहीं है कि प्रधानमंत्री कभी प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करते थे, कैसी होती थी वह? वे जानते ही नहीं कि लोकतंत्र में प्रधानमंत्री कैसे प्रेस के माध्यम से जनता को अपनी जवाबदेही निभाता है।
**-राहुल देव, पत्रकार**

## करंट अफेयर

# चट्टान में बन रही दुनिया की सबसे बड़ी घड़ी



**टेक्सास।** दुनिया के सबसे अमीर इंसानों में शामिल जेफ बेजोस ने अंतरिक्ष यात्रा कराने वाली सर्विस की शुरुआत की थी, लेकिन अंतरिक्ष की ऊंचाई नापने से पहले से ही वह एक चट्टान से जुड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। ये प्रोजेक्ट है एक घड़ी बनाने का, लेकिन यह कोई मामूली घड़ी नहीं होगी। इस क्लॉक को बनाने के लिए बेजोस 42 मिलियन डॉलर इंवेस्ट कर चुके हैं। यह घड़ी 10 हजार सालों तक इंसानों को सटीक समय बताएगी। यह साल में एक बार घूमेगी। हर 1 हजार साल में कूकू होगी। इस घड़ी को बनाने का विचार अमेरिका के कंप्यूटर वैज्ञानिक डैनी हिलिस के दिमाग में आया था। डैनी हिलिस इस आइडिया पर 1989 से काम कर रहे हैं। उनका मानना है कि जिस तरह स्टोनहेंज और पिरामिड हमारे लंबे अतीत की कल्पना करने में मदद करते हैं। उसी तरह 10,000 साल वाली यह क्लॉक हमें हमारे लंबे भविष्य की कल्पना करने के लिए मदद करेगी।

## ऑफ बीट

# उल्काएं, सुपरमून, एक धूमकेतु 2024 में द बहुत कुछ ...



हम 2024 में दक्षिणी आकाश में कौन सी रोमांचक घटनाएं देखेंगे? उल्कापात, चंद्रमा द्वारा ढका हुआ शनि, चमकीले ग्रहों का एक-दूसरे के करीब आना, सुपरमून – और, अगर हम भाग्यशाली हैं, तो आंखों से दिखाई देने वाला धूमकेतु। भले ही आप प्रकाश प्रदूषण से घिरे शहर में रहते हों, ये सब देखने लायक हैं। यहां कुछ मुख्य घटनाक्रम इस प्रकार हैं। मई में दक्षिणी गोलार्ध के दो मुख्य उल्कापातों में से पहला एटा एक्वेरिड या एटा एक्वेरिड शावर है। इसका नाम कुंभ राशि के एक तारे, वाटर कैरियर के नाम पर रखा गया है, क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है कि उल्कापिंड वहीं से उत्पन्न होते हैं। उल्कापिंड छोटे कण होते हैं जो पृथ्वी के वायुमंडल से टकराते हैं और जलते ही प्रकाश की एक लकीर बनाते हैं। उल्कापात तब होता है जब कई कण टकराते हैं, सभी एक ही दिशा से आते हैं। वे आम तौर पर पृथ्वी के धूमकेतु द्वारा छोड़ी गई धूल की धारा से गुजरने के कारण होते हैं। एटा एक्वेरिड्स के लिए, धूमकेतु प्रसिद्ध हैली धूमकेतु है, जिसे पहली बार 2,000 साल से भी पहले दर्ज किया गया था। 2024 में, सोमवार 6 और मंगलवार 7 मई की सुबह उन्हें देखने का अच्छा अवसर मिलेगा, क्योंकि चंद्रमा आकाश में चमक नहीं रहा होगा। दिसंबर में दो मुख्य उल्कापातों में से दूसरा जेमिनीड शावर है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।




# ओम से शांति का संदेश: तीन दोस्तों ने दस दिन में की भोपाल से नेपाल तक की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्दियों की सनसनाहट होते ही एडवेंचर लवर्स पहाड़ों की सैर पर निकलने लगे हैं। शहर के तीन राइडर दोस्तों ने भोपाल से लेकर बर्फ के पहाड़ों से घिरे नेपाल तक की बाइक राइड का रोमांच उठाया है। इस दौरान 5800 किमी की ओम से शांति बाइक राइड करते हुए दोनों देशों के प्रमुख 24 मंदिरों में माथा टेका। इसमें से आठ बौद्ध धर्म के थे। राइडर जीत भोपाली (जितेंद्र बोड़खे) और उनके दोस्त पलाश शर्मा तथा प्रिंस पवार ने भोपाल से नेपाल की यात्रा शुरू की थी और 10 दिन की शानदार ट्रिप के बाद अब वे वापस भोपाल आ चुके हैं। तीनों दोस्तों ने कुल 5800 किलोमीटर की यात्रा की और दोनों देशों के दो दर्जन मंदिरों में दर्शन किए।

**5800 किमी की बाइक राइड में दोनों देशों के प्रमुख 24 मंदिरों में टेका माथा**

### पशुपतिनाथ और अयोध्या के राम मंदिर के दर्शन

जीत बताते हैं कि हमने अपनी ट्रिप में एडवेंचर का मजा तो लिया ही साथ ही धर्म-आध्यात्म का संदेश भी दिया। ओम से शांति राइड में हमने भारत और नेपाल के कुल 24 मंदिरों में माथा टेका और धर्म का संदेश लेकर आगे बढ़े। इसमें अयोध्या का निर्माणाधीन राम मंदिर, नेपाल की राजधानी में काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर और नेपाल के पोखरा में स्थित विश्व की सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा का दर्शन शामिल था।



### 1800 किमी की ऑफ रोड राइडिंग

राइडर जीत भोपाली ने बताया कि यह राइड कुल 5800 किमी लंबी थी, जिसमें 2400 किमी भारत और 3400 किमी नेपाल में राइड की। भोपाल से शुरू हुई राइड में ललितपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ और अयोध्या होते हुए नेपाल के सलोनी बार्डर पहुंचे वहां पोखरा और मुस्तान वैली की ट्रिप सबसे अहम थी, यहां हमने 120 किमी ऑफ राइडिंग की। पूरी ट्रिप में हमारी कुल 1800 किमी की ऑफ राइडिंग रही।

## 27वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव

2024 का रविंद्र भवन में रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन

# समूह लोकगीत, एकल लोकगीत, समूह नृत्य और एकल नृत्य की दी मनमोहक प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविंद्र भवन सभागार में 27वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव-2024 के अंतिम दिन रंगारंग प्रस्तुतियां युवा कलाकारों ने प्रस्तुत की। बुधवार को युवा उत्सव में समूह लोकगीत, एकल लोकगीत, समूह नृत्य एवं एकल नृत्यों का आयोजन किया गया। दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव अंतर्गत समूह लोकनृत्य एवं लोकगीत में प्रथम पुरस्कार 60 हजार रुपए, जबकि द्वितीय 40 हजार एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 20 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। पुरस्कारों में प्रथम 10 प्रतिभागियों को 6-6 हजार, द्वितीय 10 को 4-4 हजार एवं तृतीय 10 को 2-2 हजार रुपए की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया गया।



प्रतियोगिता के परिणाम

**समूह लोकनृत्य में इंदौर संभाग प्रथम, सागर द्वितीय एवं भोपाल संभाग तृतीय स्थान पर रहे**



### ये पुरस्कार भी मिले

**समूह लोकगीत** :- सागर संभाग प्रथम, इंदौर द्वितीय एवं ग्वालियर संभाग तृतीय स्थान पर रहे।

**एकल लोकगीत**: भोपाल संभाग प्रथम, जबलपुर द्वितीय एवं ग्वालिय तृतीय स्थान पर रहे।

**एकल लोकनृत्य**: उज्जैन संभाग प्रथम एवं रीवा द्वितीय स्थान पर रहे।



**एकल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पर 10 हजार दिए**

इसी तरह एकल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 6 हजार रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 4 हजार रुपए प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के विजेताओं को संयुक्त संचालक खेल बी.एस. यादव, नेहरू युवा केंद्र के स्टेट को-ऑर्डिनेटर सुरेंद्र शुक्ला ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उप संचालक खेल एम.के. धौलपुरी, राज्य स्तरीय आयोजन की को-ऑर्डिनेटर वाणी साहू, केके उपाध्याय, रूबीका दीवान, राजेश शाक्य और विकास खराड़कर विशेष रूप से उपस्थित थे। वहीं बताया गया कि प्रतियोगिता के प्रथम स्थान पर आने वाले युवाओं को 27वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में मध्य प्रदेश दल का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

# रंगों की कूची से सजाए जनजातीय समुदाय के जीवनानुभवों और जातीय संस्कार-बोध

## जनजातीय चित्र प्रदर्शनी में मुकेश बारिया के चित्रों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भील जनजातीय समुदाय के जीवनानुभवों और जातीय संस्कार-बोध के साथ ही जनजातीय मिथकों को रंगों की कूची से कैनवास पर उकेरा भील जनजातीय चित्रकार मुकेश बारिया ने, मुकेश बारिया के बने चित्रों की प्रदर्शनी इन दिनों जनजातीय संग्रहालय में आयोजित लिखंदरा चित्रप्रदर्शनी में देखी जा सकती है।

### 45वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 तक



इसी क्रम में 3 जनवरी से भील समुदाय के चित्रकार मुकेश बारिया के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। 45वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 जनवरी, 2024 तक निरंतर रहेगी।

**पत्नी की संगत में सीखे चित्रकारी के गुर**

मुकेश ने पत्नी गीता बारिया की संगत में चित्रकला के प्रारंभिक गुर सीखे और स्वतंत्र चित्रकारी करना शुरू किया। प्रारंभ में उनके बनाए हुए चित्रों की प्रतिकृतियां बनाने का अभ्यास किया। फिर धीरे-धीरे स्वयं की शैली विकसित की। पिछले 15 वर्षों से चित्रकारी कर रहे हैं।

**बिरला संग्रहालय सभागार में बोले आरएनटीयू के कुलाधिपति**

# साहित्य कला संस्कृति का संवर्धन संरक्षण करना समाज का दायित्व सरकार का नहीं

**भोपाल** । साहित्य कला और संस्कृति का संरक्षण करना समाज का दायित्व है सरकार का नहीं । मनुष्यता को बचाने के लिए विज्ञान नहीं कला साहित्य और संस्कृति से समाज को जोड़ना होगा। विज्ञान में टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर जीवन में आगे बढ़ना आवश्यक है, लेकिन यही अंतिम ध्येय नहीं होना चाहिए। यह उद्गार हैं वरिष्ठ कथाकार कवि कुलाधिपति रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल केजो बिरला संग्रहालय सभागार में आयोजित 'कला समय' पत्रिका के अरुण तिवारी विशेषांक एवं सृजन यात्रीः अरुण तिवारी संपादक बलराम गुमाश्ता के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कथाकार संपादक मुकेश वर्मा ने 'प्रेरणा' पत्रिका के संपादक अरुण तिवारी पर इस केंद्रित विशेषांक को साहित्य के लिए महत्वपूर्ण अवदान बताया। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम मैथिल अमृत ने किया।



कला समय के संपादक भंवरलाल श्रीवास ने स्वागत उद्बोधन देते हुए पत्रिका की सृजन यात्रा पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में पत्रिका से जुड़े वरिष्ठ कला समीक्षक विनय उपाध्याय ने भी अपने सम्पादन अनुभव साझा किए। इस अवसर पर बालकृष्ण लोखंडे ने सभी का आभार प्रकट किया। आयोजन में नगर के बड़ी संख्या में कला और साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

**लोगों की मांग पर मेला समिति ने लिया निर्णय**

# अब 14 जनवरी तक चलेगा भोजपाल महोत्सव मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजा भोज की नगरी भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर चले रहा भोजपाल महोत्सव मेला अब 14 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। पहले यह मेला 7 जनवरी तक चलना था।

शहरवासियों के साथ ही मेले में आए दुकानदारों, झूला संचालकों, फिश एक्वेरियम और चांद से चंद्रयान तक का सेटअप लगाने वाले संचालकों की मांग पर मेला समिति ने यह निर्णय लिया है। भोजपाल महोत्सव मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि भोपाल शहरवासियों और व्यापारी बंधुओं की मांग पर मेल समिति ने 7 दिन और मेला बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब मेले का समापन 7 जनवरी की बजाय 14 जनवरी को किया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि शहरवासियों और व्यापारियों का लगातार सुझाव आ रहा था कि मेले को एक सप्ताह और बढ़ाकर 14 जनवरी मकर संक्रांति तक किया जाए। ऐसे में शहरवासियों को दुकानदारों के सुझाव का स्वागत करते हुए मेले को एक सप्ताह और बढ़ाया गया है। इससे शहरवासियों को एक सप्ताह और घूमने फिरने, खरीदारी व मनोरंजन करने का मौका मिलेगा।

# सारिका ने बताया सूरज व पृथ्वी की बदलती दूरी का विज्ञान

**भोपाल**। बुधवार की सुबह जब कोहरे और ठिठुरन भरी थी तब आप सोच रहे होंगे कि सूर्य काश पास होता और कुछ गरमाहट देता, लेकिन वास्तविकता यह है कि सूर्य सचमुच में पृथ्वी के सबसे पास था । नेशनल अवॉर्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने सूरज और पृथ्वी की बदलती दूरी का विज्ञान बताते हुए जानकारी दी कि पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा अंडाकार पथ में करती है।



इस कारण यह साल में एक दिन सूर्य के सबसे पास आती है और एक दिन सबसे दूर। सारिका ने बताया कि बुधवार को सुबह 6 बजकर 8 मिनिट पर पृथ्वी सूर्य के सबसे पास के बिंदु पर था। यह दूरी घटकर 14 करोड 71 लाख 632 किमी रह गई थी। इसे पेरिहेलियन बिंदु पर आना कहते हैं। पास आने पर भी उत्तरीगोलार्द्ध के स्थानों पर सूर्य की किरणें तिरछी पड़ रही हैं इसलिये ठंडक का अहसास हो रहा है। सूर्य 5 जुलाई को पृथ्वी से सबसे दूर के बिंदु पर होगा जिसे अपहेलियन बिंदु पर आना कहते हैं।

# बीएलएफ स्टोरी टेलिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता

**भोपाल**। स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के टैलेंट का मंच देने के उद्देश्य से इस वर्ष भोपाल लिटरेचर फेस्टीवल में स्टोरी टेलिंग एवं पेंटिंग कॉम्पिटिशन को भी जोड़ा गया है। ये दोनों प्रतियोगिताएं 13 जनवरी को आयोजित की जाएंगी। जहां स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता केवल महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए रखी गई है। वहीं पेंटिंग कॉम्पिटिशन कक्षा 9 से 12 के स्कूली तथा ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहे विद्यार्थियों के लिए रखी गई है। स्टोरी टेलिंग के लिए 13 जनवरी को दोपहर 1 से 2 बजे तक तथा पेंटिंग कॉम्पिटिशन के लिए सुबह 10 से 1 बजे तक फेस्टीवल स्थल पर ही रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे तथा इसी दिन प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। इन दोनों ही प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 14 जनवरी को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया जाएगा।



# पीपुल्स थियेटर ग्रुप के कलाकारों ने किया सावित्रीबाई फुले का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को जिला अभिभाषक संघ सभागार भोपाल में सावित्री बाई फुले जयंती समारोह के उपलक्ष्य में देश की प्रथम महिला अध्यापिका सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्षों पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। आलेख एंव निर्देशन सिंधु धौलपुरे का रहा। मंच पर 20 कलाकारों ने अपने प्रभावी अभिनय से सावित्रीबाई द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों और अधंविश्वास के खिलाफ किए गए कार्यों को बहुत ही मार्मिक रूप से मंचित किया गया।

**शेमारू टीवी पर रामानंद सागर की रामायण का प्रसारण**

# अब हर घर होगा अयोध्या हर घर में प्रकट होंगे राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों-शोरों पर हैं। इस उत्साह को बढ़ाते हुए शेमारू टीवी ने नए साल के मौके पर अब हर घर होगा अयोध्या, हर घर में प्रकट होंगे राम के नारे के साथ 1 जनवरी, 2024 से शाम 7 बजे हिंदुस्तान की सबसे बड़ी धार्मिक गाथा रामानंद सागर की रामायण का प्रसारण करने का फैसला किया है।




चैनल ने प्रभु श्री राम के अपने अद्भुत मंदिर में विराजमान होने की गूंज को हर घर तक पहुंचाने का प्रण लिया है, जिससे प्रभु राम की लीलाओं के दर्शन हर एक भक्त को हो सकें। इस ऐतिहासिक पौराणिक धारावाहिक में राम, लक्ष्मण और सीता की महत्वपूर्ण भूमिकाओं में अरुण गोविल, सुनील लहरी और दीपिका चिखलिया को देखा गया है जो भारतीय टेलीविजन के सबसे प्रतिष्ठित शो में से एक है।

## राजधानी

**नवीन कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के छात्रावास में संगोष्ठी का आयोजन**

# स्वदेशी जागरण मंच ने किया सावित्री बाई फुले को याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच ने तुलसी नगर नवीन कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के बालिका छात्रावास में सावित्री बाई फुले की जयंती पर एक गोष्ठी का आयोजन किया और उनका जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान करीब 100 से अधिक बालिकाएं उपस्थित रहीं।

बालिकाओं ने पुष्प एवं फूल माला अर्पित कर सावित्री बाई फुले को याद किया और उनके श्रेष्ठ कार्यों को लगातार करने और सबके कल्याण की कामना का संकल्प लिया। स्वदेशी जागरण मंच के मध्य भारत प्रान्त की महिला प्रमुख डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी, सह प्रमुख सीमा भारद्वाज और तुलसी नगर की प्रमुख और व्याख्याता वीणा जैन ने सावित्री बाई फुले को लेकर बालिकाओं से चर्चा की।

### सावित्री बाई ने बिना संसाधन महिलाओं के उत्थान के कार्य किए: सीमा

स्वदेशी जागरण मंच के मध्य भारत प्रान्त की सह प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि आज से 193 वर्ष पहले सावित्री ने बिना किसी संसाधन के बालिकाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए जो कार्य किए, उसके लिए हम नतमस्तक हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर हमारा मंच महिलाओं और बालिकाओं को स्वावलंबन की दिशा में कार्यरत है। श्रीमती भारद्वाज ने बताया कि सावित्री बाई ने पति ज्योतिराव फुले के साथ सामाजिक मुद्दे पर किताबें लिखीं, जिनमें काव्यांडक, बालिराजा, गुलामगिरी प्रमुख हैं।





### विपरीत परिस्थितियों में वे महाशक्ति बनकर उभरीं: डॉ. प्रतिभा

इसके साथ ही डॉ. प्रतिभा ने कहा कि उस जमाने में महिलाओं की स्थिति अच्छी नहीं थी, घर से निकलने पर दिक्कत होती थी। इस पर समाज कल्याण के लिए कार्य करना बहुत मुश्किल था पर वो महाशक्ति बनकर आज भी देश में पूजी जा रहीं हैं। हम सभी को स्व से शुरू कर आत्मनिर्भर बन देश को सशक्त बनाना है और पढ़ाई भी पूरी करनी है। हमें समाज में अपने को सुरक्षित रखते हुए कार्य करने हैं। इस अवसर पर डॉ. प्रतिभा ने बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट की जानकारी भी दी। इस अवसर पर व्याख्याता वीणा जैन ने कहा कहा कि हमारे हॉस्टल की हर बालिकाओं में कुछ अलग करने का जज्बा है। वे कुछ न कुछ पढ़ाई के अलावा सीख कर अर्थ सृजन करती हैं। यहां उपस्थित बालिकाओं ने भी सावित्री बाई फुले के छोटे छोटे प्रसंग सुनाकर चर्चा की। गुनता पिंजारे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# श्री काल भैरव जी की महाआरती आज

**भोपाल**। राजधानी के लालघाटी स्थित श्री काल भैरव मठ में पौष मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर गुरुवार रात्रि 12 बजे भगवान श्री काल भैरव जी की महाआरती कर पूजन श्रृंगार एवं विजयमदेहि हवन किया जाएगा। महाआरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे।

# एक वर्षीय अरबी-फारसी प्रमाण-पत्र व उर्दू डिप्लोमा की कक्षाओं में प्रवेश शुरू

**भोपाल**। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद की निगरानी में चल रहे राष्ट्रीय उर्दू भाषा एवं विकास परिषद, नई दिल्ली के एक वर्षीय प्रमाण-पत्र अरबी भाषा, फारसी (परशियन) कोर्स एवं उर्दू डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। अरबी, फारसी और उर्दू भाषा सीखने के इच्छुक इस पाठयक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी, 2024 है।

अरबी कोर्स में प्रवेश के लियए उर्दू एवं अंग्रेजी की प्रारम्भिक शिक्षा के अतिरिक्त उर्दू लिखने और समझने का ज्ञान भी आवश्यक है। फारसी कोर्स में प्रवेश के लिए उर्दू एवं अंग्रेजी लिखने और पढ़ने का ज्ञान आवश्यक है। उर्दू डिप्लोमा कोर्स के लिए हिंदी या अंग्रेजी का ज्ञान आवशक है। तीनों पाठयक्रमों में आयु सीमा निर्धारित नहीं है। प्रवेश के लिए प्रति कोर्स 200 रुपए पंजियन शुल्क प्रवेश के साथ जमा करना होंगे। प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी के कार्यालय, मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड, भोपाल में जमा किए जा सकते हैं।

**घर-घर प्रज्वलित होगी राम नाम की ज्योति चंदन, रोली से तैयार हुए मिट्टी के दीपक**

# अयोध्या में विराजेंगे रामलला, पैलेस आर्चेड में मनेगी दो दिवसीय राम दीवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर बनने जा रहा है और इस मंदिर में श्रीरामलला 22 जनवरी का विराजेंगे। इसकी तैयारियां अयोध्या ही नहीं पूरे भारत वर्ष में की जा रही है। राजधानी भोपाल के भी सभी मंदिरों में 21 से 22 जनवरी तक विशेष आयोजन किए जाएंगे। इधर, कोलार के पैलेस आर्चेड रहवासी समिति के सचिव मनोज पाराशर ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर बनना भक्तों की कई वर्षों की तपस्या का फल है।

22 जनवरी मंदिर में श्रीरामलला विराजमान होंगे। इस उत्साह में पैलेस आर्चेड दो दिवसीय राम दीवाली मनाई जाएगी। 21 जनवरी को पैलेस आर्चेड के लक्ष्मी नारायण मंदिर में अखंड रामायण पाठ के लिए पूजा की जाएगी। इसके बाद 9:30 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा के बाद अखंड रामायण का पाठ किया जाएगा। 22 जनवरी को अखंड रामायण का पाठ पूरा होने पर प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं शाम को आतिशबाजी के शाथ भव्य राम दीवाली मनाई जाएगी।

### 20 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी 108 सदस्यीय डमरू टीम

पुराने शहर के सोमवारा कायस्थपुरा स्थित प्राचीन श्री बड़वाले महादेव मंदिर से किसी समय डमरू टीम जुड़ी हुई थी। इस टीम में पढ़े-लिखे युवा भी शामिल हैं, जिसे हाल ही में अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण मिला है। बता दें कि डमरू टीम पहले बाबा श्री बटेश्वर कीर्तन समिति के नाम से जानी जाती थी। कुछ वर्ष पहले अंदरूनी विवाद के चलते डमरू टीम के सदस्यों ने अलग से समिति बना ली। इसके बाद राजधानी ही नहीं काशी, मथुरा, वृंदावन सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर प्रस्तुति देने के लिए जाने लगी। अब अयोध्या में अपनी प्रस्तुति देगी। सभी सदस्य प्राण-प्रतिष्ठा से दो दिन पहले 20 जनवरी को ही अयोध्या पहुंच जाएंगे। डमरू और ढोल-मंजीरों की धुन पर नाचते हुए श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रस्तुति देंगे।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### दीये से जली महिला प्रोफेसर, मौत

**भोपाल।** गोविंदपुरा शक्ति नगर में पूजा करते समय दीये की लौ से जली निजी कॉलेज की महिला प्रोफेसर की मौत हो गई। झुलसने के बाद 9 दिन से उनका इलाज चल रहा था। पुलिस के अनुसार शक्ति नगर गोविंदपुरा निवासी भारती खरे (60) निजी कॉलेज में प्रोफेसर थीं। उनके पति गजेन्द्र मोहन खरे इंजीनियर हैं। विगत 25 दिसंबर की रात करीब साढ़े 8 बजे भारती खरे अपने घर में पूजा कर रही थीं। उसी दौरान दीये की लौ से उनके कपड़ों में आग लग गई। उनकी चीख-पुकार सुनकर दूसरे कमरे से पति आ गए और आग बुझाकर उन्हें एम्स अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और महिला प्रोफेसर के बयान भी हो गए थे। इस घटना में वह 50 से 60 फीसदी तक झुलस गई थी। पुलिस प्रकरण दर्ज कर अब मामले की जांच में जुट गई है।

### राष्ट्रीय स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में नरेंद्र का चयन

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर से



विभिन्न प्रतियोगिता में राष्ट्रीय खिलाड़ियों का चयन किया जा रहा है, जिसमें नगर के गोल्डन करी पब्लिक स्कूल के छात्र नरेंद्र बघेल का चयन अंडर 17 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जानकारी देते हुए संजू अजमेरा ने बताया कि चयन बिहार के पटना में होने वाले अंडर-17 राष्ट्रीय स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हुआ है। विद्यालय के संचालक देवेंद्र अजमेरा सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

### आज होगा तकनीकी शिक्षा और मैनिट के बीच अनुबंध

**भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग और मैनिट के बीच गुरुवार को अनुबंध किया जाएगा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार मौजूद रहेंगे। प्रदेश के शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में बीई, बीआर्क के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत 50 छात्राओं के मैनिट, भोपाल में अध्यापन के संबंध में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग और मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट), भोपाल के बीच अनुबंध होगा। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे मंत्रालय, वल्लभ भवन में आयोजित होगा।

### महिला की मौत पर पति, सास, देवर पर मामला दर्ज

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र नवविवाहिता द्वारा फांसी लगाने के मामले में पुलिस ने पति, सास और देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार मूलतः उत्तर प्रदेश निवासी प्रीति सिंह की शादी करीब चार साल पहले ट्यूलिप हाईट्स कोलार रोड निवासी अश्विनी सिंह के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ससुराल वालों का व्यवहार उसके प्रति बदल गया। ससुराल वाले प्रीति को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। परेशान होकर पिछले महीने प्रीति ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी।

कॉन्ट्रेक्टर के मासिक देयक न देते हुए आवेदक से 78 हजार रुपए की मांगी थी रिश्वत

# लेखपाल को मंडी सफाई ठेकेदार से 20 हजार की रिश्वत लेते ईओडब्ल्यू की टीम ने रंगे हाथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की उज्जैन टीम ने मंदसौर कृषि उपज मंडी के लेखपाल को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया हैं। आरोपी लेखापाल, शिकायतकर्ता से टेंडर की मासिक देयक के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था, जिसके बाद इसकी शिकायत पीड़ित ने ईओडब्ल्यू उज्जैन की थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी मंदसौर में फर्म पारस लाल राठौर प्रोपर्टीअर वाल्मीकि कंस्ट्रक्शन रवि राठौर का सब्जी मंडी की साफ सफाई का ठेका जून 2023 में मंडी द्वारा स्वीकृत हुआ था।



▶ मंदसौर कृषि उपज मंडी में कार्यरत हैं लेखपाल प्रथम हरीश

कृषि उपज मंडी मंदसौर में कार्यरत लेखपाल प्रथम हरीश कुमार वशिष्ठ ने फर्म पारस लाल राठौर वाल्मीकि कंस्ट्रक्शन से टेंडर के अगेंस्ट कॉन्ट्रेक्टर के मासिक देयक न देते हुए आवेदक से 78 हजार रुपए की रिश्वत को मांग की थी। जिसकी शिकायत रवि राठौर ने ईओडब्ल्यू एसपी दिलीप सोनी से की थी। ईओडब्ल्यू की टीम गठित की गई। फिर जब आरोपी द्वारा 3 जनवरी 2024 को आवेदक से 20 हजार रूपए रिश्वत की प्रथम किश्त की मांग की गई तो ईओडब्ल्यू टीम ने आरोपी लेखापाल हरीश कुमार वशिष्ठ को रंगे हाथों पकड़ा एवं रिश्वत की राशि 20 हजार रुपए बरामद किए गए।

### सहा. लेखाधिकारी को 8 हजार घूस लेते लोकायुक्त ने पकड़ा

धार जिले में लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई की है। लोकायुक्त टीम ने जनपद पंचायत सहायक लेखाधिकारी को 8 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी अधिकारी ने पूर्व सरपंच के बेटे से ऑडिट के नाम पर घूस की डिमांड की थी। आरोपी के खिलाफ लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत की है। जिले के धरमपुरी जनपद पंचायत में लोकायुक्त ने जनपद पंचायत सहायक लेखा अधिकारी आशाराम भगौरे को घूस लेते गिरफ्तार किया है। दरअसल, ग्राम पंचायत पगारा के पूर्व सरपंच के बेटे महेंद्र सिंह ठाकुर ने लोकायुक्त से शिकायत की थी। जिसमें उसने बताया था कि उसकी माता साल 2015 से 2022 तक सरपंच रही है। उसके कार्यकाल के कार्यों का आडिट कराने के नाम पर सहायक लेखाधिकारी ने 13 हजार रुपए रिश्वत मांग की है। जैसे ही पूर्व सरपंच के बेटे से आरोपी को पैसे दिए वैसे ही लोकायुक्त ने उसे दबोच लिया। बताया जा रहा है कि 5 हजार रुपए आरोपी ने पहले ही ले लिया था। फिलहाल, लोकायुक्त आरोपी अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है।

### महिला कांस्टेबल से छेड़छाड़ व मारपीट, काउंटर प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** महिला थाना पुलिस ने महिला आरक्षक की शिकायत पर पिता पुत्र पर मारपीट, गाली-गलौज और छेड़छाड़ समेत जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। पिता पुत्र भी पुलिस विभाग में बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 32 साल की महिला आरक्षक डीआरपी लाइन में पदस्थ है।

उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार शाम वह डीआरपी लाइन के पार्क में टहलने गई थी। इस दौरान आंवले के पेड़ से आंवले तोड़ने लगी, तभी वहां एक महिला आई और कहने लगी कि आंवले मत तोड़ो। इसी बीच वहां साहू आए और बदतमीजी करते हुए कहने लगे कि इस पार्क में अब दौबारा नहीं आना। कुछ देर बाद साहू का बेटा राजेश साहू आया और उसने बुरी नियत से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर साहू और उनके बेटे ने मारपीट की है। उनके साथ अन्य लोग भी थे, जिन्हें वह नहीं जानती है।

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित आईटीआई तिराहा पर हुआ हादसा

# सड़क पर लगे सोलर ब्लिंकर से स्कूटी हुई बेकाबू, महिला के गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित आईटीआई तिराहा पर सड़क पर लगे सोलर ब्लिंकर से स्कूटी अनियंत्रित हो गई। हालांकि स्कूटी गिरी नहीं है, लेकिन अनियंत्रित होने से पीछे बैठी महिला गिर गई। चलती स्कूटी से गिरने के कारण उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- चलती स्कूटी से गिरने के कारण उन्हें सिर में गंभीर चोट आई
- पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी

### पति के साथ जा रही थी एमपी नगर



पुलिस के अनुसार, पटेल नगर पिपलानी निवासी 45 साल की दीपा भद्रा पति रंजन भद्रा गृहणी थीं। बुधवार सुबह करीब 10 बजे वह पति के साथ स्कूटी से एमपी नगर जा रही थी। दंपती अपने आठ साल के बेटे के साथ आईटीआई तिराहा पर पहुंचे थे, तभी रोड पर लगे सोलर ब्लिंकर में स्कूटी का पहिया गुजरा और स्कूटी अनियंत्रित हो गई। रंजन ने किसी तरह स्कूटी को गिरने से बचा लिया, लेकिन पीछे बैठी दीपा सड़क पर गिर गरइं। इस हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। रंजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### ऑटो में ड्राइवर सीट पर मिली ड्राइवर की लाश

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित काटजू अस्पताल के पास झुग्गी में रहने वाले लोडिंग ऑटो ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश ड्राइवर सीट की स्टेयरिंग पर मिली। लाश करीब दो दिन पुरानी है। घटना की जानकारी उस समय लगी, जब नाक का खून बहकर सड़क तक पहुंच गया। मामला संदिग्ध लग रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत की सही वहज सामने आ सकेंगी। पुलिस के अनुसार काटजू अस्पताल के पास झुग्गीबस्ती निवासी बृजेश साहू (45) अपना लोडिंग ऑटो चलाते थे। पहली पत्नी से अलग होने के बाद उन्होंने दूसरी शादी कर ली थी। कुछ दिन पहले उनकी पत्नी बच्चों के साथ बैतूल गई हुई है। बृजेश साहू यहां अकेले थे। बुधवार सुबह करीब 10 बजे पड़ोसियों ने घर के पास खड़े उनके लोडिंग ऑटो के पास खून पड़ा देखा। ऑटो में झांककर देखा तो ड्राइविंग सीट पर बृजेश साहू की लाश पड़ी दिखी। ड्राइविंग सीट पर बृजेश बैठी हालत में झुके हुए थे। इसलिए लाश दो दिन तक दिखाई नहीं दी। पुलिस ने बताया कि बृजेश साहू को अधिक मात्रा में शराब पीने की आदत थी। अनुमान है कि मौत अधिक शराब पीने के कारण हुई है।

**नाक से बहता खून सड़क तक पहुंचने पर पड़ोसियों ने दिया ध्यान**

### बीबीए फर्स्ट ईयर के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पंचवटी कॉलोनी में मंगलवार दोपहर बीबीए के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मनमनोहन सिंह दांगी (19) पिता नारायण सिंह पंचवटी कॉलोनी फेस-थर्ड में अपने भाई-बहन के साथ रहता था। मूलतः सीहोर जिला का रहने वाला मनमोहन एक निजी कॉलेज में बीबीए फर्स्ट ईयर का छात्र था। उसके माता-पिता रहमतपुर सीहोर में रहते हैं। मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे मनमोहन के भाई ने उसे कॉल किया तो उसने रिसीव नहीं किया। भाई घर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो भाई ने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा। इस दौरान मनमोहन फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। भाई उसे फंदा काटकर हमीदिया अस्पताल ले कर गया था, वहां डाक्टर ने उसे चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

# पीएम मोदी ने आवास बनाकर गरीब परिवारों का किया कल्याणः रामेश्वर

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित हुए विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



500 वर्षों की प्रतीक्षा, संघर्षों एवं बलिदान के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह संभव हुआ। प्रधानमंत्री ने श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ-साथ काशी और बाबा महाकाल की नगरी को तो संवारा ही साथ ही भारत के करोड़ों गरीब परिवारों को पीएम आवास बनाकर उनका भी कल्याण किया। यह बात विधायक रामेश्वर शर्मा ने बुधवार को बंगरसिया, झागरिया एवं कोलार के वार्ड 80 व 81 में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में कही।

विधायक शर्मा ने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार हो रहा है जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार नागरिक के द्वार-द्वार जाकर शासन की योजनाओं का लाभ दे रही है। नहीं तो पहले की सरकारों के द्वार पर नागरिकों को जाना पड़ता था। शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा नागरिकों के जीवन में ख़ुशहाली लाने की नागरिकों के जीवन को बदलने की यात्रा है। इस यात्रा से जुडकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार को योजनाओं का लाभ लें।

### मोदी के साथ सेल्फी ड्रोन बना आकर्षण का केंद्र

विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर हुजूर विधानसभा में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। यात्रा में लोग विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवेदन देकर योजना का लाभ ले रहें हैं, तो दूसरी ओर युवा और बच्चे मोदी के साथ सेल्फी बूथ पर उनके साथ सेल्फी ले रहे हैं।

कोतवाली स्थित ज्वेलर्स की दुकान का मामला, अब तक किसी ने नहीं की शिकायत

# मां के लिए जेवर खरीदने पहुंचा युवक दो जोड़ी झुमकी लेकर भाग निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मां के लिए जेवर खरीदने पहुंचा एक युवक दो जोड़ी झुमकी लेकर भाग निकला। घटना मंगलवार को भोपाल के कोतवाली स्थित एक ज्वेलर्स दुकान की बताई गई है। हालांकि किसी दुकानदार ने इस मामले की थाने में शिकायत नहीं की है। जानकारी के अनुसार बुधवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में एक युवक ज्वेलर्स की दुकान से जेवरात लेकर भागते हुए दिखाई दिया है। बताया जाता है कि मंगलवार को एक युवक दुकान पर पहुंचा था। उसने दुकानदार से बोला कि नए साल में मुझे अपनी मां को झुमकी गिफ्ट करनी है।

### दुकानदार ने शोर मचाया तब तक युवक वहां से गायक हो चुका था

दुकानदार ने जब उसे झुमकी पसंद करने की बात कही तो उसने बोला भैया आप ही कोई डिजाइन पसंद करके बता दीजिए। इस पर दुकानदार उसे झुमकी की एक जोड़ी देखने को दीलगा। युवक ने उसे अपने हाथ में पकड़ लिया। उसके बाद दुकानदार से दूसरी झुमकी देखने के लिए ली। दुकानदार तीसरी जोड़ी निकालने लगा, तभी युवक दोनों झुमकी लेकर भाग निकला। दुकानदार ने शोर मचाया, लेकिन युवक गायब हो चुका था। कोतवाली थाना प्रभारी काशीराम कुशवाह ने बताया कि फिलहाल इस मामले की किसी दुकानदार ने शिकायत नहीं की है।

देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की मनाई जयंती

# आज महिलाओं ने हर क्षेत्र में दिखाई अपनी प्रतिभाः राधिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



नगर के वार्ड 6 में बुधवार को प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मातृशक्ति जागरण मंच द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस आयोजन पर नगर विकास समिति की सचिव राधिका पाल ने कहा कि भारत में बालिका शिक्षा की मशाल सबसे पहले सावित्री बाई फूले ने जलाई थी। उन्होंने कहा कि कोई भी देश कितना भी प्रगतिशील क्यों न हों अगर महिलाएं सशक्त व सुरक्षित नहीं हैं तो उसकी प्रगति किसी काम की नहीं। महिलाओं ने हर क्षेत्र में प्रतिभा दिखाई है। महिलाएं देश की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राजनेता, उद्यमी, अंतरिक्ष यात्री, पायलट, डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, घरेलू कामों के अलावा बच्चों के पालन-पोषण के लिए विविध भूमिकाएं निभा सकती हैं। लड़कियों की शिक्षा अनिवार्य की जाए। लिंग की परवाह किए बिना महिलाओं को सभी क्षेत्रों में समान अवसर दिए जाने चाहिए। सावित्री भाई फूले ने उस समय स्त्री शिक्षा के लिए प्रयास किया, जब उन्हें पढ़ने की मनाही थी, लेकिन समाज के विरोध के बावजूद सावित्री बाई बच्चियों को पढ़ाने से पीछे नहीं हटी, जिससे भारत में स्त्री शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ।



### घर-घर पहुंचाए जा रहे अयोध्या से आए अक्षत और राम मंदिर का चित्र

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों विहिप, बजरंगदल की टोली के साथ अन्य संगठन के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रवार अयोध्या से आए पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र एवं पत्रक का वितरण किया गया। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को अपने घरों व प्रतिष्ठानों में बड़ी खुशी के साथ दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने का निमंत्रण दिया जा रहा है। विष्व हिन्दू परिषद के प्रांत प्रचार प्रमुख संजीव पटेरिया ने बताया की विश्व का सबसे बड़ा निमंत्रण अभियान 1 जनवरी से शुरू हो गया है। 22 जनवरी को 'मेरा घर मेरी अयोध्या' के स्वरूप में भव्य राम उत्सव मनाने का आग्रह कर रहें हैं। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेन्द्र अग्रवाल, भाजपा नेता प्रेमषंकर साहू, विनोद जैन, बद्री मालवीय, सुरेश यादव, सुरेन्द्र चौहान, पार्षद प्रार्थना चौहान, सुमन वर्मा, शिरोमणी बांके, शिवकुमार भार्गव, घनश्याम गोस्वामी, अनुज यादव, प्रकाश विश्वकर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम थाना पहुंची

# प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है हर नागरिक को आत्मनिर्भर करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को ग्राम थाना पहुंची। यहां सरकार की योजनाओं का प्रदर्शन यात्रा रथ से किया गया। यात्रा में क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र पटवा भी पहुंचे। जहां जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष रमेश पाल ने ग्रामीणों के साथ यात्रा का स्वागत किया।

इस दौरान विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्ज्वला जैसी अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। स्वसहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। समुदाय को नेतृत्व कौशल के गुर सीखाएं जा रहे हैं। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं और इनके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। आज महिलाएं योजना का लाभ लेकर न सिर्फ आत्मनिर्भर बन रहीं हैं, बल्कि परिवार के आर्थिक विकास और उन्नति में भी योगदान दे रहीं हैं। इस दौरान सभी विभागों के प्रतिनिधि एवं सरपंच - सचिव शामिल थे।

**विधायक पटवा ने ग्रामीणों को किया संबोधित**



## देश के युवक और युवतियां भटक कर नशे की ओर ज्यादा आकर्षित हो गए हैं : हीरालाल

# 'स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत' की थीम पर श्रीनगर से पैदल यात्रा शुरू कर हीरा लाल और दीपक कुमार औबेदुल्लागंज पहुंचे, लोगों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

युवा मोर्चा रायसेन जिला अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने बताया कि नेशनल सोशल ऑर्गेनाइजेशन के नेतृत्व में हीरा लाल महावर रालावास दौसा राजस्थान व दीपक कुमार (यादव) करनाल हरियाणा के 2 के वॉक अर्थात कश्मीर से कन्याकुमारी तक 'स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत' की थीम को लेकर पैदल यात्रा कर रहे है, जिसका उद्देश्य भारतवर्ष के युवाओं को नशे से दूर होकर अपने स्वास्थ्य का विकास कर राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा का सकारात्मक प्रयोग कर सहयोग करना और कीटनाशक मुक्त कृषि के लिए प्रेरित करते हुए आगे बढ़ रहें हैं। दोनों युवाओं का ओबेदुल्लागंज में फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया।

### नशे के कारण बढ़ रहे अपराध





इस अवसर पर हीरालाल महावर ने कहा कि हमारे देश का युवा और युवतियां आज भटकते जा रहे हैं, नशें की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। नशे कारण अन्य अपराधों की संख्या भी बढ़ती जा रही हैं। आज का किसान अपनी पैदावार को बढ़ाने के लिए अधिक मात्रा में कीटनाशक का प्रयोग कर रहा है, जिससे भूमि की उर्वरक क्षमता घटती जा रही है। अगर इसी प्रकार कीटनाशकों का प्रयोग होता रहा तो निश्चय ही एक दिन धरती बंजर हो जाएगी। दूसरा यह है कि अनाज एवं सब्जियों में वह पौष्टिक तत्व नहीं रही हैं, जो एक ओरगेनिक खेती की फसल में होते हैं। कीटनाशकों के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारियां उत्पन्न हो रही है एवं मानव की औसत आयु भी घटती जा रही है।

### श्रीनगर के लाल चौक से प्रारंभ की यात्रा

दीपक कुमार ने बताया कि हमारी यात्रा 17 नवंबर से श्रीनगर के लाल चौक से प्रारंभ होकर कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, आगरा होते हुए राजस्थान, जयपुर पहुंची अब मध्य प्रदेश के श्योपुर होते हुए बुधवार को औबेदुल्लागंज पहुंची हैं। इस यात्रा के माध्यम से हमारा भारत के 13 राज्यों का सफर लगभग 5000 किलोमीटर का होगा। यात्रा के माध्यम से हम कई लोगों से जुड़े और हमें इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

### देशभर के युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ रहे

इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र कुमार शुक्ला डीडी भोपाल एमपी ने कहा की बहुत अच्छा मैसेज लेकर चल रहे हैं। हमें खुशी है की हीरालाल महावर दौसा राजस्थान से एनवाईकेएस युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सक्रिय राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों में से एक हैं। मैं राष्ट्रीय सामाजिक संगठन को भी बधाई देता हू कि देशभर के युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ रहे हैं। मंडल अध्यक्ष शांतनु पांडेय, उमा शंकर गौर, कोमल सिंह चौहान, पूर्व पार्षद वीरेंद्र चौहान, मुकेश यादव,विशाल अग्रवाल, मोनू प्रजापति,मोंटी यादव, शिवाक यादव आदि उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड से बचाने भक्तों ने भगवान को पहनाए गर्म कपड़े

## मंदिर के गर्भगृह में हीटर और ब्लोअर की व्यवस्था की



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में अपने आराध्य भगवान को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए भक्त उन्हें गर्म कपड़े पहना रहे हैं। नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर, मंगल बाजार के माता मंदिर और अन्य मंदिरों से लेकर लोगों के घरों में भी देवी-देवताओं के कपड़े मौसम के अनुकूल हो गए हैं। कोई भगवान को ऊनी कपड़े पहना रहा है, तो कोई वेलवेट से सिले गर्म कपड़े पहना रहा है। कोई भगवान को रजाई ओढ़ा रहा है, तो कोई कंबल। मंदिर के गर्भगृह में हीटर और ब्लोअर की व्यवस्था की गई है। इसी तरह देवी देवताओं के दैनिक भोग को भी मौसम के अनुकूल कर दिया गया है। वैसे तो ईश्वर पर ठंड, गर्मी या बरसात किसी भी मौसम का प्रभाव नहीं पड़ता, न ही उनको किसी भोजन की आवश्यकता होती है। मगर अपने आराध्य के प्रति भक्तों की भावनाएं बदलते मौसम के हिसाब से अपने इष्ट के प्रति उजागर होती हैं।

# तीन दिन प्लास्टिक मुक्त वातावरण में रहेंगे विद्याभारती के 1500 से अधिक समिति सदस्य

## पूरे प्रांत की 180 समितियों से सम्मिलित होंगे सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विद्याभारती द्वारा संचालित मध्यभारत प्रांत के सभी सरस्वती शिशु मंदिरों की प्रबंध समितियों का तीन दिवसीय समागम शारदा विहार आवासीय विद्यालय परसिर में आयोजित होगा। 12 जनवरी से 14 जनवरी तक आयोजित होने वाले मध्यभारत प्रांत की नगरीय इकाइयों के 'संकल्प दृष्टि 2024 - समिति समागम' में पूरे प्रांत से 180 समितियों के 1500 से अधिक पदाधिकारी उपस्थित होंगे।

इस समागम का उद्देश्य मध्य भारत प्रांत के 5 विभागों के सभी 16 जिलों के समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में कार्य के प्रति दायित्व बोध, कुशलता, समझदारी एवं सक्रियता बढ़ाना है। तीन दिन चलने वाला यह आयोजन पूरी तरह से ईको फ्रेंडली एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण में होगा। इसकी व्यवस्थाओं के लिए शारदा विहार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी ने कहा कि हमें उत्साह पूर्वक आने वाले अतिथियों का स्वागत, सम्मान करना है, उत्कृष्ट कार्य से समिति समागम सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा।

'संकल्प दृष्टि 2024' का आयोजन 12, 13 और 14 जनवरी को शारदा विहार में होगा

मंच पर बनेगी अयोध्या के श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति, मुख्य द्वार भी अयोध्या धाम जैसा बनेगा



### नवंबर से चल रही थी तैयारी

इस आयोजन के पूर्व नवंबर माह से विद्यालयों की साधारण सभा और प्रबंध समितियों की बैठकें आयोजित की जा रही थीं। इन बैठकों इन्हीं बैठकों में समिति के सदस्यों का कार्य विभाजन भी किया गया। इसके बाद प्रत्येक समिति की कार्यशाला भी आयोजित की गई। अभी प्रांत में ऐसी बैठकों और कार्यशालाओं का तीसरा चरण चल रहा है।

### पूरी तरह से ईको फ्रेंडली और प्लास्टिक मुक्त होगा आयोजन

प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी ने बैठक में कहा कि पर्यावरण के प्रति हमारा पूरा ध्यान है। इसलिए हमारे आयोजन ईको फ्रेंडली और प्लास्टिक मुक्त होते हैं। इस आयोजन को भी बर्तन से लेकर फ्लेक्स तक के मामले में पूरी तरह से ईको फ्रेंडली और प्लाास्टिक मुक्त रखा जाएगा। प्रदर्शनी, मंच एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए डिजिटल एलईडी और कागज व कपड़े का उपयोग किया जाएगा।

### परिसर में बनाए जाएंगे 6 पंडाल, एक मुख्य सभागार होगा

परिसर में छह विशाल पांडाल बनाए जाएंगे। इनमें से एक मुख्य सभागार होगा। मुख्य सभागार में सामूहिक सत्र एवं रंगमंचीय कार्यक्रम होंगे। वहीं अन्य पांडालों में श्रेणीशः प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएं होंगी।

#### परंपरागत पंगत से होगी भोजन व्यवस्था

सभी के ठहरने के लिए आवासीय विद्यालय और प्रवासी विद्यालय में व्यवस्था की जा रही है। मातृशक्ति के लिए अलग से शरद छात्रावास में व्यवस्था की जा रही है। इतनी बड़ी संख्याा में आए सभी कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की व्यावस्था परंपरागत पंगत की तरह होगी।

#### *8 बेड का अस्थायी अस्पताल बनेगा, पूर्व छात्र डॉक्टर देंगे सेवा*

समागम स्थल पर 8 बेड वाला एक अस्पताल भी बनाया जाएगा। इसमें विद्याभारती के 8 पूर्व छात्र डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। 4 पथ बनाए जाएंगे। इन्हें विद्यापथ, वीरांगना पथ, शिक्षा पथ, राजपथ नाम दिया जाएगा।

---

जबलपुर को 409 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात के बाद बोले मुख्यमंत्री

# महाकौशल क्षेत्र की होगी तेजी से प्रगति, प्रदेश का सबसे बड़ा एलिवेटेड कॉरीडोर जबलपुर में बनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र में तीव्र प्रगति सुनिश्चित की जाएगी। संभाग के सभी जिलों में नए उद्योगों से लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार प्राप्त होगा और खुशहाली आएगी। खाद्य प्रसंस्करण, दुग्ध उत्पादन और अन्य संबंधित गतिविधियों से नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। करीब 800 करोड़ रूपए की लागत से एलिवेटेड कॉरीडोर विकसित होगा, जो प्रदेश का सबसे बड़ा कॉरीडोर होगा। महाकौशल क्षेत्र में जनसहयोग से विकास का कारवां आगे बढ़ेगा। प्रगति के कार्य निरंतर चलेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को जबलपुर में 409.53 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर रहे थे। इनमें 100.66 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और 308.87 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन ग्रामों की तकलीफें दूर की जाएंगी। बरगी डेम के प्रभावित 10 ग्राम के 1414 परिवारों को भू-अभिलेख के पट्टे भी प्रदान किए गए। जबलपुर में 63 एकड़ क्षेत्र में आईटी पार्क बनेगा, इसकी लागत 400 करोड़ रुपए है। इसके अलावा 65 करोड़ रुपए की लागत के गारमेंट और फैशन डिजाइन क्लस्टर का विकास होगा।

आगामी 22 जनवरी को हर गांव और शहर में मनाएंगे दीपावली, मंदिर भी सजेंगे

## जहां-जहां भगवान राम के चरण पड़े हैं, वे स्थान बनेंगे तीर्थः डॉ. मोहन



### अयोध्या और हरिद्वार की तर्ज पर विकसित होंगे घाट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा के 17 घाटों के विकास कार्य भी होंगे। यह घाट अयोध्या और हरिद्वार की तर्ज पर बनेंगे। नर्मदा जी पूर्व से पश्चिम की तरफ बहती हैं। मप्र के नागरिक श्रद्धापूर्वक माँ नर्मदा की आरती करते हैं। घाटों के विकास के संबंध में विभिन्न सुझावों पर भी अमल किया जाएगा।

#### *रानी दुर्गावती सहित वीरांगनाओं की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल होंगी*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जाबालि ऋषि की धरती जबलपुर देश का मध्य केन्द्र भी है। यह रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम का प्रमाण देने वाली धरती है। यह क्षेत्र रानी अवंती बाई के बलिदान का भी गवाह है। साहसी भारतीय महिलाओं ने सदैव दुनिया के आगे साहस का उदाहरण प्रस्तुत किया है। रानी दुर्गावती ने अकबर जैसे शासक को युक्ति और बुद्धि से शिकस्त देने के निरंतर प्रयास किए। वे आखिरी सांस तक लड़ती रहीं।*

## *विकास कार्यों से प्रदेश का कोई कोना नहीं छूटना चाहिए : शर्मा*

प्रदेश अध्यक्ष ने 'जन आभार यात्रा' में शामिल होकर कार्यक्रम को किया संबोधित



**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा बुधवार को जबलपुर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ जन आभार यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा क्लचुरी होटल से प्रारंभ हुई। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान इसी गैरिसन ग्राउंड में मैं आया था और आप लोगों के समक्ष कहा था कि भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ विधानसभा चुनाव में सरकार बनाएगी। विकास कार्यों से प्रदेश का कोई कोना नहीं छूटना चाहिए। प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि गतिमान भारत के नारे के साथ मतेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्षों से महाकौशल की उपेक्षा होती आ रही है, लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से महाकौशल का विकास शुरू हुआ है।

### आज ग्वालियर संभाग की समीक्षा करेंगे सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को ग्वालियर संभाग की समीक्षा करेंगे। वे दोपहर में भोपाल से ग्वालिया जाएंगे। इसके बाद वे लगातार तीन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3.25 बजे गौशाला लाल टपारा गायत्री नगर का उद्घाटन करेंगे। शाम 4.30 बजे ग्वालियर व्यापार मेले का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद शाम 5.15 बजे जन आभार यात्रा में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम वे ग्वालियर में ही करेंगे।

---

*कलेक्टर ने निरीक्षण किया, बोले, रेडक्रास से होगी फंड की व्यवस्था*

# आसरा के बुजुर्गों को मिला ई-रिक्शा, कलेक्टर देंगे एक माह का राशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहजहांनाबाद के आसरा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के लिए ई रिक्शा दिया जाएगा। इसके साथ अगले एक माह का राशन कलेक्टर आशीष सिंह रेडक्रास के फंड से देंगे। वृद्धाश्रम को ईरिक्शा मिलने से बुजुर्गों को अस्पताल सहित अन्य जगहों पर आने-जाने में आसानी रहेगी।

दरअसल, बुधवार को कलेक्टर सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक आरके सिंह के साथ आसरा वृद्धाश्रम पहुंचे थे। कलेक्टर ने आश्रम में पहुंचकर यहां रहने वाले बुजुर्गों से बातचीत भी की। उन्होंने संयुक्त संचालक को हिदायत देते हुए कहा कि वृद्धजनों के लिए आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कराएं।

इसके साथ ही कलेक्टर सिंह ने वृद्धाश्रम के लिए ई-रिक्शा, फर्नीचर टेबल, कुर्सी, सोफा की व्यवस्था, वृद्धाश्रम की पुताई कराना, वृद्धजनों के लिए एक महीने का राशन और वेतन रेडक्रास से देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान आसरा वृद्धाश्रम के सचिव दयाराम नामदेव मौजूद रहे।

---

बोले-चाहे जब आइए, हमेशा खुला है दरवाजा

# शिवराज ने अपने बंगले का नाम रखा 'मामा का घर'

बहनों-भाञ्जियों का दुख दूर करने हुआ जन्म



विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद से शिवराज सिंह चौहान की पीड़ा बार-बार छलक कर बाहर आ रही है। अब उन्होंने अपने नए आवास बी-8, 74 बंगले का नाम 'मामा का घर' रख दिया है। उन्होंने बहनों, भांजे-भांजियों को संबोधित करते हुए एक्स पर लिखा कि 'पता बदल गया है, लेकिन 'मामा का घर' तो मामा का घर है। आपसे भैया और मामा की तरह ही जुड़ा रहूंगा। मेरे घर के दरवाजे सदैव आपके लिए खुले रहेंगे।'

### कहीं न कहीं होगा कोई बड़ा उद्देश्य

अपने विधानसभा क्षेत्र में एक स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि 'कई बार राजतिलक होते-होते वनवास भी हो जाता है। लेकिन वह किसी न किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए होता है।'उन्होंने कहा कि 'कहीं न कहीं कोई बड़ा उद्देश्य होगा यार।' शिवराज ने कहा कि लेकिन चिंता मत करना। मेरी जिंदगी आपके लिए है, जनता-जनार्दन के लिए है, बेटा-बेटियों के लिए है, मेरी बहनों के लिए है।

---

24 पदों के 96 प्रत्याशियों के लिए 4616 मतदाता डालेंगे वोट

# जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में 8 को 100 पोलिंग बूथ में होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला बार एसोसिएशन, भोपाल के द्वि-वर्षीय निर्वाचन 8 जनवरी को होने जा रहे हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी रवीन्द्र तिवारी ने आज एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि जिला बार एसोसिएशन, भोपाल में 8500 अधिवक्ता पंजीकृत हैं। मध्यप्रदेश स्टेट बार कौंसिल की वेरीफिकेशन लिस्ट के अनुसार 4616 अधिवक्ता मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालयाध्यक्ष तथा पुरूष/महिला कार्यकारिणी सदस्य के 24 पदों हेतु 96 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस निर्वाचन को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु मुख्य चुनाव



अधिकारी रवीन्द्र तिवारी के नेतृत्व में 17 अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी लगभग 125 निर्वाचन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। वहीं 4 एवं 5 जनवरी को दोपहर 1 बजे से सांय 4 बजे तक टेण्डर वोटिंग तथा निर्वाचन हेतु वोटिंग 8 जनवरी को प्रातः 8 बजे से सांय 5:30 बजे तक जिला न्यायालय परिसर भोपाल में डाले जाएंगे। जिसमें मतदाताओं की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुये लगभग 100 पोलिंग बूथ निर्मित किये जावेंगे तथा निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शिता प्रदान करने के लिये वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। इसके साथ ही प्रशासन के सहयोग से तथा प्रधान न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिला न्यायालय प्रांगण में पूर्व से अधिसूचित निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्याशियों के बैनर, पोस्टर हटा दिए गये हैं।

---

पत्रकारों के दल ने लाभार्थियों से भी किया

# तमिलनाडु के पत्रकारों ने लिया भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश के दौर पर आए पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को भोपाल के गोविंदपुरा विधानसभा के वार्ड 62 में कोकता सामुदायिक केंद्र में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का भ्रमण किया। यहां पर इन पत्रकारों का मंच से स्वागत किया गया। पत्रकारों ने विभिन्न विभागों के स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी ली। प्रतिनिधि मंडल ने लाभार्थियों से उनके जीवन में योजनाओं से मिले लाभ बाद आए सार्थक परिवर्तन के बारे में संवाद किया।

पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल अपने तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में दूसरे दिन (गुरुवार) को ओंकारेश्वर पहुंचेगा, जहां नर्मदा नदी पर बने फ्लोटिंग सोलर प्लांट का भ्रमण करेगा और उसकी बारीकियों



को समझेगा। इससे पहले बुधवार को प्रतिनिधि मंडल ने नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के प्रबंध निदेशक (एमडी) गणेश शंकर मिश्रा से भोपाल स्थित मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के मुख्यालय में सौजन्य भेंट की और प्लांट को लेकर जानकारी प्राप्त की। इससे पहले प्रतिनिधि मंडल बुधवार प्रातः पीआईबी, भोपाल कार्यालय पहुंचा, जहां पर अपर महानिदेशक प्रशांत पाठरावे ने उनका स्वागत किया। पाठराबे ने उन्हें मध्य प्रदेश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

---

# प्राण प्रतिष्ठा पर्व मनाने के लिए 22 को मिले अवकाश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर्व मनाने 22 जनवरी को अवकाश घोषित करने की मांग की है। जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में हमारे आराध्य देव भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने जा रहा है। सनातन धर्म को अपना स्वाभिमान मानने वाले एवं सनातन धर्म को जीवन पद्धति में अपनाने वाले भारत वासियों के लिए ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने 22 जनवरी को पर्व को मनाने के लिए प्रदेश कार्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग की है।

■ मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री से की पत्र लिखकर मांग

---

रायसेन जिले के दीवानगंज पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

राज्यपाल ने हितग्राहियों को वितरित किए योजनाओं के हितलाभ

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हर पात्र को मिल रहा है योजनाओं का लाभः राज्यपाल पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से शेष रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रायसेन जिले की ग्राम पंचायत दीवानगंज में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पहले नागरिकों को कार्यालयों में जाना पड़ता था। लेकिन अब संकल्प इस यात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं नागरिकों के पास पहुंच कर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं।

संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल पटेल



### जानकारी होने पर ही योजनाओं का लाभ मिल पाता है

राज्यपाल पटेल ने कहा कि दूर-दराज के नागरिकों को जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें योजनाओं का लाभ नही मिल पाता। इस यात्रा में प्रचार माध्यमों से शासन की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दूर-दराज पात्र और जरूरतमंद नागरिकों तक पहुंच रही है। नागरिक इन्हें समझें और पात्रतानुसार लाभ उठाते हुए विकास की मुख्य धारा से जुड़ें। सभी आगे बढ़ेंगे, तभी आर्थिक विकास होगा।

#### *मेरी कहानी मेरी जुबानी में हितग्राहियों ने सुनाए अपने अनुभव*

*कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की हितग्राही पार्वती सोनी, आयुष्मान भारत योजना के हितग्राही युग नायक, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना की हितग्राही आराधना नायक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की हितग्राही रूपवती जाटव और अनीशा बी ने मेरी कहानी मेरी जुबानी में शासन की योजनाओं का लाभ पाकर जीवन में आई खुशहाली और आर्थिक समृद्धि के बारे में अपने अनुभव बताए।*

---

इंडिया फर्स्ट लाइफ के नमन गुप्ता ने कहा

# मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. को गवर्नमेंट इंडिया पीएसयू आईटी फोरम 2023 अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के तहत आने वाले 16 जिलों में सतर्कता जाँच गतिविधियों के संचालन में स्व-निर्मित एवं विकसित तकनीकी माध्यम डिजिटल पंचनामा एवं बिलिंग को वृहद स्तर पर तैयार कर सफलतापूर्वक लागू करने पर आईटी इनोवेशन के तहत राष्ट्रीय स्तर पर आठवें 'गवर्नमेंट इंडिया पीएसयू आई.टी. फोरम-2023 अवार्ड' से पुरस्कृत किया गया है।


### बधाई और शुभकामनाएं-



ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे ने पीएसयू श्रेणी में सतर्कता जाँच गतिविधियों के डिजिटल संचालन के लिए आठवें राष्ट्रीय गवर्नमेंट इंडिया पीएसयू आईटी फोरम-2023 अवार्ड प्राप्त करने पर कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग सहित सभी कार्मिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित आठवें गवर्नमेंट इंडिया पीएसयू आईटी फोरम-2023 अवार्ड कार्यक्रम में प्रदान किया गया है। कंपनी की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी के अधिकारियों ने यह अवार्ड प्राप्त किया। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को सतर्कता जांच गतिविधियों को डिजिटल रूप से पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आईटी इनोवेशन श्रेणी में यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

फ्लाईओवर पर भीषण आग

# डिवाइडर से टकराकर धधक उठा ऑयल टैंकर

# आग का 'पुल'





एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में खन्ना इलाके के पास एक फ्लाईओवर पर बुधवार एक आइल टैंकर रोड डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इससे फ्लाईओवर पर भीषण आग लग गई। फ्लाईओवर पर से आग की लपटें उठती हुई दिखाई दीं और आसमान में घना काला धुआं फैल गया। खन्ना के पास फ्यूल टैंकर के डिवाइडर से टकराकर पलटने से उसका ऑइल नेशनल हाईवे पर फैल गया और आग लग गई। इसके बाद गहरा धुआं और और आग की लपटों का दृश्य दिखाई देने लगा।

### काले धुएं का गुबार ही गुबार दिखा

घटना की तस्वीरों और वीडियो में फ्लाईओवर के नीचे से वाहनों के गुजरने के दौरान आसमान में घना काला धुआं उड़ता दिख रहा है। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने या गंभीर चोट लगने की कोई खबर नहीं है। आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और भीषण आग को बुझाने की कोशिश में जुटी रहीं।

### आग की जद में आया पूरा हाईवे

दमकल की टीम को मौके पर पहुंचने तक तेल का टैंकर पूरी तरह से आग से घिरा हुआ नजर आया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे टैंकर हाइवे पर धू-धूकर जल उठा। तेल के टैंक में भीषण आग लगने से हड़कंप मच हुआ है। पूरा फ्लाइओवर आग की चपेट में है। आग लगने के बाद फ्लाईओवर की दोनों तरफ के रास्ता बंद कर दिए गए।

## खबर संक्षेप

### बजरंग-साक्षी और विनेश पर भड़के युवा पहलवान



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती में पिछले एक साल से सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। सीनियर पहलवानों के प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। नए अध्यक्ष संजय सिंह का विरोध किया। अवार्ड लौटाए जो ठीक नहीं है।

### महुआ की शिकायत पर 'सचिवालय' को नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा द्वारा संसद के निचले सदन से उनके निष्कासन को चुनौती की याचिका पर लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया। अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए संजीव खन्ना, दीपांकर दत्ता की पीठ ने जवाब मांगा है।

### पीठासीन अफसरों का सम्मेलन आज से



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा की राजधानी कंपाला में 4 से 6 जनवरी तक होने वाले राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों के 27वें सम्मेलन को संबोधित करेंगे। हरिवंश एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ युगांडा रवाना हो गए हैं।

### गिरफ्तारी का विरोध भाजपा ने किया प्रदर्शन



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में हिंदू कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर बवाल मच गया है। कर्नाटक पुलिस ने अयोध्या राम मंदिर के लिए 1992 में एक आंदोलन में कथित भागीदारी के सिलसिले में श्रीकांत पुजारी को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के खिलाफ भाजपा ने राज्य में विरोध प्रदर्शन किया।

केरल के त्रिशूर में पीएम मोदी ने किया रोड शो, महिलाओं की रही अपार भीड़

# दुनिया ने देखा, नारी शक्ति विकसित भारत के 'संकल्प सिद्धि' की 'सबसे बड़ी गारंटी'

'तीन शक्ति मोदीकोप्पम' सम्मेलन में बोले पीएम मोदी, इस बीच लोगों ने की फूलों की बारिश



पीएम मोदी ने अपने किए गए कार्यों को सामने रखा

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 500 | 51 | 4 | 315 | 45 | 220 | 11 | 10,000 | 10 | 70,000 |
| किमी का मेट्रो ये मोदी की गारंटी है | करोड़ बैंक खाते ये मोदी की गारंटी है | करोड़ मुफ्त आवास ये मोदी की गारंटी है | मेडिकल कॉलेज ये मोदी की गारंटी है | करोड़ मुद्रा लोन ये मोदी की गारंटी है | मुफ्त वैक्सीन ये मोदी की गारंटी है | करोड़ नल से जल ये मोदी की गारंटी है | जन आयुष केंद्र ये मोदी की गारंटी है | करोड़ लोगों को फ्री गैस कनेक्शन ये मोदी की गारंटी है | किमी नेशनल हाइवे ये मोदी की गारंटी है |

एजेंसी ▶▶ त्रिशूर

केरल के त्रिशूर में पीएम नरेंद्र मोदी ने रोड शो किया। रोड शो में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। पीएम मोदी पर लोगों ने फूलों की बारिश की। लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी ने भाजपा के महिला सम्मेलन में महिलाओं की एक विशाल सभा को संबोधित किया।

■ केरल में रोड शो में उमड़ी भारी भीड़

उन्होंने कहा कि मैं आभारी हूं कि 'स्त्री शक्ति' मुझे आशीर्वाद देने के लिए बड़ी संख्या में यहां एकत्र हुई हैं। मोदी ने कहा कि केरल की बेटियों ने देश की आजादी में अहम भूमिका है।

पीटी ऊषा हो या बॉबी जार्ज हो ये देश की महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं। सौभाग्य से मैं शिव की नगरी कहे जाने वाले काशी संसदीय क्षेत्र से सांसद हूं। यहां वडक्कुनाथन मंदिर में भी भगवान शिव विराजमान हैं। आज केरल की सांस्कृतिक राजधानी त्रिशूर से निकलने वाली ऊर्जा पूरे केरल में नई आशा का संचार करेगी। आजकल देश में मोदी की गारंटी की चर्चा है। लेकिन, मैं मानता हूं कि देश की नारी शक्ति 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी हैं।

### देशभर में मोदी की गारंटी की चर्चा, लेकिन यह 'स्त्री शक्ति' का मुझ पर मात्र आशीर्वाद




### कई क्षेत्रों की महिलाएं रहीं शामिल

भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख के सुरेंद्रन ने कहा है कि पीएम मोदी के कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं हो रही हैं। जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाली प्रमुख हस्तियां भी शामिल हैं। सुरेंद्रन ने कहा, अभिनेत्री-नृत्यांगना शोभना, क्रिकेटर मिन्नू मणि, उद्यमी बीना कन्नन, गायिका वाईकॉम विजयलक्ष्मी और भ्रष्टाचार एवं लालफीताशाही के खिलाफ आवाज उठाने वाली मारियाकुट्टी उन लोगों में शामिल कार्यक्रम स्थल साझा कर रही हैं। केरल की राजनीति में माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा का प्रभुत्व है। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने हाल ही में स्पष्ट किया था कि लोकसभा चुनाव से पहले अगले कुछ महीनों में और अधिक राष्ट्रीय नेता दक्षिणी राज्य का दौरा करेंगे और लोगों से संवाद स्थापति करेंगे।

**महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम में मोदी को बधाई दी**

इसे आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आधिकारिक तौर पर भाजपा का चुनावी बिगुल माना जा रहा है। संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर मोदी को बधाई देने के लिए भाजपा की केरल इकाई ने थेक्किनकाडु मैदान में 'तीन शक्ति मोदीकोप्पम' नामक सम्मेलन का आयोजन किया है।



### लक्षद्वीप में लाभार्थियों के साथ की बातचीत, 'एक्स' पर किया साझा

पीएम ने लक्षद्वीप के कवरत्ती में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद लक्षद्वीप में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। इस बातचीत की कुछ झलकियां पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर भी साझा की। पोस्ट

### फुले और नाचियार को दी श्रद्धांजलि



पीएम मोदी ने सावित्रीबाई फुले और रानी वेलु नाचियार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने उनकी करुणा और साहस से समाज के लिए किए गए प्रेरणादायक कार्यों को याद किया। अपने निस्वार्थ एवं समर्पण भाव से सावित्रीबाई फुले ने महिला उत्थान और सामाजिक सुधारों में का नेतृत्व किया।

# तो भाई के खिलाफ मैदान में डटेंगी बहन, आंध्र में जगनमोहन के खिलाफ कांग्रेस की घेराबंदी

## आज शर्मिला मिल सकती हैं सोनिया गांधी से, आंध्र सीएम की बहन हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली





कर्नाटक और तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस पार्टी की नजर अपने पुराने गढ़, आंध्रप्रदेश को पाने की ललक जगी है। तमिलनाडु में डीएमके साथ कांग्रेस पार्टी सत्ता में है।

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी की छोटी बहन शर्मिला अब पूरी तरह से अपनी पार्टी वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का विलय कांग्रेस पार्टी में करने को तैयार हैं। बहुत उम्मीद है कि गुरुवार को उनकी मुलाकात दिल्ली में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से हो। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ शर्मिला पार्टी हाईकमान से मिल सकती हैं। शर्मिला की पार्टी के विलय के साथ ही कांग्रेस पार्टी शर्मिला का उपयोग आंध्रप्रदेश की राजनीति में करना चाहेगी।

हाल ही में हुए तेलंगाना विधानसभा चुनाव में शर्मिला ने कांग्रेस पार्टी का समर्थन करते हुए एक भी पार्टी उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारा था। विपक्षी वोटों का बंटवारा रुका। कांग्रेस पार्टी ने भारतीय राष्ट्र समिति सरकार को उखाड़ फेंका। तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद अब कांग्रेस की बारी है।

### राज्यसभा में लाने की चर्चा

डीके शिवकुमार के नेतृत्व में शर्मिला लगातार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के संपर्क में है। माना जा रहा है कि शर्मिला को कर्नाटक से राज्यसभा से सदन में लाया जाएगा। उनकी पार्टी का कांग्रेस पार्टी में विलय कर आंध्रप्रदेश की सियासत में वाईएसआर प्रमुख और सीएम रेड्डी के खिलाफ शह और मात के रूप में शर्मिला का उपयोग किया जाएगा। आंध्रप्रदेश की राजनीति के सर्वोच्च नेता रहे तत्कालीन सीएम वाईएसआर की आकस्मिक मृत्यु के बाद जगनमोहन ने कांग्रेस से अलग होकर अपने पिता के नाम वाईएसआर कांग्रेस की के नाम से पार्टी को स्थापित किया। लगातार दो बार सत्ता में आए। उनकी छोटी बहन शर्मिला वाईएसआर कांग्रेस के तहत तेलंगाना की राजनीति कर रही थीं। फिर दोनों ने रास्ते अलग कर लिए। इस बीच खबर है कि मां वाईएस विजय अम्मा ने वाईएआर कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर अपनी बेटी का साथ देने का मन बनाया है।

# झारखंड के सीएम सोरेन नहीं देंगे इस्तीफा, बैठक में लिया फैसला

## सीएम आवास पर सहयोगी दलों की बैठक

एजेंसी ▶▶ रांची



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस्तीफा नहीं देंगे। सीएम आवास पर हुई विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस्तीफा नहीं देंगे। सीएम आवास पर हुई विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया। कुछ नेता नहीं पहुंचे, जिन्होंने अपनी वजह बता दी है। बस सभी सहयोगी दलों को एक लाइन पर लाने की कवायद है।

### सोरेन के करीबियों पर ईडी का शिकंजा

#### डीएसपी, मीडिया सलाहकार समेत 12 पर छापा



अवैध खनन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 10 से अधिक जगहों पर छापेमारी की। रांची और राजस्थान में छापेमारी की जा रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने झारखंड में भी कई ठिकानों पर छापेमारी की। मुख्यमंत्री सोरेन के कई करीबी कारोबारियों के यहां ईडी की बड़ी कार्रवाई हुई है। सोरेन के प्रेस एडवाइजर अभिषेक प्रसाद के यहां भी छापेमारी की।

#### साथ ही अन्य लोग भी रडार पर

प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड में अवैध खनन की जांच को लेकर सीएम के प्रेस सलाहकार और अन्य लोगों के ठिकानों पर छापे मारे। इस मामले में सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के आवास पर ईडी ने छापेमारी की। अभिषेक प्रसाद के आवास और साहेबगंज उपायुक्त के आवास समेत 12 ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है।

अदालत में एएसआई की टीम का आवेदन

# 4 सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट न करें सार्वजनिक, आज होगा फैसला

## ज्ञानवापी परिसर का मामला

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए या नहीं, इस पर बुधवार को जिला जज की अदालत से आदेश नहीं आया। मामले पर जिला जज ने सभी पक्षों को सुनकर गुरुवार को आदेश देने का फैसला लिया है।

एएसआई ने अदालत में आवेदन देकर कहा कि 4 सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए, क्योंकि इलाहबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ऐसे में द्वितीय प्रति तैयार करने में समय लगेगा।

### मुस्लिम पक्ष ने पहले की थी आपत्ति



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दो सील बंद लिफाफों में ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट की मांग हिंदू के साथ ही मुस्लिम पक्ष ने भी की है। हिंदू पक्ष ने रिपोर्ट की प्रति तत्काल दिए जाने का अनुरोध किया था। मुस्लिम पक्ष ने पहले आपत्ति जताई थी।

### मीडिया कवरेज पर लगे रोकः मसाजिद कमेटी

अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने जिला जज की अदालत में आपत्ति दाखिल की है। कमेटी ने अनुरोध किया कि शपथ पत्र लेने के बाद ही सर्वे की रिपोर्ट दी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सर्वे की रिपोर्ट लीक नहीं होगी। मीडिया कवरेज पर रोक की मांग भी की है।

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई की वकील से तीखी बहस, हिदायत दी

# अपनी आवाज नीची करो, नहीं तो बाहर करवा दूंगा

एक मामले की सुनवाई चल रही थी। वकील याचिका को पेश कर रहे थे, लेकिन आवाज काफी तेज और तल्ख थी। सुनवाई के बीच में ही सीजेआई चंद्रचूड़ को पहले कहना पड़ गया कि आप अपनी आवाज कम कीजिए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में जज और वकील के बीच में तीखी बहस होना नई बात नहीं है। कई अवसरों पर कई मुद्दों पर ऐसा हो चुका है। लेकिन कोई जज अपना आपा खो दे, सीधे बाहर भेजने की धमकी दे दे, ऐसा कम ही बार होता दिखता है। अब जो कम बार होता है, वो सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कर दिया है। उनकी तरफ से एक वकील को दो टूक कह दिया गया कि अपनी आवाज नीचे करो, नहीं तो बाहर निकलवा दूंगा।

### ये भी बोले- आवाज ऊंची कर आप हमें मना लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी होगी

#### ये 23 साल में आज तक कभी नहीं हुआ



सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई चल रही थी। वकील याचिका को पेश कर रहे थे, लेकिन उनकी आवाज काफी तेज और तल्ख थी। इसी वजह से सुनवाई के बीच में ही सीजेआई चंद्रचूड़ को पहले कहना पड़ गया कि आप अपनी आवाज कम कीजिए। अगर आपको लगता है कि अपनी आवाज ऊंची कर आप हमें मना लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी है। ये 23 सालों में आज तक कभी नहीं हुआ है। मेरे कॅरियर के आखिरी साल में भी ऐसा नहीं होने वाला है।

#### विकास सिंह चुप रहिए बाहर जाइए

इसी तरह पिछले साल मार्च में भी एक ऐसा मौका आया था जब चंद्रचूड़ ने चिल्ला दिया था। उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को चुप रहने के लिए कह दिया था और तुरंत कोर्ट से जाने के आदेश दिए थे। ऐसे में ये कोई पहली बार नहीं है जब चंद्रचूड़ ने इस तरह से तल्ख अंदाज में जवाब दिया हो।

#### इसके पहले फोन जब्त कर लिया था...



सीजेआई की इस तल्ख टिप्पणी से वकील भी हैरान रह गए। उन्होंने उम्मीद नहीं की थी कि उन्हें इस तरह से फटकार पड़ जाएगी। लेकिन क्योंकि सुनवाई को जारी रखना था, ऐसे में वकील ने न सिर्फ अपनी आवाज धीमी की, बल्कि उनकी तरफ से माफी भी मांग ली गई। इससे पहले भी सीजेआई की नाराजगी दिख चुकी है। एक बार सुनवाई के दौरान कोई वकील अपने फोन का इस्तेमाल कर रहा था, उन्होंने दो टूक कहा था कि ये क्या कोई मार्केट है, इनका फोन जब्त कर लिया जाए?

# दुनिया के नक्शे में नहीं मिलेंगे ये कई देश...जानेंगे तो चौंकेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया में 195 देश हैं, लेकिन इसके अलावा भी कुछ ऐसे देश हैं जो वर्ल्ड मैप में आपको नजर नहीं आते हैं। इन देशों के बारे में बेहद कम लोग जानते हैं। दुनिया में कई तरह के वर्ड मैप को लोग फॉलो करते हैं। वर्ल्ड मैप में कुल 195 देश हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि वर्ड मैप में ऐसे 7 देश हैं, जो शामिल ही नहीं किए गए हैं। इस लेख में हम आपको ऐसे ही देशों के बारे में बताएंगे जिनका नाम तक आपने सुना नहीं होगा और वर्ड मैप पर इन देशों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## इराकी कुर्दिस्तान

कुर्द लोग इसे बृहद कुर्दिस्तान के चार भागों में से एक मानते हैं और इराकी कुर्दिस्तान को इराकी संविधान में आधिकारिक रूप से कुर्दिस्तान क्षेत्र कहते हैं। यह देश साल 1970 से ही इराक के अंतर्गत मौजूद था। इराकी कुर्दिस्तान का अधिकांश भौगोलिक और सांस्कृतिक क्षेत्र कुर्दिस्तान क्षेत्र का हिस्सा है। यह देश वर्ड मैप में शामिल नहीं है।

## सोमालीलैंड

सोमालीलैंड आधिकारिक तौर पर सोमालीलैंड गणराज्य, हॉर्न ऑफ अफ्रीका में एक गैर-मान्यता प्राप्त राज्य है। यह देश अदन की खाड़ी के दक्षिणी तट पर स्थित है। सोमालीलैंड सरकार खुद को ब्रिटिश सोमालीलैंड का उत्तराधिकारी राज्य मानती है, स्वतंत्र सोमालीलैंड राज्य के रूप में साल 1960 से 1991 तक सोमाली गणराज्य बनाने के लिए ट्रस्ट टेरिटरी ऑफ सोमालीलैंड के साथ एकजुट हुआ था।



## ट्रांसनिस्ट्रिया

ट्रांसनिस्ट्रिया को सोवियत संघ के अवशेष के रूप में बताया जाता है। जब मोल्दोवा के सैनिकों ने 1990-1992 में इस देश पर कब्जा करने का प्रयास किया था तो ट्रांसनिस्ट्रिया में स्थित रूसी सैनिकों की मदद से ट्रांसनिस्ट्रिया ने उनका विरोध किया था। यह देश 1990 में बना था और इस देश की अपनी अलग सेना, करेंसी और झंडा है लेकिन यह वर्ड मैप में मौजूद नहीं है।

## पुंतलैंड

पुंतलैंड पर हमेशा आईएसआईएस का कब्जा रहा, इसके बावजूद इस देश में शांति का माहौल रहता है। यह देश वर्ड मैप पर मौजूद नहीं है। फिर भी यहां के लोग खुद को स्वतंत्र ही मानते हैं।

## खबर संक्षेप



### विस्फोट में हमास के शीर्ष अधिकारी की मौत

**लेबनान।** लेबनान के दक्षिणी बेरूत के उपनगर में हुए एक विस्फोट में हमास के शीर्ष अधिकारी सालेह अरौरी की मौत हो गई है। इसकी पुष्टि लेबनान के हिजबुल्ला समूह के टेलीविजन स्टेशन ने की है। हमास की सैन्य शाखा के संस्थापकों में से एक सालेह अरौरी ने वेस्ट बैंक में समूह का नेतृत्व किया था। 7 अक्टूबर को हमास-इजराइल युद्ध के बाद पीएम नेतन्याहू ने अरौरी की जान लेने की धमकी दी थी।



### पाकः हमले में 4 आतंकियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आतंकवाद से बुरी तरह जूझ रहा है। पहले आतंकियों को पाला पोसा, अब वे ही पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं। इसी बीच पाकिस्तान में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में आत्मघाती हमलावर समेत 4 आतंकवादी मारे जाने की खबर है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान एक आत्मघाती हमलावर समेत 4 आतंकवादियों को मार गिराया।

## पीएम मोदी ने लक्षद्वीप को दी 1150 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

# कवरत्ती द्वीप में केएलआई-एसओएफसी प्रोजेक्ट, इंटरनेट स्पीड 100 गुना से ज्यादा

एजेंसी ▶▶ कवरत्ती द्वीप

*लक्षद्वीप के कवरत्ती द्वीप में करोड़ों की परियोजनाओं की शुरूआत होने से कनेक्टिविटी, जल आपूर्ति और सौर ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी। इन परियोजनाओं से लक्षद्वीप में इंटरनेट की सुविधा बेहतर होगी, और टूरिज्म सेक्टर को बहुत बल मिलेगा।*

लक्षद्वीप में विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप के कवरत्ती द्वीप में करीब 1150 करोड़ रुपये से भी अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी। जिसमें कनेक्टिविटी, जल आपूर्ति और सौर ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। इन परियोजनाओं में कोच्चि और लक्षद्वीप द्वीपों के बीच सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन शामिल है।

इन परियोजनाओं से लक्षद्वीप में इंटरनेट की सुविधा बेहतर होगी, और टूरिज्म सेक्टर को बहुत बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने लैपटॉप योजना के तहत छात्रों को लैपटॉप दिए और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत स्कूली छात्रों को साइकिलें दीं। उन्होंने किसानों और मछुआरों के लाभार्थियों को पीएम किसान क्रेडिट कार्ड भी सौंपे।

### कोच्चि और लक्षद्वीप द्वीपों के बीच सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत स्कूली छात्रों को साइकिलें दीं
- किसानों और मछुआरों के लाभार्थियों को पीएम किसान क्रेडिट कार्ड मिले




### सुविधा समर्पित

उन्होंने कहा कि कोच्चि-लक्षद्वीप द्वीप समूह सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन परियोजना आज लोगों को समर्पित कर दी गई है और यह लक्षद्वीप के लोगों के लिए 100 गुना तेज इंटरनेट सुनिश्चित करेगी।

### समुद्री भोजन बाजार में हिस्सेदारी

प्रधानमंत्री ने वैश्विक समुद्री भोजन बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के भारत के प्रयास पर प्रकाश डाला। स्थानीय टूना मछली जापान को निर्यात की जा रही है। निर्यात गुणवत्ता वाली स्थानीय मछली मछुआरों के जीवन को बदल सकती है। समुद्री शैवाल खेती में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कवरत्ती में सौर ऊर्जा संयंत्र, जो लक्षद्वीप की पहली बैटरी समर्थित सौर ऊर्जा परियोजना है, ऐसी पहल का हिस्सा है।

### लक्षद्वीप को अंतरराष्ट्रीय मान्यता

पीएम मोदी ने जी20 बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि लक्षद्वीप को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली है। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप में दो ब्लू-फ्लैग मानदंड वाले समुद्र तट हैं और कदमत और सुहेली द्वीपों पर जल विला परियोजनाओं के विकास का उल्लेख किया। लक्षद्वीप क्रूज पर्यटन के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनता जा रहा है। पांच साल पहले की तुलना में पर्यटकों की आमद पांच गुना बढ़ गई है।

### 2020 में लिया था संकल्प
### पीएम बोले-जो कहा...वो किया

दरअसल अगस्त 2020 में लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस के भाषण में पीएम मोदी ने कोच्चि-लक्षद्वीप द्वीप समूह सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन (केएलआई - एसओएफसी) परियोजना की शुरुआत करके लक्षद्वीप द्वीप में धीमी इंटरनेट गति की चुनौती को दूर करने का संकल्प लिया था। यह परियोजना अब पूरी हो चुकी है और इसका उद्घाटन बुधवार को पीएम मोदी ने किया। गौरतलब है कि इससे इंटरनेट स्पीड 100 गुना से ज्यादा (1.7 जीबीपीएस से 200 जीबीपीएस तक) बढ़ जाएगी। यह पहली बार है जब आजादी के बाद लक्षद्वीप को सबमरीन ऑप्टिक फाइबर केबल से जोड़ा जाएगा।

## विदेश मंत्री आज जाएंगे काठमांडू

# 132 केवीए की 3 ट्रांसमिशन लाइन का करेंगे शुभारंभ



◆ एस जयशंकर भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 4 व 5 जनवरी को नेपाल दौरे पर जाएंगे।



■ भारत अगले 10 साल में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीदेगा

नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद के निमंत्रण पर काठमांडू का दौरा करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे।

बैठक के बाद दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक विद्युत व्यापार समझौता होगा। भारत अगले 10 सालों में 10 हजार मेगावाट बिजली की खरीद करेगा।

### भारत ने किया सहयोग

चार जनवरी को ही भारतीय विदेश मंत्री नवनिर्मित 132 केवीए के तीन प्रसारण लाइन का उद्घाटन करेंगे। इनमें बिहार से लगी रक्सौल-परवानीपुर, कुशहा-कटैया और उत्तर प्रदेश के नौतनवा-मैनहवां ट्रांसमिशन लाइन शामिल हैं। यह ट्रांसमिशन लाइन भारत के सहयोग से निर्मित हुआ है। इसी तरह भारत सरकार के सहयोग से काठमांडू स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय में निर्मित केंद्रीय पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन किया जाएगा।

### पड़ोसी 'प्रथम नीति'

भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में की गई थी। यह दोनों मंत्रियों को द्विपक्षीय साझेदारी के लिए एक मंच प्रदान करती है। गौरतलब हो कि 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत नेपाल भारत का प्राथमिक भागीदार है। यह यात्रा दो करीबी और मैत्रीपूर्ण पड़ोसियों के बीच उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के अनुरूप है।

# ईरान में सोलेमानी की चौथी बरसी पर दो धमाके, 103 की मौत

एजेंसी ▶▶ केर्मान

ईरान के केर्मान शहर में बुधवार को एक के बाद एक हुए दो धमाकों में 103 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। यह विस्फोट ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास हुए।

■ जनरल कासिम सुलेमानी की बरसी पर जुटे थे लोग

राज्य मीडिया के मुताबिक अल-ज़मान मस्जिद के पास हुए विस्फोट में 170 अन्य लोग घायल हो गए। केर्मान के डिप्टी गवर्नर ने इसे एक आतंकी हमला करार दिया है। ऑनलाइन जो वीडियो प्रसारित किया गया है, उसमें सड़क पर कई शव दिखाई दे रहे हैं।

ईरानी मीडिया के मुताबिक कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सड़क पर गैस कनस्तरों में विस्फोट हुआ। केर्मॉन प्रांत के रेड क्रिसेंट के प्रमुख रेजा पल्लाह ने बताया कि राहत कार्य शुरू कर दिया गया है। हमले में घायलों को बाहर निकाला जाता रहा है।

2020 में ईराक में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए जनरल सुलेमानी की बुधवार को चौथी बरसी थी। ऐसे में उनकी याद में एक समारोह के तौर पर बुधवार को सैकड़ों लोग सुलेमानी की कब्र की ओर जा रहे थे, उसी वक्त यह हमला हो गया। बता दें की सुलेमानी को ईरान में सर्वोच्च नेता अयातुलला अली खामेनेई के बाद सबसे शक्तिशाली व्यक्ति के तौर पर देखा जाता था।

### रिमोट से किए गए धमाके, 170 घायल



### कब्र के पास धमाके से मची भगदड़

दावा किया गया कि कासिम सोलेमानी की कब्र के पास धमाके हुए। हालांकि, विस्फोट के कारण के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। विस्फोटों के बाद मची भगदड़ में भी कई लोग घायल हुए हैं। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### हर तरफ चीख-पुकार मच गई

पहला धमाका साहेब अल-जमान मस्जिद के पास हुआ। इसके थोड़ी देर बाद ही दूसरा विस्फोट भी हुआ। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। घटनास्थल पर धुएं का अंबार देखा गया। थोड़ी ही देर में इलाका मृतकों और घायलों से पट गया। हर तरफ चीख-पुकार मच गई। यह वही जगह है, जहां कासिम सुलेमानी को दफनाया गया था।

## 500 गांवों तक जखनी मॉडल को पहुंचाने की तैयारी

# दुनिया का पहला 'जल विवि' समझाएगा पानी की अहमियत

एजेंसी ▶▶ बांदा

बुंदेलखंड के हमीरपुर में दुनिया का पहला जल विश्वविद्यालय लोगों को पानी का महत्व समझाने लगेगा। यह वही बुंदेलखंड है, जहां कभी 'भौरा तेरा पानी गजब करी जाए, गगरी न टूटे चाहे खसम मर जाए' जैसी कहावत यहां के जल संकट की विभीषिका को बताती थी। अब वहीं से देश-दुनिया को पानी की अहमियत बताई जाएगी।

माना जा रहा है कि तीसरा विश्वयुद्ध पानी के लिए होगा, अब हमीरपुर में प्रस्तावित जल विवि पानी संबंधी चुनौतियों के समाधान को बताएगा।

1. बुंदेलखंड की बदलेगी तस्वीर
2. खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़ से जल बचाया जा सके



### विश्वविद्यालय चलाएगा पानी की पाठशाला अभियान

बुंदेलखंड के 500 गांवों तक जखनी माडल पहुंचाने की तैयारी है, जिससे 'खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़' से जल बचाया जा सके। हमीरपुर के छेड़ी बसायक मुस्करा निवासी डॉ. रविकांत पाठक द्वारा प्रस्तावित जल विश्वविद्यालय पानी की पाठशाला अभियान के जरिए गांव-गांव तक जल ज्ञान और विज्ञान को पहुंचाएगा। मानक के अनुरूप जमीन की उपलब्धता के साथ ही विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम को भी घोषित कर दिया गया है।

## दोनों देशों के बीच हो रही डील

# पैसे दिए बिना वेनेजुएला देश से कच्चा तेल खरीदेगा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और वेनेजुएला के बीच ऐसी डील हो रही है, जिसके चलते भारत को यह देश तेल की सप्लाई करने पर सहमत हो गया है। वेनेजुएला के पास तेल का अकूत भंडार छिपा है। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला लंबित लाभांश के बदले भारतीय तेल कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड को तेल की आपूर्ति करने पर सहमत हो गया है। हालांकि लिफ्टिंग की तारीखें नहीं दी हैं। ओवीएल के लंबित बकाया के बदले में हमें कुछ तेल देने पर सहमत हुए हैं।



### 2019 से प्रतिबंध

ओएनजीसी का 600 मिलियन डॉलर का लाभांश वेनेजुएला में फंसा हुआ है। अक्टूबर 2023 में वेनेजुएला सरकार और विपक्षी दलों के बीच हुए समझौते के बाद अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल एवं गैस पर लगे प्रतिबंधों को खत्म कर दिया था। 2019 से ही वेनेजुएला के तेल एवं गैस पर प्रतिबंध लगा हुआ था। प्रतिबंध लगने से पहले वेनेजुएला भारत का पांचवां सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता था।

## देश में रोजाना मिल रहे 50 हजार कॉल, आई4सी के सीईओ ने किया खुलासा

# जी20 सम्मेलन के दौरान हर 60 सेकंड में हुए 16 लाख साइबर अटैक

*2023 में सेक्सटॉर्शन फ्रॉड के 19 हजार केस सामने आए*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में साइबर अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं। वे रोजाना ही साइबर अटैक की कोई न कोई तकनीक इस्तेमाल करते रहते हैं। साइबर हमलों का शिकार केवल आम आदमी ही नहीं, बल्कि सरकारें और विभिन्न वित्तीय संस्थान भी बनते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय में साइबर क्राइम से निपटने के लिए स्थापित किए गए 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (आई4सी) के सीईओ राजेश कुमार ने बुधवार को यह खुलासा किया है।

उन्होंने बताया कि देश में रोजाना साइबर अपराध के चलते 50 हजार कॉल मिल रही हैं। एक लाख लोगों पर 129 शिकायतें दर्ज हो रही हैं। साल 2023 में सेक्सटॉर्शन फ्रॉड के 19 हजार केस सामने आए हैं।

- एक लाख लोगों पर 129 शिकायतें दर्ज हो रहीं
- 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' के लिए मिलेगी बड़ी उपलब्धि
- आई4सी के साथ देश के सभी सरकारी और गैर सरकारी बैंक जुड़ेंगे



### ...फिर भी साइबर अपराधियों के मंसूबे नाकाम रहे

सीईओ राजेश कुमार ने बताया कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान हर 60 सेकेंड में 16 लाख साइबर अटैक हुए थे। केंद्रीय एजेंसियों ने अपनी त्वरित कार्रवाई के जरिए साइबर अपराधियों को उनके मंसूबों में कामयाब नहीं होने दिया। अभी तक साइबर क्राइम को लेकर 46229 डिवाइस भी ब्लॉक किए गए हैं। मौजूदा समय में कुछ ही बैंक आई4सी के साथ जुड़े हैं। क्रिप्टों करेंसी के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय की टीम विभिन्न राज्यों में जाकर विभिन्न एजेंसियों को ट्रेनिंग दे रही है।

### भरपाई के लिए एक ठोस मैकेनिज्म पर काम

साइबर अपराध के जरिए जो वित्तीय चपत लगती है, उसकी त्वरित भरपाई के लिए एक ठोस मेकेनिज्म पर काम हो रहा है। अभी वित्तीय फ्रॉड के मामले में बैंक से जब नुकसान की भरपाई की मांग की जाती है, तो बैंक द्वारा अदालत का आदेश मांगा जाता है। इससे पीड़ित व्यक्ति की परेशानी बढ़ जाती है। इस दिशा में आई4सी द्वारा विशेष प्लानिंग की जा रही है।

### विदेशी लोगों का हाथ 1127 करोड़ रु. ब्लॉक

साइबर अपराध की घटनाओं को अंजाम देने में विदेशी लोगों का भी बड़ा हाथ है। चीन व कंबोडिया सहित कई देशों में बैठे साइबर अपराधी, ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं। साइबर अपराध की कुल घटनाओं में 40 से 50 फीसदी मामलों को विदेशों में बैठे गैंग अंजाम दे रहे हैं। साइबर अपराध के चलते जो राशि ब्लॉक की गई है, वह 1127 करोड़ रुपए है। इसमें से लगभग 10 फीसदी रिकवरी हुई है। रिकवरी का यह प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। '1930' हेल्पलाइन नंबर पर साइबर अपराध की शिकायत करें।

## इस बार मिक्स जैंडर यानी समावेशी कप की टैगलाइन है 'हक है समान, सभी का है मैदान'

# आदिवासी बालिकाएं 'झिझक' तोड़कर कर रहीं क्रिकेट का अभ्यास

...हरदा में कल से शुरू हो रहा क्रिकेट टूर्नामेंट, 56 टीमें व 728 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

रूबी सरकार ⏭ भोपाल

हरिभूमि विशेष

क्रिकेट को हमेशा से एक वैश्विक खेल माना जाता है। इस खेल का आयोजन बड़ा और ग्लोबल है। इसमें बेशुमार पैसा है, शोहरत है, पर यह समावेशी प्रतियोगिता नहीं है। इसे समावेशी खेल बनाने का प्रयास बहुत छोटे-छोटे शहरों में यहां तक कि गांवों में हो रहा है, जिससे मुख्यधारा से अलग-अलग प्रतिभाओं को सामने लाया जा सके।

इसी कड़ी में मध्यप्रदेश के एक छोटे से आदिवासी बाहुल्य जिला हरदा की एक संस्था सिनर्जी संस्थान पिछले तीन सालों से आदिवासी और अनुसूचित जाति की बालिकाओं की झिझक खत्म कर उन्हें मैदान में लाकर क्रिकेट का अभ्यास में जुटी है। इतना ही नहीं, संस्थान इनके बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर इन्हें प्रोत्साहित भी कर रहा हैं। संस्थान के सीईओ विमल जाट बताते हैं कि प्रारंभ में बालिकाओं के परिजनों को क्रिकेट खेलने के लिए राजी कराने में बहुत दिक्कत आई। उत्साहित लड़कियों और टीम के सदस्यों ने परिजनों को बहुत समझाया। इसके बाद ही क्रिकेट खेलने की अनुमति मिली। बाधाएं यहीं समाप्त नहीं हुईं, परिजनों के बाद समुदाय ने आपत्ति की। पुरुषों जैसे कपड़े पहनकर क्रिकेट खेलना उन्हें गंवारा नहीं था। मैदान में भी लड़के फब्तियां कसते थे। लेकिन लड़कियों ने धैर्य और साहस का परिचय दिया और संस्थान टूर्नामेंट आयोजित करने में सफल रहा। पहली बार तो पैसे की काफी दिक्कत आई, लेकिन धीरे-धीरे हालात बदलते गए और समुदाय के साथ-साथ सरकार और व्यापारी भी इस क्रिकेट टूर्नामेंट में सहयोग करने लगे। सिनर्जी की ओर से आयोजित यह क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण है, जो 5 जनवरी से आयोजित होने जा रहा है।



### नेतृत्व कौशल, जेंडर, संचार व नवाचार भी सीखेंगे खिलाड़ी

संस्थान के युवालय कार्यक्रम के प्रमुख और टूर्नामेंट के संयोजक रवि राजपूत बताते हैं कि इस बार क्रिकेट प्रतियोगिता पहले से थोड़ा अलग है। संस्थान ने लिंग आधारित भेदभाव को खत्म करने के लिए इस बार मिक्स जेंडर टूर्नामेंट यानी समावेशी कप शीर्षक दिया है। इसकी टैगलाइन है हक है समान, सभी का है मैदान। इस बार कुल 56 टीमें मैदान में उतरेंगी, जिसमें 728 खिलाड़ी होंगे, जो क्रिकेटर टीम भावना के साथ-साथ नेतृत्व कौशल, जेंडर, संचार व नवाचार भी सीखेंगे।

### प्रत्येक टीम में 7 लड़की व 6 लड़के खेलेंगे

श्रुति इसी संस्थान की उड़ान परियोजना की प्रमुख हैं और वह भी मिक्स जेंडर टूनामेंट नेतृत्व कर रही हैं। श्रुति कहती हैं कि प्रतियोगिता के इस संस्करण में युवाओं के लिए एक अवसर है। इस बार लड़के और लड़कियों को मिलाकर एक टीम तैयार की गई है । प्रत्येक टीम में 13 खिलाड़ी होंगे। जिसमें 8 लड़कियां और 5 लड़कों को शामिल किया गया है। टूर्नामेंट खेलने के लिए मैदान में 11 खिलाड़ी होंगे, जिनमें 7 लड़की और 4 लड़के खेलेंगे। प्रत्येक मैच 6 ओवर का रहेगा। टीम की कप्तानी लड़कियां और उपकप्तानी लड़के संभालेंगे। इसी तरह बैटिंग के ओपनिंग के क्रम में तीन नंबर तक लड़कियां ही रहेंगी। प्रथम दो खिलाड़ी के आउट होने की बाद एक छोर पर लड़का आ सकता है, लेकिन अगले छोर पर लड़की ही रहेगी। बॉलिंग में भी प्रथम दो ओवर लड़की द्वारा डाले जाएंगे। कुल मिलाकर 4 ओवर लड़की द्वारा फेंकना अनिवार्य है।

### समुदाय को प्रोत्साहित करने जुड़ रहे लोग

सिनर्जी के सीईओ विमल जाट बताते हैं कि हमारा जो उद्देश्य था , वह पूरा हो रहा है, मुझे बहुत खुशी है। आज हालत यह है कि शहर के व्यापारी,स्कूल, पंचायत व समुदाय यानी तीन विकासखंड व 6 तहसील इस टूर्नामेंट से जुड़ गए हैं। सभी के आर्थिक सहयोग के साथ-साथ नैतिक समर्थन भी खिलाड़ियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा 5 से 7 तक हरदा के तीनों विकास खंडों में लीग मैच होगा। 8 से 12 जनवरी तक विश्राम, इसके बाद 13 से 15 हरदा मुख्यालय के मैदान में क्वाटर, सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेला जाएगा। जहां दर्शक जाति, वर्ग और भाषा सब भुलकर सिर्फ क्रिकेट को जीते हैं और यही हमारी उपलब्धि होगी।

### एक लड़का और एक लड़की होंगे अंपायर की भूमिका में

वाइड बॉल, नो बॉल, लेग बाय, ओवर थ्रो के रन मान्य रहेंगे तथा मैच के दौरान ग्राउंड में एक लड़का व लड़की अंपायर की भूमिका में रहेंगी। मैदान के बाहर तीसरा अंपायर भी नियुक्त रहेगा। अंपायर का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। लड़कों को हाथ घुमाकर बॉलिंग करना अनिवार्य रहेगा हाथ न घुमाने की स्थिति में बॉलिंग गति धीमी करना होगा। उन्होंने कहा कि यह पूरा आयोजन हार-जीत से कहीं अधिक समता के अधिकार की पैरवी करता है। इसलिए सभी खिलाड़ी हार-जीत की भावना ऊपर उठकर मैदान में समता को जीएंगे। यह लड़कियों को समान अवसर देने का एक प्रयास है। श्रुति के अनुसार प्रथम दो ओवर पावर प्ले रहेगा , जिसमें दो ही खिलाड़ी 30 यार्ड के दायरे से बाहर रह सकते हैं।

---




## टेस्ट : भारत के अंतिम छह खिलाड़ी जीरो पर आउट, पहले दिन गिरे 23 विकेट

# सिराज के तूफान से अफ्रीकी टीम का सबसे छोटा स्कोर, भारत भी 153 पर सिमटा

एजेंसी ⏭ केपटाउन

मोहम्मद सिराज ने लगातार नौ ओवर के अपने पहले स्पैल में 15 रन देकर छह विकेट झटककर कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे भारत ने बुधवार को यहां दूसरे और आखिरी टेस्ट के शुरुआती दिन दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 55 रन पर समेट दिया। दिन के अंतिम सत्र में भारत ने 11 गेंद में अंतिम छह विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका का यह 1991 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम स्कोर है। फिर भारत ने चार विकेट पर 153 रन बनाकर 98 रन की बढ़त हासिल की। भारत के छह बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके और जो खिलाड़ी नाबाद रहा, उसका भी खाता नहीं खुला। लुंगी एनगिडी (तीन विकेट) और कागिसो रबाडा (तीन विकेट) ने अंत के छह में से पांच विकेट झटके। इससे उन्होंने बढ़त 100 से कम रहने दी और मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल की क्योंकि शुरुआती दिन इस पिच पर 23 विकेट गिरे। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में आक्रामकता के साथ अधिक सतर्कता भी दिखाई जिससे उसने स्टंप तक तीन विकेट गंवाकर 62 रन बना लिए और अभी वह 36 रन से पीछे है। ऐडन मार्कराम 32 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। टेस्ट में पहले दिन सबसे ज्यादा 25 विकेट गिरने का रिकॉर्ड 1902 में एशेज टेस्ट का है।

### कोहली ने बनाए 46 रन

रोहित शर्मा (39 रन) ने इन खतरनाक गेंदों से बचते हुए सात चौके जड़े। विराट कोहली (46 रन) और शुभमन गिल (36 रन) ने कुछ अच्छी बाउंड्री लगाई। लेकिन प्रतिभाशाली यशस्वी जायसवाल (शून्य) और श्रेयस अय्यर (शून्य) की तकनीकी खामियां फिर उजागर हुई और वे स्कोर में कोई योगदान नहीं कर सके।

### मनिंदर के क्लब में सिराज

सिराज से पहले देश के 92 वर्ष के टेस्ट इतिहास में लंच से पहले इस तरह का शानदार प्रदर्शन बाएं हाथ के स्पिनर मनिंदर सिंह के नाम है जिन्होंने 1986-87 में बेंगलुरु में पाकिस्तान के खिलाफ लंच से पहले पांच विकेट झटकने की उपलब्धि हासिल की थी।



### गेंद में तेज उछाल से गिरे विकेट

न्यूलैंड्स की पिच पर इतना तेज उछाल था जो निश्चित रूप से आईसीसी मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड की निशाने पर आएगा। लाल कूकाबुरा गेंद 'जंबो जेट' की तरह उड़ान भरती दिखी जिससे बल्लेबाजों के लिए क्रीज पर टिकना असंभव हो गया। दिन के अंत में उछाल इतना ज्यादा बदल रहा था कि बल्लेबाजों को कंधे से लेकर पेट तक गेंद लगी।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन का जायसवाल बो सिराज | 02 | 10 | 0 | 0 |
| डीन एल्गर बो मोहम्मद सिराज | 04 | 15 | 0 | 0 |
| डिजोर्जी का राहुल बो सिराज | 02 | 17 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का शर्मा बो बुमराह | 03 | 11 | 0 | 0 |
| बेडिंघम का जायसवाल बो सिराज | 12 | 17 | 2 | 0 |
| वेरेयने का गिल बो सिराज | 15 | 30 | 1 | 0 |
| यानसेन का राहुल बो सिराज | 00 | 03 | 0 | 0 |
| महाराज का बुमराह बो मुकेश | 03 | 13 | 0 | 0 |
| रबाडा का अय्यर बो मुकेश | 05 | 13 | 0 | 0 |
| बर्गर का जायसवाल बो बुमराह | 04 | 11 | 0 | 0 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 23.2 ओवर में 55/10
गेंदबाजी : बुमराह 8-1-25-2, सिराज 9-3-15-6, कृष्णा 4-1-10-0, मुकेश 2.2-2-0-2.

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रबाडा | 00 | 07 | 0 | 0 |
| रोहित शर्मा का यानसेन बो बर्गर | 39 | 50 | 7 | 0 |
| शुभमन का यानसेन बो बर्गर | 36 | 55 | 5 | 0 |
| कोहली का मार्कराम बो रबाडा | 46 | 59 | 6 | 1 |
| श्रेयस अय्यर का वेरेयने बो बर्गर | 00 | 02 | 0 | 0 |
| राहुल का वेरेयने बो एनगिडी | 08 | 33 | 1 | 0 |
| जडेजा का यानसेन बो एनगिडी | 00 | 02 | 0 | 0 |
| बुमराह का यानसेन बो एनगिडी | 00 | 02 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| कृष्णा का मार्कराम बो रबाडा | 00 | 03 | 0 | 0 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 24, कुल : 34.5 ओवर में 153/10
गेंदबाजी : रबाडा 11.5-2-38-3, एनगिडी 6-1-30-3, बर्गर 8-2-42-3, यानसेन 9-2-29-0.

**सिराज की तेजी, स्विंग और सीम का जवाब नहीं**

बुधवार को उमस भरी सुबह दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजों को सिराज की तेजी, स्विंग और सीम मूवमेंट का सामना करने में काफी परेशानी हुई जिससे पूरी टीम पहली पारी में महज 23.2 ओवर में पवेलियन पहुंच गई। केवल डेविड बेडिंघम (12 रन) और काइल वेरेयने (15 रन) ही दो बल्लेबाज रहे जो दोहरे अंक तक पहुंच सके जिससे स्टैंड में मौजूद दक्षिण अफ्रीकी दर्शक मायूस हो गए। सिराज ने नौ ओवर में तीन मेडन से 15 रन देकर छह विकेट झटके।

## टेस्ट रैंकिंग : कोहली की शीर्ष 10 में वापसी, अश्विन शीर्ष पर कायम

एजेंसी ⏭ दुबई



भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में अच्छे प्रदर्शन के बाद जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में चार पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गए। कोहली 2022 में शीर्ष 10 से बाहर हो गए थे लेकिन पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 38 और 76 रन की पारी खेलने से वह फिर इसमें वापसी करने में सफल रहे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार वह शीर्ष पर चल रहे केन विलियमसन से 103 रेटिंग अंक नीचे हैं जबकि जो रूट और स्टीव स्मिथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 14वें स्थान पर खिसक गए, उन्होंने सेंचुरियन में पांच रन बनाए थे और एक पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके थे। केएल राहुल भी 11 पायदान की उछाल से 51वें स्थान पर पहुंच गए।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत माहेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930